

सूर्योदय प्रातः 6:28 | सूर्यास्त संध्या 5:11 | पखवाड़ा पौष कृ. एकादशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 23° न्यूनतम 12°




# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 26 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 311, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,472.87 | -67.30 (-0.09%) |
| निफ्टी | 23,727.65 | -25.80 (-0.11%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| 24 carat सोना | 76,440.00 |
| चांदी | 990.00 |

## सबसे पहले नदी-जल का महत्व बाबा साहब ने समझा, कांग्रेस ने कभी उन्हें क्रेडिट नहीं दिया : मोदी

एजेंसी

**खजुराहो/भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए नदी जल का महत्त्व सबसे पहले बाबा साहब आम्बेडकर ने समझा। भारत में जो नदी घाटी परियोजनाएं बनीं, इसके पीछे उन्हीं का विजन था, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इसका श्रेय नहीं दिया। कांग्रेस की सरकारों ने उनके इस योगदान के लिए किसी को पता नहीं चलने दिया। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के बीच नदी जल को लेकर विवाद चल रहा है। जिस समय कांग्रेस की सरकार थी, वह इस विवाद को सुलझा सकती थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अटलजी की सरकार ने पानी से जुड़ीं समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किया, लेकिन उनकी सरकार जाते ही कांग्रेस ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।




प्रधानमंत्री ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का किया शिलान्यास

वाजपेयी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी किया जारी

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को मप्र के खजुराहो में पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास किया। इसके साथ उन्होंने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री ● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री आज वीर बाल दिवस कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा, सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान करेंगे लॉन्च

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में बच्चों को भारत के भविष्य की नींव के रूप में सम्मानित करने वाले राष्ट्रव्यापी समारोह वीर बाल दिवस में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री ₹सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान₹ का शुभारम्भ करेंगे। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत कर-के और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। युवा मस्तिष्कों को जोड़ने, इस दिन के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और राष्ट्र के प्रति साहस और समर्पण की ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### बस-कार की टक्कर में 05 की मौत, 15 घायल

**करौली :** जिले के करौली-गंगापुर मार्ग पर मंगलवार रात भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना सलेमपुर गांव के पास हुई, जहां तेज रफ्तार बस ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 15 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा उस समय हुआ जब कार गंगापुर से करौली की ओर जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बस ने कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान नयन कुमार देशमुख (63) पुत्र भाल चंद्र देशमुख निवासी इंदौर, प्रीति भट्ट, मनस्वी देशमुख, खुश देशमुख और अनीता देशमुख के रूप में हुई है। ये सभी मूल रूप से इंदौर मध्य प्रदेश के निवासी थे और वर्तमान में बड़ोदरा गुजरात में रह रहे थे।

### रोडवेज बस खाई में गिरी, तीन की मौत

**देहरादून :** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रही उत्तराखंड राज्य सड़क परिवहन निगम की बस भीमताल-रानीबाग मोटर मार्ग पर आमडाली के पास करीब 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 25 गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा अपराह्न करीब 3 बजे हुआ। बस में 28-29 यात्री सवार थे, जिनमें से अधिकांश नर्सिंग छात्राएं बताई जा रही हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र और नैनीताल जिले की पुलिस ने इस हादसे में तीन लोगों की मौत और 25 के घायल होने की पुष्टि की है।

### जेटी निर्माण के दौरान दुर्घटना, तीन की मौत

**द्वारका :** गुजरात की देवभूमि द्वारका जनपद के ओखा में बुधवार को जेटी निर्माण में लगी क्रेन टूटने से एक इंजीनियर समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक सुपरवाइजर और एक श्रमिक भी शामिल हैं। द्वारका जिला कलक्टर जीटी पंडया ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीन लोगों की मौत की घटना में जांच का आदेश दिए हैं। ओखा मरीन पुलिस तीनों शवों के पोस्टमार्टम के लिए द्वारका सरकारी हॉस्पिटल ले गई है। जिला कलक्टर ने बताया कि द्वारका के ओखा में कोस्टगार्ड की ओर से जेटी बनाने का काम करीब एक साल से किया जा रहा है। जेटी निर्माण कार्य के दौरान आज अचानक क्रेन टूट गया और तीन लोग पानी में गिर गए, जबकि एक व्यक्ति दब गया।

## अंदर के पन्नों पर


3 सखी मंडल की महिलाओं के उत्पाद बने आकर्षण...

5 अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हिन्दी...

7 लातेहार में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस...

9 बीपीएससी की 70वीं प्रारम्भिक परीक्षा...

10 आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में बुमराह ने...


### केन्द्रीय गृह मंत्री ने नयी दिल्ली स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय का किया दौरा


## नक्सलवाद से निपटने में सीआरपीएफ ने किया सराहनीय कार्य : अमित शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने नक्सलवाद से निपटने, पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर में शांति एवं स्थिरता बहाल करने में सराहनीय कार्य किया है।

गृह मंत्री ने बुधवार को नयी दिल्ली स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान गृह मंत्री ने बल के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सीआरपीएफ के परिचालन और प्रशासनिक प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा की। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव सहित गृह मंत्रालय के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने में सीआरपीएफ की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

अमित शाह ने भाषाई एकता को मजबूत करने के लिए बल के दैनिक कामकाज में हिन्दी को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। शाह ने जवानों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न (मोटे अनाज) के अधिक से अधिक उपयोग पर बल देने के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए जवानों से प्रकृति परीक्षण अभियान के अन्तर्गत आयुर्वेद के अधिकाधिक उपयोग का भी आह्वान किया।



बैठक के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने गृह मंत्री को सीआरपीएफ में अनुकम्पा आधारित नियुक्तियों सहित बल के शहीद जवानों के परिवारों के लिए चलायी जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

### अमित शाह ने 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नयी दिल्ली में 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन किया। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के मंत्र को चरितार्थ करने के लिए हर पंचायत तक सहकारिता पहुंचानी है और इसके लिए पैक्स की पहुंच हर गांव तक सुनिश्चित की जा रही है।

अमित शाह ने कहा कि हर पंचायत में किसी न किसी रूप में सहकारिता काम करे और हमारे देश के त्रिस्तरीय सहकारी ढांचे को अगर कोई सबसे ज्यादा ताकत दे सकता है, तो वह हमारी प्राथमिक सहकारी समितियां ही दे सकती हैं और इसलिए हमने पहला निर्णय लिया कि दो लाख पैक्स बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सभी पैक्स के कंप्यूटरीकरण का काम किया है। इसके आधार पर 32 प्रकार की नयी-नयी गतिविधियों को जोड़ा गया है। हमने पैक्स को बहुआयामी बनाया। उन्हें भंडारण, खाद वितरण, गैस वितरण, जल वितरण से जोड़ा। ये सामुदायिक सेवा केन्द्र भी बने और रेलवे और एयरलाइन की बुकिंग भी गांव से ही हो सकती है और कई सुविधाओं को हमने पैक्स से जोड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 100वीं जयंती पर याद करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वाजपेयी ने भारत को आणविक शक्ति देने के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## रक्षा सचिव ने 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट और मोबाइल ऐप का किया शुभारम्भ

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अब गणतंत्र दिवस, बीटिंग रिट्रीट समारोह और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों की जानकारी वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिये मिलेगी। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को 'सुशासन दिवस' पर इसके लिए 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट और इसके मोबाइल ऐप का शुभारम्भ किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर शुरू की गयी इस वेबसाइट से कार्यक्रमों के सीधा प्रसारण, टिकटों की खरीद, बैठने की व्यवस्था और रूट-मैप आदि से सम्बन्धित जानकारी मिलेगी।

इस अवसर पर रक्षा सचिव ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट और मोबाइल ऐप विकसित किया है, जिसमें झांकी के प्रस्तावों और कार्यक्रमों से सम्बन्धित जानकारी होगी। वेबसाइट में राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों, मंत्रालयों और विभागों को गणतंत्र दिवस परेड के लिए अपनी झांकियों को डिजाइन करने और अंतिम रूप देने के लिए झांकी प्रबंधन पोर्टल भी होगा। रक्षा मंत्रालय ने इस वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन को राज्यों से परामर्श करके बनाया है, क्योंकि राज्यों ने झांकी के डिजाइन डेटा के प्रबंधन के लिए एक पोर्टल का सुझाव दिया था। उन्होंने बताया कि इसी तरह ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ वेबसाइट से मिलेगी सीधा प्रसारण, टिकटों की खरीद बैठने की व्यवस्था और रूट-मैप की जानकारी

### हरियाणा में भूकम्प के झटके, सोनीपत रहा केन्द्र

**चंडीगढ़ :** हरियाणा में बुधवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकम्प का केन्द्र बिन्दु सोनीपत जिले के गांव कुंडल रहा है। यहां किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान का समाचार नहीं है। बुधवार की दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर भूकम्प आया। हरियाणा के रोहतक, सोनीपत और पानीपत में तेज झटके महसूस किये गये और लोग घरों से बाहर निकल आये। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.5 रही। इसका सेंटर सोनीपत के कुंडल गांव में पांच किलोमीटर गहराई में रहा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बुटी बस्ती से हथियार समेत युवक धराया



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** चन्दन कुमार सिन्हा (भापुसे), वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध कार्रवाई के सम्बन्ध में लगातार दिये जा रहे निदेशों के आलोक में पुलिस अधीक्षक, नगर, रांची के निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रांची के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठन किया गया। गठित छापामारी टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर बुटी बस्ती, वाक्सपोल फैक्ट्री, बुटी के पास से एक युवक को पकड़ा। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अभिषेक कुमार शर्मा, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता स्व. मनोज शर्मा, पता आनंद बिहार, गली नंबर 05, बुटी, थाना सदर, जिला- रांची बताया। पकड़ाये युवक की तलाशी के क्रम में पहन रखी पैंट की कमर में खोंसकर रखा एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## शुभेन्दु अधिकारी पर आतंकी हमले का खतरा

■ खुफिया एजेंसियों ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी

**कोलकता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी को लेकर केन्द्रीय खुफिया एजेंसियों ने एक बड़ा अलर्ट जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश स्थित दो कट्टरपंथी संगठनों, जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के सदस्य अधिकारी को निशाना बना सकते हैं। इन संगठनों के कुछ सदस्य पहले ही भारत की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं।

खुफिया एजेंसियों ने बताया कि शुभेन्दु अधिकारी को सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान निशाना बनाया जा सकता है। अधिकारी हाल ही में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और हिन्दू धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों के खिलाफ मुखर रहे हैं। इस खतरे को देखते हुए केनाद्र सरकार ने अधिकारी की सुरक्षा बढ़ा दी है। अब उन्हें पूरे भारत में ₹जेड₹ श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जायेगी। इससे पहले, उन्हें केवल पश्चिम बंगाल के बाहर 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा मिलती थी। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, हिज्ब-उत-तहरीर के दो सक्रिय सदस्य हाल ही में बांग्लादेशी पासपोर्ट के साथ छात्र बनकर भारत ● शेष पृष्ठ 11 पर



### एनडीए घटक दलों के नेताओं ने की बैठक

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आवास पर बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन के बीच तालमेल और विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। भाजपा अध्यक्ष ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर रहा है और आज उसने खुद को वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## असम पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, कोकराझार से दो संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी

**गुवाहाटी :** असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने ऑपरेशन प्रघात के तहत आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए कोकराझार से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एसडीजीपी हरमीत सिंह ने असम पुलिस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए इस बारे में जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि बीती रात कार्रवाई के दौरान हथियार और गोलाबारूद के साथ कोकराझार से दो जिहादियों को गिरफ्तार किया है। ये राज्य में हिंसा भड़काने की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। इन्होंने आईईडी हमले की योजना भी बनायी थी। एसडीजीपी ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत में पहली बार विकास दर 8.4% पर अटल जी के कार्यकाल में पहुंची : राजनाथ

एजेंसी

**नयी दिल्ली/लखनऊ :** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल जी के जीवन और कार्यों को याद किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने देश को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उन्होंने अटल जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी। सिंह ने सुशासन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक अच्छा शासन वही है, जहां हर व्यक्ति की आवश्यकताएं पूरी हों, वह खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसके पास अपनी बात कहने का अवसर हो। यही अटल जी का विजन था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

रक्षामंत्री ने अटल जी की ऐतिहासिक योजनाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने भारत को सड़क, टेलीकॉम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नयी दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अंत्योदय योजना जैसे अभियानों ने भारत के गांवों और गरीबों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने न केवल शहरों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि गांवों को भी पक्की और बेहतर सड़कों से जोड़ा। टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाकर उन्होंने मोबाइल को हर हाथ तक पहुंचाने का सपना साकार किया।



रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन के तहत हुई प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 1,500 से अधिक अनावश्यक कानूनों को समाप्त कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में भारत को 50वें स्थान तक पहुंचाया है। जल्द ही भारत शीर्ष 20 देशों में शामिल होगा। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना की सफलता पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि अब गरीबों को उनके हक का पैसा सीधे उनके खातों में मिलता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि 100 पैसा भेजने पर केवल 14 पैसा लाभार्थियों तक पहुंचता है, लेकिन मोदी सरकार ने इस भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अटल जी और मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा, यही सुशासन है।

**योगी की सराहना**

रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यूपी को भयमुक्त बनाया है। गरीबों को मकान देने में यूपी देश में पहले स्थान पर है। चार करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के मकान मिले हैं, जिनमें 70 प्रतिशत मकानों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है, 4 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आबॉटम हैं और आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

## एक झलक

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार होम गार्ड के जवान की मौत



**उरीमारी** : ओपी क्षेत्र के जरजरा मोड़ पर बीती रात सड़क दुघर्टना में बाइक सवार होम गार्ड के जवान की मौत हो गई। मृतक मूल रूप से उरका, इचाक, जिला हजारीबाग का रहनेवाला था और सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र के बिरसा परियोजना में पदस्थापित था। मिली जानकारी के अनुसार होमगार्ड 153/यू शंकर कुमार (42वर्ष) पिता छोटन महतो मंगलवार की रात अपनी हीरो बाइक (खल्र 02 इइ 8479) पर बड़कागांव की ओर से उरीमारी आ रहा था। इस क्रम में रात तकरीबन 10 :30 बजे जरजरा मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को चपेट में ले लिया। जिससे शंकर कुमार को गंभीर चोटें आई। मामले की सूचना पर उरीमारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आनन-फानन में शंकर को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले की सूचना पर मृतक के परिजन और कई सहकर्मी भी अस्पताल पहुंचे। वहीं भुरकुंडा पुलिस ने अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### भदानीनगर मंडल में अटल बिहारी वाजपेई की मनी जयन्ती



**भुरकुंडा** : भारतीय जनता पार्टी भदानी नगर मंडल अन्तर्गत देवरिया पंचायत बूथ संख्या 344 में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण कुशवाहा उपस्थित रहे। अवसर पर अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी मंडल महामंत्री राजेंद्र मुंडा मंडल कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह लक्ष्मी नारायण कुशवाहा सोसल मीडिया आनंद कुमार लालू बेदिया घनश्याम प्रजापति सिद्धार्थ गोशवामी दीपक देव मुन्ना कुमार आदित्य पासवान साबिर अंसारी अरुण यादव इत्यादि लोग शामिल थे।

### ऐपवा ने पोचरा में मनुस्मृति की प्रतियां जलायीं

**रामगढ़** : अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन ने बुधवार को पोचरा में मनुस्मृति की प्रतियां जलाई। कहा गया कि भाजपा के शासन में संविधान खतरे में है। भाजपा और आरएसएस लगातार संविधान को खत्म करने की बात करते रहे है और मनुस्मृति को संविधान पल थोपने की मंशा पाल रही है। मौके पर सचिव नीता बेदिया, उपाध्यक्ष कांति देवी, झूमा घोषाल, सुमंती देवी, पचमी देवी, ठंडामनी देवी, पुरनी देवी, काजल देवी, निशा देवी,आशा देवी, उपासनी देवी, मिलापो देवी अन्य महिलाओं ने पोचरा में बैठक कर चर्चा की।

### बेड़ो में तुलसी पूजन का आयोजन



**बेड़ो** : एकल अभियान बेड़ो संच के आचार्यों ने बुधवार को बच्चों संग मिलकर मनाया तुलसी पूजन दिवस। बच्चों ने तुलसी माता को जल अर्पित किया। साथ ही परिक्रमा करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक तुलसी पौधा लगाने का संकल्प लिया। एकल अभियान विद्यालय मुडामु में सुषमा देवी, कुदारखो में रूप रानी देवी,पांडेपारा में बुद्धमनी उरांव,पुरियो में मुन्नी उरांव व खत्री खटंगा में रीता देवी ने पूजन कराया। मौके पर दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे। यह जानकारी एकल अभियान संच अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता ने दी है।

# प्रभु यीशु मानव जाति के मसीहा व मुक्तिदाता हैं : बिशप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर मनाए जाने वाले क्रिसमस का त्योहार खूंटी और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर मसीही विश्वासियों में उल्लास का वातावरण व्याप्त है। इस अवसर पर शहर के आरसी चर्च, जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में बुधवार सुबह अलग-अलग समय पर आयोजित क्रिसमस की विशेष आराधना और अनुष्ठान के बाद विश्वासियों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी।



इस अवसर पर शहर के उक्त तीनों चर्चों के साथ ही ईसाई बहुल मुहल्लों को सजाया गया है। जगह-जगह सामूहिक नाच-गान का आयोजन कर विश्वासियों ने प्रभु के आगमन काल की खुशियां मनाई। इससे पूर्व आरसी चर्च में सुबह सात बजे आयोजित विशेष मिस्सा अनुष्ठान के दौरान अपने संदेश में बिशप विनय कंडुलना ने कहा कि प्रभु यीशु समस्त मानव जाति के मसीहा और गरीब एवं दबे कुचले लोगों के मुक्तिदाता हैं। वे पापों को क्षमा करने वाले और शांति के दूत हैं। उन्होंने लोगों से प्रभु यीशु के संदेश प्रेम और शांति को आत्मसात कर जरूरतमंदों की मदद व सेवा करने की अपील की। मौके पर फादर विजय मिंज, फादर विशु बेंजामिन आईंद सहित अन्य धर्म गुरु और मसीही समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दूसरी ओर मार्टिन बांग्ला स्थित सीएनआई चर्च में पादरी पतरस पूर्ति की अगुवाई में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान प्रभु भोज विधि, बाइबल पाठ, यीशु जन्म के गीत, प्रार्थना सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान देश में एकता और शांति के लिए प्रार्थना की गई। जीईएल चर्च में आयोजित आराधना कार्यक्रम में पादरी ओबेद सोरेंग, पादरी जीरेन संगा और पादरी नमन लुगुन के नेतृत्व में समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

## लापुंग में क्रिसमस पर गिरजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना सभा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग** : लापुंग प्रखंड क्षेत्र के डुरु, महुंगाव, कुरकुरिया, समेत प्रखंड क्षेत्र के अन्य गीरजा घरों में क्रिसमस पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रात्रि में प्रभु यीशु के आगमन के खुशी में एक दूसरे को लोगों ने क्रिसमस की बधाई दी। वहीं, उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच फादर ने विशेष प्रार्थना सभा करायी। वहीं डुरू पेरिस में दिन में हुई विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. इस मौके फादर रेव्ह संजय तिग्गा ने लोगों को प्रभु योशू मसीह का संदेश सुनाया। इस दौरान रॉयल खलखो, आशीष खलखो, अंकिता मिंज, ऋतिक खलखो समेत अन्य ने गिरजाघर घरों को आकर्षक रूप से सजाने में सहयोग किया।

## गोकुल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड क्षेत्र के गोला स्थित गोकुल पब्लिक स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में क्लास एलकेजी से स्टैंडर्ड 5 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने वर्तमान डीवीसी चौक गोला,भविष्य डीवीसी चौक गोला, दामोदर बचाओ अभियान, विषयों में मॉडल प्रस्तुत कर अपने आस पास हो रहे समस्याओं को दशार्या और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई और अतिथियों के सम्मान रूप में हमारे स्कूल के बोर्ड के सदस्य राहुल कुमार विभागाध्यक्ष, वाणिज्य अध्ययन, जेसीईआरटी राँची निरीक्षण के लिए पहुँचे। उन्होंने कहा कि बच्चों ने मॉडल्स के जरिए जो भी समस्याओं को दशार्या है उन सभी पर विकास के लिए कार्य किया जाएगा। सभी अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया और बच्चो का मनोबल बढ़ाया। हमारे स्कूल के डायरेक्टर प्रवेश कुमार और प्रिंसिपल ताप्ती कुमारी ने कहा कि प्रदर्शनी कराने का मुख्य उद्देश्य था कि ऐसे आयोजन से बच्चों में मानसिक, चारित्रिक, बौद्धिक होने के साथ - साथ शारीरिक विकास भी होते हैं। यह आयोजन बहुत ही सराहनीय रहा। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक -शिक्षिकाएँ और सहायककर्मी मौजूद थे।

## मुखिया ने बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण



**लापुंग** : लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत के ताबेर खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य गणेश उरांव, समाजसेवी दशरथ तिर्की, अरविंद तिवारी, मोहन लोहरा सेविका जमुना लकड़ा, सहायिका पुर्णिमा देवी और बच्चे के अभिभावक उपस्थित थे। इस बाबत मुखिया दुर्गा उरांव ने कहा कि कहा की नौनिहालों के भविष्य पर ही देश का भविष्य टिका हुआ है। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे स्वेटर पाकर खुश नजर आए।

## निर्मल महतो जैसे महान नेता का योगदान झारखंड के इतिहास में अमिट है : ममता देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ प्रखंड के बुढाखुखरा चौक में आज महान क्रांतिकारी और झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता निर्मल महतो की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में विधायक ममता देवी ने कहा, निर्मल महतो जैसे महान नेता का योगदान झारखंड के इतिहास में अमिट है। उन्होंने झारखंड के निर्माण के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उनके विचार और आदर्श हमें सामाजिक न्याय और समानता के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर झारखंड को समृद्धि और विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। इस अवसर पर कई स्थानीय नेता, बुद्धिजीवी और क्षेत्र के नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने निर्मल महतो के आदर्शों को स्मरण किया और उनके संघर्ष को सलाम किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने झारखंड आंदोलन में उनकी भूमिका को याद करते हुए कहा कि उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के अंत में



सभी उपस्थित लोगों ने निर्मल महतो के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। मौके पर उप प्रखुख पुनीता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि रामसेवक बेदिया, बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली, दुलमी बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, सदस्य भरत महतो, हीरा लाल महतो, भोला महतो, बीरेंद्र महतो, कमलेश कुमार, गौरीशंकर महतो, तसलिम अंसारी, करमू कुमार, गोपाल ओहदार, विजय महतो, देवती देवी, सबिता देवी, प्रमिला देवी, सीता देवी, अजय करमाली, हराधन मुंडा, नंदकिशोर महतो, सिकंदर कुमार, नसंत करमाली, अभय कुमार, सुखदेव महतो, सुबोध कुमार आदि मौजूद थे।

## अनगड़ा में अटल बिहारी वाजपेयी की मनी जयन्ती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : अनगड़ा में भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की 100 वीं जयंती मनाई। गोंदलीपोखर में भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर देश के लिए उनके योगदान को याद किया। जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने कहा कि अटल जी के सपनों का भारत बना कर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, रामनाथ महतो, धनीराम महतो, जगेश्वर महतो, अजय कुमार महतो, अजय कुमार सिंह गुप्ता, संतोष महतो, दुर्गा महतो, सुरेश महतो, रामसाय मुन्डा साहेब राम महतो, विष्णु महतो, हिमांशु शेखर चौधरी, विशेश्वर चौधरी, नरेश साहू, सोनाराम महतो रामेश्वर महतो उपस्थित थे।

## बीजेपी रामगढ़ कैंट मंडल ने अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : बुधवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। सुशासन दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने की तथा संचालन जिला मंत्री अजीत कुमार गुप्ता द्वारा और धन्यवाद ज्ञापन नगर मंत्री अभिषेक चौधरी ने की। मुख्य प्रवक्ता जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने 100वीं जयंती पर अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता , राजनेता, पत्रकार, साहित्यकार एवं कवि के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के जनक के रूप में हमेशा वे लोगों के स्मरण में जीवित रहेगें। उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से सुशासन की जो रोशनी दी आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके कार्यों को विराट स्वरूप दिया जा रहा है। आज भारत विश्व के पांचवीं आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है। पोखरण परमाणु शक्ति परीक्षण ने अटल बिहारी वाजपेयी के ताकत और देश हित के उनके अटल इरादे को दुनिया भर भारत के परमाणु शक्ति सम्पन्न देश के रूप जाना। वे राजनीति के आजातशत्रु थे। नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा रामगढ़ कैंट के सभी बूथों पर पूर्व प्रधानमंत्री की 100 वीं जयंती पर कार्यक्रम हो रहे हैं।

## जेएलकेएम के सुप्रीमो जयराम महतो की पहल पर प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा महाराष्ट्र से मांडू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : रामगढ़ जिला के मांडू प्रखंड अंतर्गत किमो पंचायत के बंदा निवासी प्रवासी मनोहर महतो, पिता मनोज महतो की मृत्यु बीते एक सप्ताह पूर्व महाराष्ट्र मे हुई थी। बताते चले की मनोहर महतो महाराष्ट्र के लातूर जिले मे यश कंस्ट्रक्शन कंपनी मे ड्राइवर के पद पर रात्रि ड्यूटी पर कार्यरत था ' परंतु जब वो पीछे हुक लगा रहा था तब पीछे से आकर एक हाईवा मार दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद कंपनी द्वारा लाश को घर ले जाने के लिए परिजनों को कहा और मुवावजा देने से साफ मना कर दिया। जब परिजनों ने असमर्थता व्यक्त की तो लाश को लावरिश लाश कह कर फेक देने का बात करने लगा। तब ये बात जेएलकेएम सुप्रीमो व डुमरी विधायक जयराम महतो को बताया गया तो उन्होंने तुरंत कंपनी से बात करते हुए 2.5 लाख मुवावजा/ क्रियाकर्म के लिए व 15 लाख बीमा वाला देने पर सहमत हुआ।

## बेड़ो के पिकनिक स्पॉट नववर्ष में सैलानियों के स्वागत के लिए हैं तैयार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के पिकनिक स्पॉट नववर्ष में सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार है। प्रखंड के प्रकृति की खूबसूरत वादियां पहाड़ ० जंगलों से भरी मन लुभाती मनोरम दृश्य डैम नये वर्ष मनाने वालों के लिए पूरी तरह तैयार है। नव वर्ष के आगमन में अब महज छह दिन शेष है।नववर्ष के मौके पर पिकनिक मनाने को लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों में काफी उत्साह का माहौल होता है। प्रखंड क्षेत्र में पिकनिक मनाने के लिए कई पिकनिक स्पॉट है।जिनमें बेड़ो प्रखंड मुख्यालय से सबसे कम दूरी पर करांजी डैम है। जामटोली गांव का पद्मश्री सिमोन बाबा का बांध व पारस डैम प्रमुख है। जो प्रकृति के मनमोहक दृश्य से भरा है।यहां तक आने के लिए लोग निजी वाहन से आ सकते है। रांची से लगभग 50 किलोमीटर दूर है। जहां नये वर्ष के स्वागत में लोग जुट गये हैं। पर्यटन स्थलों में जाकर नये वर्ष का स्वागत लोग पिकनिक मना कर करना चाहते हैं। यहां के पिकनिक स्पॉट एक ओर घनी जंगलों एवं उसकी गोद में स्थापित डैम प्रकृति की सुंदरता में चार चांद लगाती है। इस स्थल की सुंदरता देखते ही बनती है। जहां लोग वनभोज का भी आनंद उठाते हैं। यहां की प्राकृतिक छटा देख कर लोग हर्षित होते हैं। लोग नये वर्ष पर यहां परिवार के साथ पहुंचते हैं और वक्त गुजारते है और पिकनिक मनाते हैं।

### बेड़ो में भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी की मनायी जयन्ती

## भाजपा के सदस्यता अभियान को जन-जन का अभियान बनाना है : गंगोत्री कुजुर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड मुख्यालय के पुराने कार्यालय के समीप बुधवार को मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह की अगुवाई में मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का 100वीं जयंती मनाई। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके जन्म से जुड़ी अनेक घटनाओं को याद किया तथा उनकी कविताओं का गुणगान किया। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शो के अनुरूप चलने और उनके जीवन से जुडी प्रेरणादायक बातों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व सदस्यता




अभियान के तहत सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान में महिलाओं और पुरुषों सहित कई छात्र-छात्राओं ने भी भाजपा सदस्यता ली।मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनना केवल राजनीतिक जुड़ाव नहीं हैं, बल्कि यह एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा प्रत्येक नागरिक अपने परिवार, समाज और देश को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने में सक्रिय योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य भाजपा के सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर ले जाकर जन-जन का अभियान बनाना है। भाजपा की सदस्यता लेना न केवल व्यक्तिगत, बल्कि राष्ट्रीय उत्थान की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर प्रदेश के नेता रंजन अधिकारी, रामनारायण भगत, भीखा उरांव, भोगेन सोरेन, धनंजय कुमार राय, वाणी कुमार राय, आनंद साहु, अरूण गुप्ता, गणेश महथा, अनिल उरांव, आदित्य ताम्रकार, सुमंती देवी, ईलम देवी, मनोज सिंह, फागु मुण्डा, ईशु उरांव, प्रवीण गुप्ता, प्रदीप राम, विक्रम, अवधेश, कुमारेश सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सोसो कलां गांव की कई सड़कें कीचड़ में तब्दील

- नाली के अभाव में सड़कों में बहता है घरों का गंदा पानी
- कीचड़ में तब्दील सड़क पर लोगों का चलना हो जाता है मुश्किल
- जल जमाव के कारण मच्छड़ों का प्रकोप जारी
- सफाई के मामले में गांव की होती है बदनामी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित प्रखंड मुख्यालय से महज 5 किलो मीटर की दूरी पर स्थित सोसोकलाँ पंचायत का राजस्व



ग्राम सोसोकलाँ जो अपने परिचय का मोहताज नहीं है लेकिन गाँव की सड़कों में नालियों के अभाव के कारण घरों से निकलने वाले गंदे पानी की वजह से जगह जगह कीचड़ में तब्दील हो जाता है। राह चलते समय अपने कपड़ों को पानी के छींटा से बचाने के लिए लोगों को बड़े सँभल सँभल कर चलना पड़ता है। सड़कों में जल जमाव के कारण मच्छड़ों का प्रकोप भी बढ़ गया है। सड़क में पानी है की पानी में सड़क यह नजारा है यहाँ की गलियों की सड़कों का। किसी किसी जगह पर काई पड़ गई है जिसके कारण कई लोग अब तक फिसल कर गिर चुके हैं और उन्हें चोटिल भी होना पड़ा है। इस तरह सड़कों की हालत गंदे होने के कारण गाँव की सुंदरता व साफ सफाई आईने की जैसा दिखाई देता है। इधर लोग जब घर से बाहर निकलते हैं और फिर घर वापस आते हैं तो अपने पैर में पहने हुए जूते और चप्पल से धूल और कीचड़ लेकर घुसते हैं जिससे घर में गंदगी पसर जाती है। कुम्हार घर से होते हुए तालाब तक, केवट टोला से लेकर गैंगटा चौक तक तथा टुंगरी टोला स्व. हाजी नूरुद्दीन के घर से लेकर मंडई टोला तक नाली बनना अति आवश्यक है। इस संबंध में गांव के समाज सेवी जमाल मुजतबा व मोहम्मद हसन इमाम का कहना है कि सड़क के दोनों किनारे अगर ढक्कन लगी हुई नालियों का निर्माण होता तो इस तरह की गंदगी से बचा जा सकता है और सड़कें भी साफ सुथरा दिखाई देने लगेगा। आगे उन्होंने कहा की पुर्व में भी इस संबंध में विधायक ममता देवी को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया था शीघ्र ही फिर से विधायक ममता देवी से मिलकर इस मामले की जानकारी देते हुए कार्य कराने की बात की जायेगी।

## शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक के पद पर नियुक्त हुए राणा विकास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : शालिनी अस्पताल में श्री राणा विकास ने वरीय प्रबंधक के पद पर योगदान दिया। अनगड़ा और ओरमांझी में स्थित शालिनी अस्पताल के दोनों इकाइयों में इनका योगदान रहेगा। इन क्षेत्रों में उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी योगदान दिया है और अब फिर से शालिनी अस्पताल का नेतृत्व संभालने पर क्षेत्र के लोगों ने शुभकामनाएं दी। अस्पताल के सभी कर्मचारी और चिकित्सकों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अस्पताल में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में शालिनी अस्पताल द्वारा किए जा रहे कार्यों को और गति देना है। उन्होंने बताया कि अस्पताल मैं नेत्र चिकित्सा के साथ ही महिला रोग जनरल सर्जरी जनरल मेडिसिन सहित दंत चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है। शालिनी अस्पताल उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नवीन उपकरणों एवं नई तकनीक अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं में शामिल किया है। अस्पताल के सहायक प्रबंधक शिशिर कुमार भगत ने कहा कि श्री राणा विकास जी के अनुभव और नेतृत्व से अस्पताल की सेवाओं में निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

## एक झलक

### राज्यपाल ने राज्यवासियों को दी क्रिसमस की बधाई

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्यवासियों को प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के प्रतीक क्रिसमस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

### अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक



**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बेलगाम (कर्नाटक)के लिए रवाना हुए रवाना होने के पहले प्रेस को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव का पल है कि 1924 में राष्टपिता महात्मा गांधी जी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन हुए और आज हम सभी उनके शताब्दी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे हैं जो एक ऐतिहासिक क्षण होगा गांधी जी ने जो सत्य अहिंसा का संदेश दिया है और आज देश में जिसप्रकार लोकतंत्र की हत्या की जा रही है जिस तरह नफरत फैलाया जा रहा है उससे हमे लड़ना हे और हमरी ताकत गांधी का संदेश है। प्रदीप यादव ने कहा की देश तभी ताकत हासिल कर सकता हे ऑर खुद विकसित कर सकता हे जब भारत के सभी समुदाय के लोग आपसी सद्भावना में रहे।

### जैसे देवताओं में भगवान विष्णु श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार सम्पूर्ण व्रतों में एकादशी तिथि श्रेष्ठ है



**रांची :** 26 दिसंबर गुरुवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ पौष मास कृष्णपक्ष की सफला एकादशी का व्रत मनाया जायेगा। इस दिन प्रातः से भगवान श्रीवेंकटेश्वर के विश्वरूप दर्शन और नित्याराधन के बाद उद्यास्तमन सेवा के अंतर्गत महाभिषेक कराये जायेंगे। फिर श्रृंगार, नैवेद्य का भोग ,महाआरती और महास्तुति इत्यादि पूजाक्रम के पश्चात आम श्रद्धालुओं के दर्शन -पूजा के लिये प्रातः ७ इ्00 बजे से मंदिर (मुख्य द्वार) गोपुरम् के फाटक खोल दिये जायेंगे। श्रीभगवान कहते हैं कि बड़ी-बड़ी दक्षिणा वाले यज्ञों से भी मुझे उतना संतोष नहीं होता, जितना एकादशी व्रत के अनुष्ठान से होता है। इसीलिए सर्वथा प्रयत्न करके एकादशी का व्रत करना चाहिये।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक दल के नेता कर्नाटक रवाना

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बेलगाम (कर्नाटक) के लिए रवाना हुए। रवाना होने के पहले पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव का पल है कि 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर आसीन हुए। आज हम सभी उनके शताब्दी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे हैं, जो एक ऐतिहासिक क्षण होगा। गांधी ने जो सत्य-अहिंसा का संदेश दिया है, उसे कांग्रेस नेताओं को आत्मसात करना है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि देश तभी ताकत हासिल कर सकता है और खुद विकसित कर सकता है जब सभी समुदायों के लोग आपसी सद्भावना के साथ रहें।

# सखी मंडल की महिलाओं के उत्पाद बने आकर्षण का केन्द्र

- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत दी जा रही आभा ऐप की जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस मेले में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। आज मौसम सुहावना होने के कारण काफी संख्या में लोग मेले में खरीदारी करने पहुंचे। खादी मेले से आनेवालों लोगों को सरकारी विभागों के स्टॉल पर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी रही है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा ऐप की जानकारी दी जा रही है। इस ऐप के द्वारा हम अपने सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से जोड़ सकते हैं और एक्सेस भी कर सकते हैं। वहीं, जिला यक्ष्मा समिति की तरफ से भी स्टॉल लगाया गया है जिसमें टीवी सहित और अन्य बीमारियों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 में सखी मंडल की महिलाओं के उत्पाद आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। खादी मेला में ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और आर्थिक सशक्तीकरण का अवसर मिल रहा है। रामगढ़ की सोनी कुमारी ने अपनी गेहूं की डंडी से बनी कलाकृतियों से सबको प्रभावित किया। वहीं, देवघर की गुड्डी देवी के पेड़े लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। मेले में सखी मंडल की दीदियों ने न केवल अपने उत्पादों के जरिए अपनी मेहनत और कला को प्रदर्शित किया है, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। खरछढर द्वारा दी गयी सहायता और इस मंच ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। सखी मंडल की सफलता और महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बन चुका है। राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 20 दिसम्बर 2024 से 06 जनवरी 2025 तक चलेगा।

## राज्य में 28-29 को बारिश की संभावना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में 26 और 27 दिसंबर को कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। इसके बाद 28 और 29 दिसंबर को बारिश की संभावना है। राज्य के गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला और सिमडेगा में 28 दिसंबर को जबकि 29 दिसंबर को गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में बारिश की संभावना जताई गई है। राजधानी रांची सहित राज्य में बुधवार को सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाए रहे। हवा भी लगातार चल रही है। ठंड का कहर जारी है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेंटीग्रेड देवघर में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.9 डिग्री सेंटीग्रेड सरायकेला में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा जबकि कहीं-कहीं पर कोहरा भी दर्ज किया गया।

# 32 प्रशिक्षणार्थियों को किया गया प्रमाण पत्र वितरण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार नर्सरी प्रबंधन एवं खेती सह बागवानी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए दिनांक 16-12-2024 से 25-12-2024 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें बुधवार को रइक फरएळक, बाढ़ू चौक, प्रखण्ड- कांके, रांची में दस दिवसीय सब्जी नर्सरी प्रबंधन एव खेती सह बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन संस्थान में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, निशिकांत नीरज, (डी.पी.एम. JSLPS, रांची) के द्वारा 32 प्रशिक्षणाथीर्यों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य नर्सरी प्रबंधन एवं खेती सह बागवानी व्यवसाय को बढ़ाने के लिए था। जो दिनांक 16-12-2024 से 25-12-2024 तक किया गया था। समापन कार्यक्रम में, श्री निशिकांत नीरज ने कहा की प्रशिक्षण लेने से ही व्यक्ति उद्यमशील बन सकता है और अपने जीवन यापन के स्तर को बढ़ा सकता हैं। प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक, श्री रणजीत कुमार झा ने कहा की यहाँ किसी भी तरह के प्रशिक्षण में 18 वर्ष से 45 वर्ष तक के कोई भी व्यक्ति भाग ले सकते है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवधी में यहाँ रहने और खाना निःशुल्क है।

## रांची में हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**रांची :** सदर थाना पुलिस ने हथियार के एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम अभिषेक कुमार शर्मा है। वह बूटी मोड़ के आंनद बिहार गली नंबर पांच का रहने वाला है। इसके पास से देशी पिस्टल और एक कारतूस बरामद किया गया है। डीएसपी संजीव बेसरा ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर बूटी बस्ती के वाक्सपोल फैक्टरी के पास से एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपित ने कहा कि वह इस हथियार और कारतूस को बिहार के औरंगाबाद से लाया है। इससे छिनैती की घटना को अंजाम देने की फिराक में था। इसके खिलाफ पूर्व में दो मामले दर्ज हैं।

# आशुतोष और इंदु की भोजपुरी एलबम 'दीवानी' यूट्यूब पर रिलीज




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के उभरते लोक गायक आशुतोष द्विवेदी और भोजपुरी की सुप्रसिद्ध गायिका इंदु सोनाली का एक सुमधुर भोजपुरी लोक गीत ्रदीवानीर् एलबम यूट्यूब पर बुधवार को रिलीज की गई। भोजपुरी में इस एलबम को यूपी, बिहार और झारखंड के दर्शक पसंद कर रहे हैं। इसमें आशुतोष द्विवेदी और इंदु सोनाली ने भोजपुरी गीतों की प्राचीन और साफ-सुथरी संस्कृति को अपने स्वर से परिभाषित किया है। इस एलबम की पूरी शूटिंग झारखंड की राजधानी रांची में हुई है। इस भोजपुरी गीत एलबम में अभिनेता आशुतोष द्विवेदी और अभिनेत्री शालिनी सिंह यादव, प्रोड्यूसर संगीता रानी, लिरिक्स संतोष साहिल, म्यूजिक हर्ष उपाध्याय, मिस मास्टर हम रिकॉर्ड्स, वीडियो डायरेक्ट मनोज वरुण, कैमरामैन रवि कुमार साहू, एडिटर जैजर सिंह, डीआई रोहित सिंह, मैकअप नैना सिंह और पब्लिसिटी डिजाइनर अंकित एफ एक्स हैं।

## 'नासरो मंसूर गुर गोबिंद सिंह एजदी मंजूर गुर गोबिंद सिंह'



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरूनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज दूसरे दिन 25 दिसंबर बुधवार को प्रभातफेरी निकली गई. प्रभात फेरी सुबह 5.45 बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकलकर सोनू मिढा,चंदन अरोड़ा ,अर्जुन देव मिढा की गली होते हुए गुरूद्वारा श्री गुरू तेग बहादुर साहेब पहुंची और वहां से फेरी हरगोबिन्द गिरधर,जीवन दास मिढा की गलियों से होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट पहुंचकर मनीष मिढ़ा द्वारा की गई अरदास के साथ संपन्न हुई।

सत्संग सभा की कीर्तन मंडली की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, बबीता पपनेजा,जसपाल मुजांल ने विसरु नाही दातार अपणा नाम देहु, गुण गावा दिनु रात नानक चाउ एहु..... एवं डिठा सब संसार सुख ना नाम बिन...... तथा नासरो मंसूर गुर गोबिंद सिंह एजदी मंजूर गुर गोबिंद सिंह...... जैसे अनेक शबद गायन कर गलियों के माहौल को गुरुवाणी मय कर दिया।

## भूखे को अन्न, प्यासे को पानी श्री अन्नपूर्णा सेवा के माध्यम से श्री माहेश्वरी सभा ने 12वें वर्ष में किया प्रवेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 11 वर्ष पूर्व प्रारंभ किये गये श्री माहेश्वरी सभा, रांची के सानिध्य में श्री अन्नपूर्णा सेवा के माध्यम से भोजन सेवा का यह कार्य 12वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है जिसकी 12वीं वर्षगांठ आज समाज के सम्मानित लोगो की उपस्तिथि में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के सभागार में दिन के 12:30 बजे मनाया गया। वर्षगांठ की शुरूआत श्री गणेश पूजन, गणेश वंदना व दीप प्रज्वलित के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा ने किया वहीं श्री माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन कुमार साबू ने वर्षगांठ पर पधारे व्यापारिक ,सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारीयो, विशिष्ट सदस्यों सहित समाज के सभी लोगों का अभिनंदन स्वागत किया। संयोजक मुकेश काबरा ने कहा कि 11 वर्ष पूर्व धरातल पर इस अन्नपूर्णा सेवा को 25 दिसंबर के दिन श्री माहेश्वरी सभा के सानिध्य में प्रारंभ किया गया था। जो आज तक निवर्त पूर्ण गति से समाज के सहयोग से चल रहा है। सभा का मूल उद्देश्य है कोई भी भूखा नहीं रहे। 10 रुपये में 6 रोटी, सब्जी, अचार, मिर्चा का वितरण अन्नपूर्णा सेवा के माध्यम से किया जाता है। लेकिन इसके बावजूद भी अगर किन्हीं के पास पैसे नहीं होते हैं उन्हें भी नि शुल्क भोजन कराया जाता है।

## शहीद स्मारक समिति गणतंत्र दिवस पर करेगी विशेष आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शहीद स्मारक समिति, रांची की पूर्व निर्धारित बैठक बुधवार को शहीद स्मारक परिसर, शहीद चौक, रांची में पूर्वाहन 11.30बजे संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वम्मति से निर्णय लिया गया कि :

आगामी 8जनवरी 2025को शहीद स्थल सह स्मारक पर पूर्व की भांति शहीद टिकैत उमराव सिंह एवं शहीद शेख भिखारी की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पूर्वहन 11.30बजे किया जायेगा। आगामी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन करने पर विचार किया गया। इस वर्ष भारतीय संविधान के लागू होने का 75वॉ गणतंत्र और अलग झारखण्ड का 25वॉ गणतंत्र दिवस है। 17 जनवरी 2025को पूर्व की भांति शहीद पाण्डेय गणपत राय को उनकी जयंती पर पूर्वाहन 11बजे श्रद्धांजलि दी जाएगी। उक्त कार्यक्रमों पर होने वाले खर्च का भी ब्यौरा लिया गया तथा सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे अपनी सदस्यता शुल्क शीघ्र सम्बंधित खाता में जमा करने का कष्ट करें।

# आचार्यकुलम रांची में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** आचार्यकुलम रांची में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन 24 एवं 25 दिसंबर को अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य स्वामी जी ,विद्यालय की प्राचार्या,एवं साध्वीजी ने दीप प्रज्वलित कर किया। खेल दिवस का आरंभ मन्त्रोच्चारण तथा भव्य मार्चपास्ट एवं विद्यालय के संगीत समूह के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत से तथा लोकनृत्य के रंगारंग कार्यक्रम द्वारा हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के चारों सदन अपस, तेजस, वायु तथा पृथ्वी के प्रत्युष से लेकर कक्षा 10 वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में वुशु, ताईक्वांडो,100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, बोरा दौड़, सुई धागा दौड़, वॉलीबाल ,कबड्डी, रिले रेस, योग आदि में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा व खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खेल, जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास करते हैं। पूज्य स्वामीजी एवं प्राचार्या महोदया ने अपने आशीर्वचन देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर शांति पाठ के द्वारा किया गया।

## भगवान बिरसा जैविक उद्यान में मिलता है वन्यजीवों को एक सुरक्षित व अनुकूल वातावरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** सभी दर्शकों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान बिरसा जैविक उद्यान की ओर से नये वर्ष 2025 की अग्रिम शुभकामनाएं दी जा रही हैं। यह उद्यान झारखंड का सबसे बड़ा जैविक उद्यान है और वन्यजीव संरक्षण, अनसंधान, और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। यहां 91 प्रजातियां संरक्षित हैं, जिनमें 41 पक्षी, 31 स्तनधारी और 19 सरीसृप शामिल हैं। यह उद्यान न केवल वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करता है बल्कि पर्यटकों को जैव विविधता के करीब लाने और प्रकृति की अनमोल धरोहर को समझने का अवसर भी प्रदान करता है। भगवान बिरसा जैविक उद्यान में वन्यजीवों की देखभाल के लिए विविध प्रयास किये जाते हैं, जिससे यहां वन्यजीवों को एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिलता है। इसी के परिणामस्वरूप इस वर्ष कई वन्यजीवों के बच्चों का जन्म हुआ है, जिनमें दरियाई घोड़ा, लकड़बग्घा, सांभर, चीतल, कोटरा, कृष्णमृग, सफेद कृष्णमृग, नीलगाय, लंगूर और बंदर शामिल हैं। पक्षियों की श्रेणी में मोर, सिल्वर फीजेंट, गोल्डन फीजेंट, बजरीगर, तोता और शुतुरमुर्ग के बच्चों ने उद्यान की शोभा बढ़ाई है। इसके अतिरिक्त, सरीसृपों में घड़ियाल और कछुआ जैसे नए बच्चों ने उद्यान को और समृद्ध किया है। इस वर्ष उद्यान में जैव विविधता को और बढ़ाने के लिए नदनकानन जैविक उद्यान, भुवनेश्वर से सफेद बाघोन, लोमडी, खटास, नाइट हेरोन, आईबिस, ये पेलिकन और माउस डीयर को लाया गया है। यह पहल वन्यजीवों की विविधता को बनाए रखने के साथ-साथ प्रजनन और संरक्षण के उद्देश्यों को बढ़ावा देती है। उद्यान में इन नए सदस्यों का आगमन दर्शकों के लिए जानकारी और उत्साह का एक नया आयाम प्रस्तुत करता है। सफेद बाघ, काला तेंदुआ, सफेद मोर, सफेद हिरण और नन्हे मुन्ने वन्यजीवों के बच्चे दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र हैं। इनके साथ बिताया गया समय न केवल प्रकृति के प्रति जागरुकता बढ़ाता है बल्कि एक अनूठा अनुभव भी प्रदान करता है, जो पर्यटकों की स्मृतियों में लंबे समय तक बना रहता है। भगवान बिरसा जैविक उद्यान हर सोमवार को बंद रहता है। हालांकि, नये वर्ष के विशेष अवसर पर सोमवार के 30 दिसंबर 2024 और 6 जनवरी 2025 को उद्यान खुला रहेगा। 31 दिसंबर 2024, 1 जनवरी और 2 जनवरी 2025 को उद्यान में टिकट दर वयस्कों के लिए रु 70 और 3 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए रू 30 निर्धारित की गई है। इन तिथियों पर ग्रुप टिकट सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। दर्शकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए उद्यान में विजिटर्स शेड, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय और मातृशिशु गृह जैसी सुविधाएं प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है, जिससे वे भी उद्यान का आनंद बिना किसी असुविधा के उठा सकें। यह कदम तभी वर्गों के लोगों को प्रकृति के करीब लाने और समावेशी पर्यटन को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भगवान बिरसा जैविक उद्यान प्रबंधन दर्शकों से अपील करता है कि वे नये वर्ष को प्रकृति के साथ मनाएं और वन्यजीव संरक्षण में अपना योगदान दें। सुरक्षित यात्रा करें और उद्यान में अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक यादगार अनुभव प्राप्त करें। जैविक उद्यान में आपका स्वागत है।

# वर्ष 2024 में झारखंड की राजनीति में उभरे दो नये सितारे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की राजनीति में वर्ष 2024 में दो नए चेहरे उभरे हैं, जिनकी वर्षभर चर्चा होती रही। ये दो नाम हैं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम महतो। इन दोनों राजनेताओं के बढ़ते कदम से विपक्षी दल भी हतप्रभ हैं। कल्पना सोरेन झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी हैं। कल्पना सोरेन ने पति हेमंत सोरेन के जेल में रहने के दौरान सक्रिय राजनीति में आने का फैसला लिया। गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर कल्पना सोरेन ने पहला सियासी भाषण देकर राजनीति का आगाज किया। इसके बाद कल्पना सोरेन झारखंड ही नहीं, बल्कि देश मीडिया में चर्चित हो गईं। काफी कम समय में ही कल्पना सोरेन ने जिस अंदाज में पार्टी संगठन का संचालन किया गया, उसे देखकर सभी हैरान रह गए। उन्होंने वर्ष 2024 में पहली बार गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़कर जीत हासिल की। इसके बाद 2024 के विधानसभा आम चुनाव में भी विजयी रहीं। कल्पना सोरेन की सभाओं में उमड़ती भीड़ इस बात के प्रमाण रहे कि आमजनों के बीच इनकी लोकप्रियता किस कदर छाई है। राजनीतिक विश्लेषक और आमजनों का कहना है कि वे झामुमो की सभा में सिर्फ कल्पना सोरेन की उपस्थिति में सभा में जाते थे। ईडी द्वारा हेमंत सोरेन के जेल भेजे जाने के बाद चुनाव के संग्राम में कल्पना ने ना सिर्फ हेमंत सोरेन की कमी को पूरा किया, बल्कि झामुमो की शानदार जीत दिलाकर सबको चौंका भी दिया। अब बात करते हैं जयराम कुमार महतो की, जिन्हें टाइगर जयराम के नाम से जाना जाता है। वे वर्तमान में डुमरी विधानसभा क्षेत्र से झारखंड विधानसभा के सदस्य हैं। महतो झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के संस्थापक हैं, जिसे पहले झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के नाम से जाना जाता था। उन्होंने डुमरी विधानसभा क्षेत्र और बेरमो विधानसभा क्षेत्र सीटों से 2024 झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने मौजूदा मंत्री बेबी देवी को हराकर डुमरी सीट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की लेकिन बेरमो सीट हार गए और दूसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार कहते हैं कि कल्पना सोरेन और जयराम महतो दोनों ही नेताओं को हालात ने राजनीति में कदम रखने के लिये मजबूर किया। जयराम महतो आंदोलनकारी नेता के रूप में उभरे हैं जबकि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद की हालात ने कल्पना सोरेन को राजनीति में आने के लिए मजबूर किया। राज्यवासी दोनों ही नेताओं को देखना और सुनना पसंद करते हैं। वरिष्ठ पत्रकार रवि सिन्हा कहते हैं कि राजनीति में कब किसका कद ऊंचा होगा, यह कह पाना मुश्किल है। इसके बावजूद जिस तेजी के साथ जयराम महतो और कल्पना सोरेन ने झारखंड की राजनीति में कदम रखा उसे देखकर अब कहा जा सकता है कि वाकई झारखंड को साल 2024 ने दो नए राजनेता दिया है। हालांकि, समय के अनुरूप आमजनों की हित में दोनों कितना खरा उतर पाते हैं यह आने वाला समय बताएगा।

## विश्वकर्मा वंशज पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** दी अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में 25 दिसंबर 2024 को रांची के रातू रोड स्थित न्यू मार्केट कार्यालय में विश्वकर्मा वंशज पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महासभा के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित होकर पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किए। विश्वकर्मा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप सोनी ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा हमें गर्व है की विश्वकर्मा वंश में जन्मे ज्ञानी जैल सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री, भारत के गृहमंत्री एवं भारत के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए यह विश्वकर्मा समाज के लिए गर्व की बात है। ज्ञानी जी का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ और वह कई परेशानियों से जूझते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में अपनी माहिती भूमिका को निभाएं। आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर दी अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा झारखंड प्रदेश के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा उन्हें याद कर उनके बताए मार्गों के पर चलने का प्रतिज्ञा किया। कार्यक्रम में उपस्थित महासभा के कार्यकारिणी सदस्य महेश शर्मा ने ज्ञानी जी के नाम से शहर में चौक चौराहा होने की बात कही।

## एक झलक

### 200 वृद्ध लोगों के बीच कम्बल का वितरण

**बड़कागांव** : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के सौजन्य एवं आरएंडआर विभाग के अपर महाप्रबंधक प्रशांत सिंह के निर्देशन में एनएमएल एवं सीएसआर कार्यक्रम के तहत पोषक क्षेत्र के सिकरी गांव में मुखिया प्रभु महतो के हाथो 200 वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने कंपनी के अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा कि इस प्रकार की सामुदायिक विकास के तहत इस गांव में अन्य कार्य भी किया जाय। चूंकि गांव के अनेकों समस्याएं भरी पड़ी है।

### महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव में देखा गया अजगार सांप

**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव में देखा गया लगभग 5 मीटर लंबा विशाल अजगर सांप। इस दौरान देखने वालों की भीड़ लग गई। देखते ही देखते अजगर सांप जंगल के चट्टानों के भीतर चला गया। भारी शरीर होने के कारण इसकी चाल काफी धीमी थी। अजगर सांप छोटे-छोटे जानवरों को बहुत आसानी से अपना शिकार बना लेता है, इस कारण जानवर चरा रहे लोगों में भय व्याप्त है। अजगर सांप अब लगभग विलुप्तप्राय होते जा रहे हैं। यह जंगलों में इक्का-दुक्का ही देखने को ही मिलते हैं। इसलिए अगर यह खेतों या गांव की तरफ दिखे तो वन विभाग को इसकी तुरंत जानकारी दें या सावधानीपूर्वक इसे जंगल में छोड़ने का काम करें।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनी

**विष्णुगढ़** : भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती बुधवार को हॉस्पिटल चौक में चेडरा पंचायत के बूथ संख्या 419 में बूथ अध्यक्ष अरविंद कुमार लाहकार तथा सचिव राजू श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने उनकी जीवनी, आदर्श एवं विचारों को लेकर अपने अपने विचार रखें। जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर बंटी श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, मुकेश कुमार, कुंदन वर्मा, पवन कुमार, यशवंत मिश्रा, पप्पू कुमार, अमित कुमार, प्रकाश सिंह, उमाशंकर रवानी, रीता देवी, अनिता देवी आदि मौजूद थे।

### विपिन कुमार सिंह का इलाज के दौरान निधन

**हजारीबाग** : लंबे समय से सीपीएम के साथ जुड़े रहने वाले पार्टी जिला कमेटी के सदस्य कामरेड विपिन कुमार सिन्हा का इलाज के दौरान रिम्स में कल निधन हो गया। उनका हार्ट में 80% ब्लॉकेज था उसके लिए उनका ऑपरेशन होना आवश्यक था कल संध्या उनका ऑपरेशन हुआ और ऑपरेशन थिएटर से निकलने के कुछ देर बाद उनका निधन हो गया। संत कोलंबस से ग्रेजुएशन करने के बाद सीधे तौर पर भारत की जनवादी नौजवान सभा से जुड़े और उसमें रखकर के नौजवानों के लिए हजारीबाग में काफी संघर्ष किया इसी दौरान सीपीएम के संपर्क में आये और 1978 में उन्होंने पार्टी ज्वाइन किया तब से लेकर के अंतिम समय तक वह पार्टी के सदस्य रहे। गांधी स्मारक से भी जुड़े रहे और गांधी स्मारक बनवाने में उनका अहम योगदान था।

### पीड़िता ने लगायी मदद की गुहार, छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के गैडा पंचायत निवासी मंगलवार को विष्णुगढ़ थाने में पीड़िता प्रिया देवी पति अमित ठाकुर ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसमे छह आरोपियों के विरुद्ध मामले में शामिल शांति देवी पति चेतलाल ठाकुर, गीता देवी पति दशरथ ठाकुर, पूजा देवी पति अजय ठाकुर, शिवानी देवी पति अजय ठाकुर, दीपक ठाकुर पिता चेतलाल ठाकुर और नंदलाल ठाकुर पिता चेतलाल ठाकुर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 के धारा 127(1), 127(2), 115(2), 117(2), 109, 351, 352 एवं 3 (5) के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। दिए गए आवेदन के अनुसार आपसी विवाद में 24 दिसंबर की सुबह लाठी डंडे से जानलेवा हमला किया गया। जिससे प्रिया देवी बुरी तरह से जख्मी हो गई है।

# बड़कागांव में ईसा मसीह का जन्मदिन मना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के कई चर्च में दया करुणा और प्रेम के भगवान प्रभु यीशु का अनुयायियों 2024 वां जन्मदिन मनाया। बड़कागांव जेएमएस चर्च, बरतुआ, कुंदरु, जोभीया के चर्च में धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। बड़कागांव जेएमएस चर्च में पास्टर नकुल महतो के नेतृत्व व युगेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान प्रमुख फुलवा देवी, पास्टर नकुल महतो, पंसस कृष्णा राम, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईंया, जीप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, पूर्व पंसस राजीव रंजन, भीखन महतो, शिक्षक सुकेश कुमार, योगेंद्र महतो उपस्थित अन्य प्रबुद्ध जनो ने संयुक्त रूप से 5 फिट लंबा केक काटा। इस दौरान एक उपस्थित 4 वर्षीय बच्चा ने भी अपने जन्मदिन पर केक काट कर जन्मदिन को यादगार बनाया। एक दूसरे को केक खिलाकर लोगों ने प्रभु यीशु की जन्मदिन पर बधाई दी। मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, अतिथियों के लिए स्वागत गीत गायी गई। इसके अलावा सामाजिक कुरीतियां, शराब उन्मूलन, सामाजिक व्यवहारिकता, के अलावा शिक्षा झारखंड की संस्कृति पर विशेष नाट्य मंचन किया गया। मौके पर पास्टर नकुल महतो ने प्रभु यीशु से तमाम लोगों की सुख व समृद्धि की कामना की। कहा की प्रभु यीशु दया करुणा और प्रेम के प्रतीक हैं। हमें मिलजुल कर रहने, एक दूसरे के सम्मान, सहयोग करने की संदेश देते हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में बादल कुमार, सुकेश कुमार, योगेंद्र महतो, पास्टर नकुल महतो, अध्यक्ष योगेश्वर प्रजापति, सचिव महेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष शिवकुमार महतो, बादल महतो, घोलटू महतो सीताफल महतो, सीटू कोयरी, विक्रम कुमार, ईश्वर दयाल महतो, राहुल कुमार, लोकेश कुमार, इंद्रनाथ महतो, पवन कुमार, यशवंत कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित

## पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने पुलिस पदाधिकारी के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में पिछले माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक कांडों की समीक्षा की गई तथा सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए। 5/10 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया. सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध पोस्ता एवं अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उनके विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया।महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

# अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती मनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : बड़कागांव भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को प्रखंड के दोनों मंडलों पूर्वी मंडल कमेटी ने नापो खुर्द पंचायत भवन में एवं पश्चिमी मंडल बड़कागांव के विभिन्न बूथों पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया ।पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो व संचालन उपाध्यक्ष अशोक शौक ने किया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं को बताया कि भाजपा ने इस वर्ष को सेवा समर्पण और सुशासन दिवस के रूप में मना रही है इसके तहत पूरे जिले में सदस्यता अभियान का महापर्व चलाया जा रहा है इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को विशेषता अभियान में भाग लेकर अधिक से अधिक ऑनलाइन सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें संगठन को मजबूती बनाए जा सके। पश्चिम मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने बड़का गांव पूर्वी के बरवाडीह ग्राम में एवं महुगांई कला ग्राम में बूथों के कार्यकर्ताओं के साथ जन्म दिवस मनाया एवं उनके जीवनकाल की उपलब्धियों पर चर्चा किया गया।



## वाजपेयी का जन्मदिवस कार्यक्रम के रूप में मना

**चरही** : बजारटांड़ के मंदिर के समीप भारतीय जनता पार्टी का कार्यक्रम स्व. अटल बिहारी जी का जन्म दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी ने स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में मनाया गया है। यह कार्यक्रम पार्टी के इतिहास और विचारधारा के प्रति सम्मान और समर्पण का प्रतीक है इस अवसर पर मिठाईया भी बांटी गयी। चुरचु मंडल के अध्यक्ष शशि कुमार की अध्यक्षता मे मनायी गयी।

# डेंटल कॉलेज के पेरियोडोंटोलॉजी व इम्प्लांटोलॉजी विभाग में मनाया गया राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के पेरियोडोंटोलॉजी और इम्प्लांटोलॉजी विभाग में राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस साथ मनाया गया। आधुनिक दंत चिकित्सा के जनक डॉ. रफीउद्दीन अहमद की जयंती मनाई गई। विशेष सम्मान दिया गया एवं उनकी जीवनी को स्मरण किया गया। इस दौरान बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग के सहयोग से एक आकर्षक संयुक्त सेमिनार का आयोजन किया गया। सत्र में शारीरिक अंतर सहित बाल चिकित्सा मौखिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता लगाया गया। प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाएं, माता-पिता की भूमिकाएं और निवारक देखभाल रणनीतियां, बच्चों के लिए स्वस्थ मुस्कान बनाए रखने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव संकाय सदस्यों की सम्मानित उपस्थिति से सम्मानित इस कार्यक्रम ने अकादमिक सहयोग और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के महत्व को दर्शाया। इस तरह के उल्लेखनीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए एचओडी डॉ. मनोज के सिंह, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. रोजी, डॉ. सीमा, डॉ. अर्नव और पीजी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस क्रम में उत्सव एक जीवंत विभागीय कार्यक्रम और एक वैज्ञानिक प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। जिसमें मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में दंत पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस कहा कि आधुनिक दंत चिकित्सा के जनक डॉ. रफीउद्दीन अहमद की जयंती पर उनके विशेष सम्मान पर राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। दंत चिकित्सा के प्रति उनका समर्पण एवं योगदान दंत चिकित्सा पेशेवरों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उनकी जीवन संघर्षों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस दिन दांतों को विशेष देखभाल एवं जन जागरूकता फैलाने में विशेष महत्व रखा जाता है।उन्होंने कहा कि फास्ट फूड एंव रिफाइंड फूड से दांत तेजी से खराब एवं असमय टूट कर गिरने लगतें है। दांतों में कई तरह की समस्याएं भी उत्पन्न होने लगती है। समय-समय पर दांतों की देखभाल करना बहुत ही जरूरी है।

# शांति निकेतन विद्यापीठ का चौबीसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के करोंज मोड स्थित शांति निकेतन विद्यापीठ का चौबीसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय निदेशक दिवाकर प्रसाद के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा प्रार्थना, राष्ट्रीय गान और स्वागत गीत प्रस्तुत की गयी तथा विभिन्न नाटकों के माध्यम से जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, धूम्रपान निषेध नाटक के माध्यम से लोगो को कुर्तियों से बचने के लिए बहुत ही अच्छा एवं सकारात्मक संदेश दिया गया। इसके अलावा झारखंडी लोक नृत्य,नृत्य, चुटकुला और रैम्स आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन इस विद्यालय के शिक्षक नीरज कुमार और प्रिया कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान इस विद्यालय के निदेशक दिवाकर प्रसाद ने कहा कि यह विद्यालय विगत चौबीस वर्षों से विष्णुगढ़ के आसपास के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते आ रहा है और आगे भी इस कार्य के लिए अग्रसर है। हमारा उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास करते हुए उन्हें अच्छे संस्कारों से जोड़ना है ताकि वह आगे चलकर समाज के बेहतर नागरिक बन सके। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापक प्रेमलता देवी, विष्णुगढ़ की पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी, समाजसेवी चंद्रिका राम, एम्बिशन पब्लिक स्कूल के संचालक विवेक कुमार,भोला प्रसाद, बसंत प्रसाद देवकी राम, लाल मोहम्मद विकास कुमार, भोला प्रसाद, साव, महेश प्रसाद स्वर्णकार, शिक्षक सुमित कुमार, कौशल्या देवी, बबिता देवी, आंचल कुमारी, काजल कुमारी, विद्यालय के सभी विद्यार्थी समेत सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों के माता-पिता और दर्शक मौजूद थे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह विशेष आयोजन हजारीबाग के झांझरिया पुल स्थित सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा के पूर्व सांसद एवं भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय शामिल हुए। भाजपाइयों ने अटल बिहारी वाजपेयी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कोडरमा के पूर्व सांसद रविंद्र राय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी को एक अद्वितीय नेता, महान कवि और सुशासन के प्रणेता के रूप में याद किया। उन्होंने कहा अटल जी का जीवन राष्ट्रभक्ति और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक था। उन्होंने न केवल राजनीति में बल्कि देश के हर वर्ग के जीवन में सुधार लाने का कार्य किया। उनकी दूरदृष्टि और नेतृत्व ने भारत को एक मजबूत और स्वाभिमानी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। सुशासन की उनकी परिकल्पना ने हर व्यक्ति को सम्मान और अवसर प्रदान करने की नींव रखी। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा अटल जी का जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्हें याद करना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने अंत्योदय और सबका साथ, सबका विकास जैसे विचारों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई। वक्ताओं ने युवाओं को वाजपेयी जी के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही कहा की सभी कार्यकर्ताओं से अपील की वे पार्टी के सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ें। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी जी को भारतीय राजनीति का युगपुरुष और सुशासन का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन किया उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज, जिला कमेटी, हजारीबाग ने भारत के सातवें राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग में निवास करनेवाले प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखण्ड अध्यक्ष, प्रखण्ड सचिव, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वठ्ठ ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन विश्वकर्मा समाज के जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया ।प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा समाज के गौरव थे। जीवन में संघर्ष करके विधायक से भारत के राष्ट्रपति तक का सफर प्राप्त किया ।मेट्रिक पास करने के बाद विशेष रूप से धार्मिक ग्रंथो का अध्ययन किया उसके बाद ही उनको ज्ञानी की उपाधि दी गई। झारखण्ड के सभी जिला मुख्यालयों में आज के दिन भारत के सातवें राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह के पुण्य तिथि पर विश्वकर्मा समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।

# दसवें वार्षिकोत्सव पर सेमिनार का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत विष्णुगढ़ पंचायत के कसेरा मुहल्ला स्थित न्यू शांतिनिकेतन विद्यापीठ पब्लिक स्कूल में दसवीं वार्षिकोत्सव पर सेमिनार कार्यक्रम आयोजित कर पूरे धूमधाम से मनाई गई। मौके पर सेमिनार के मुख्य अतिथि इंद्रजीत कुमार जायसवाल एवं वशिष्ठ अतिथि विपिन कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम सेमिनार का शुभारंभ विपिन कुमार सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा, विनोद कसेरा, अनुज कुमार सिन्हा, महेश कसेरा, अनिल सोनी, श्री प्रसाद सोनी, सुदर्शन कुमार पांडेय, बगोदर जेसी बोस हाई स्कूल के प्रधानाचार्य नकुल मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सेमिनार के उद्घाटन भाषण का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुज कुमार सिन्हा, शिक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह, नवल किशोर वर्मा, नकुल मंडल, सुदर्शन कुमार पांडेय समेत कई वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मौके पर मुख्य अतिथि इंद्रजीत कुमार जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को तीन तरीके अपनाना चाहिए। जिसमें टाइम्स, टेकनिक और टारगेट यह तीनों अपने बच्चो पर फोकस करे, तभी आपके बच्चे का सर्वांगीण विकास संभव हो सकता है। विपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षक वह मोमबत्ती है, जो खुद जलकर सबको उजाला देता है। मधुसूदन प्रसाद ने कहा कि शिक्षक चाक और चुनौतियों के सही मिश्रण से जीवन बदल सकता है। एक महान शिक्षक मदद करता है, दिमाग खोलता है और दिल छू लेता है।

## बैंक ऑफ इंडिया विष्णुगढ़ के ब्रांच मैनेजर पर बिना अनुमति के बचत खाते से पैसे निकालने का लगा आरोप

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सार्वजनिक दुर्गा मंदिर रमुआ के समीप स्थित बैंक ऑफ इंडिया विष्णुगढ़ के ब्रांच मैनेजर पर बिना अनुमति के बचत खाते से पैसे निकालने का आरोप लगाया गया है। रमुआ निवासी अजय प्रसाद साव पिता स्व० गिरजा प्रसाद साव ने उक्त आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त बैंक में उनका बचत खाता संचालित है जिससे जिला चीफ मैनेजर बिमल झा एवं ब्रांच मैनेजर प्रवीण कुमार की मिली भगत से खाते से दो किश्तों में क्रमशः 48000 एवं 22000 रुपए कुल सत्तर हजार रुपए की अवैध निकासी की गई। उन्होंने कहा कि उक्त बैंक में न ही कोई लोन चल रहा है और न ही वह किसी के गारंटर हैं, बैंक से पूछे जाने पर टाल मटोल करते हुए निकासी के बारे में उचित जानकारी नहीं दी जा रही है।

# भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने की सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : चौपारण अवैध देशी-विदेशी शराब कारोबार का राजधानी है चौपारण। जहां नकली अंग्रेजी शराब भी बड़े पैमाने पर बनाए जाते हैं,आए दिन प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी होती है लेकिन कारोबार रुक नहीं पा रहा है। बुधवार सुबह थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश द्वारा थाना क्षेत्र के महुआबाद में बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली अंग्रेजी शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली भारी मात्रा में सामग्री बरामद की गई। इस संबंध में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम-महुआबाद स्थित बिक्की कुमार पासवान के घर में अवैध रुप से भारी मात्रा में नकली शराब बनाने वाला खाली बोतल, ढक्कन, रैपर, स्टीकर एवं प्लास्टिक का जार रखा हुआ है। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में एक टीम गठित कर थाना प्रभारी चौपारण के द्वारा सशस्त्र बल के साथ त्वरीत कार्रवाई हेतु ग्राम महुआबाद स्थित बिक्की पासवान के घर के पास पहुंचा तथा बिक्की कुमार पासवान के घर को घेराबंदी कर विधिवत तलाशी लिया। तलाशी के क्रम में घर के अन्दर एक कमरा में छुपाकर रखा।

## वन विभाग ने अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**बड़कागांव** : हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल के पदाधिकारी निर्देशानुसार गुप्त सूचना का आधारपर बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापो खुर्द पंचायत क्षेत्र से बड़कागांव वन विभाग के टीम ने ने अवैध कोयला लदा हरा रंग का एक जोन डियर ट्रैक्टर जब्त कर-के बड़कागांव ब्लॉक मोड़ स्थित वन विभाग मिश्रामागार लाया गया। हजारीबाग पश्चिमी सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार से पूछे जाने पर कहा कि अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जब्त करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है। तथा वन विभाग के द्वारा अवैध कोयला के विरुद्ध निरंतर करवाई जारी है और आगे भी जारी रहेगा। वहीं ट्रैक्टर पकड़े जाने से कोयला माफिया में हड़कंप मची हुई है।

# नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का अंतिम और 20वां टूर्नामेंट चंदवारा प्रखण्ड के थाम खेल मैदान में हुआ आगाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के इस सीजन के अंतिम और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 20वां टूर्नामेंट का भव्य आगाज 25 दिसंबर यानी बुधवार को थाम खेल मैदान, चंदवारा में हुआ। यहां के टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों ने भाग लिया है जिसमें 16 टीम पुरुष वर्ग से और 04 टीमें महिला वर्ग से हैं। टूर्नामेंट का पहला मैच महिला वर्ग की थाम टीम बनाम आरागारो टीम के बीच खेला गया जिसमें थाम टीम ने पहला विजयी प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट का दूसरा मैच ढाब बनाम भोंडो बालिका टीम के बीच खेला जा रहा है। टूर्नामेंट का विधिवत आगाज बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर किया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल को नमो जर्सी से लैस ग्रामीण खिलाड़ियों ने अपने बीच पाकर उनका खेल उत्साह बढ़ गया और मैदान में नए जुनून और उत्साह में दिखे। टूर्नामेंट के उद्घाटन के उपरांत स्थानीय नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति, स्थानीय ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर सांसद मनीष जायसवाल का अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दूसरे स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध जनों ने क्षेत्र की समस्याओं से सांसद मनीष जायसवाल को रूबरू कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित लोगों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के इतिहास पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि साल 2016 में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड से महज महज कुछ टीमों के साथ शुरू हुआ यह टूर्नामेंट पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कर रहा है और संभवत झारखंड प्रदेश का सबसे लोकप्रिय और बड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट में से एक है। इस टूर्नामेंट के आयोजन में जुटे लोग, खिलाड़ी और खेल प्रेमी दर्शकों के बदौलत टूर्नामेंट की ख्याति लगातार बढ़ रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभा को उनके ही खेल मैदान से निकलकर जिला, राजकीय और राष्ट्रीय फलक पर पहुंचाना है। इस वर्ष हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न 19 मैदानों में प्रखंड वार इस टूर्नामेंट का सफल आयोजन हुआ और चंदवारा प्रखण्ड में 20 वां और अंतिम टूर्नामेंट खेला जा रहा है। आने वाले वर्ष में हमारा प्राथमिकता होगा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव से एक टीम इस टूर्नामेंट में भाग लें और अपनी खेल प्रतिभा को निखर कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनायें।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ दूसरा दिन



**हजारीबाग** : जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज, हजारीबाग के द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आज दूसरा दिन भी संपन्न हुआ। आज के खेल में गुली डंडा, कबड्डी और लट्टू का खेल दर्शकों का मुख्य रूप से आकर्षक का केंद्र रहा। सभी खिलाड़ियों ने क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, लट्टू,चेस, कैरम, मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, फोटो ग्राफी, प्रश्नोत्तरी, इत्यादि खेलो का आयोजन में भाग लेकर अपनी अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया है। सभी खेल रोमांचक था, जिससे विभागीय कोच को अपना निर्णय लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक विनय कुमार और प्राचार्य शंभू कुमार ने सभी खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाने के लिए खेल के मैदान में डटे रहे। जिससे सभी खिलाड़ियों का मनोबल कभी बढ़ा हुआ देखने को मिला। सभी प्रतियोगिता का नेतृत्व महाविद्यालय के शिक्षक तथा एन.एस.एस.इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर ने किया।

## एक झलक

### ग्रामीणों ने बैठक कर अब डंपिंग पर की चर्चा

**जोरापोखर (धनबाद):** डूमरियाटांड़ पंचायत भवन डिगवाडीह में पारबाद, भूलन बरारी, नुनुडीह, ब्राम्हण बरारी के ग्रामीणों ने मिलकर एक बैठक का आयोजन किया।जिसका नेतृत्व भाजपा लोदना मंडल के महामंत्री रोहित कुमार बिद ने की। श्री बिद ने कहा कि हम परियोजना के विरोध नही कर रहे है। परियोजना चलनी चाहिए ताकि स्थानीय लोगों का विकास संभव हो सके। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल के अधिकारी रैयतों को जमीन के बदले मुआवजे व नोकरी देने का काम करे अन्यथा ग्रामीण अपने जमीन पर ओबी डंपिंग का कार्य रोकने को मजबूर हो जयेगे। बैठक को सफल बनाने में सभी ग्रामीणों ने अपनी हाजरी लगाई।

### निर्मल महतो की 74वें जयंती पर हुआ समारोह

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा टाटा स्टील प्रोजेक्ट ऑफिस के निकट शहीद निर्मल महतो की 74 वीं जयंती समारोह मनाया गया। कालीचरण महतो के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो की मूर्ति पर झामुमो के कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रधंजलि दिया। इस दौरान अशोष सिन्हा ने कहा है की निर्मल महतो युवाओं के लिए प्रेरणा स्वरूप थे और झारखंड के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर झरखंड की विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

### अनुकूल ठाकुर जी की 137वां जन्मोत्सव आयोजित

**जोरापोखर (धनबाद) :** डिगवाडीह समुदायक भवन में अनुकूल ठाकुर जी का 137 वां जन्मोत्सव बुधवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह का आयोजन धनबाद सत्संग कमिटि द्वारा की गई। इस अवसर पर कीर्तन मंडली द्वारा अनुकूल ठाकुर जी की जीवनी पर बंगला एवं हिंदी में भजन प्रस्तुत किया गया। पूरे समारोह में सात वर्षीय रिया द्वारा की गई मनमोहक नृत्य सबके मन को भा गया। देवघर से आये भजन गायक ने भजन के माध्यम से ठाकुर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में एस के दास, बासदेव महतो, अमर पाल, लखी सिंह, सुभाष महतो, कामदेव महतो, नकुल लाल महतो आदि शामिल थे।

### बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान : अनुपमा सिंह

**जोड़ापोखर (धनबाद):** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह बुधवार को जोड़ापोखर स्थित अपने आवश्यक कार्यालय में कार्यकताओं व आम लोगों से मिली। लोगों के समस्याओं के निदान के लिए उन्होंने अधिकारियों से वार्ता की। देश के गृहमंत्री लोकतंत्र के मंदिर पर में खड़े होकर हमारे संविधान निर्मार्ता शिल्पकार डॉक्टर साहब के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी पर उन्होंने निंद की। कहा कि मैं इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार खान, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, संतोष महतो, बंभोली सिंह, तारा पाठक, संतोष चौधरी अशोक राय कयूम खान विजय पासवान, किशोर कुमार ,शिव शंकर सिंह ,मकसूद आलम, गुड्डू खान, अच्छेयर प्रसाद सतपाल सिंह ब्रोका, भगवान दास, चिराग सिंह, सनी सिंह, एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### बांग्ला भाषा भाषी उन्नयन समिति ने सांसद ढुल्लू महतो का किया पुतला दहन

**धनबाद:** बुधवार को झारखंड बांग्ला भाषा भाषी उन्नयन समिति ने रणधीर वर्मा चौक पर सांसद ढुल्लू महतो का पुतला दहन किया। विगत दिनों में निरसा गोपीनाथपुर में एक सभा में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने खुले मंच में निरसा विधायक अरूप चटर्जी को बांग्लादेशी कहकर तथा उनके पिताजी स्वर्गीय गुरदास चटर्जी के विषय में अभद्र टिप्पणी के खिलाफ सांसद ढुल्लू महतो का पुतला दहन किया गया तथा कड़ी शब्दों में उनके गलत बयानबाजी का घोरनिंदा किया। जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सांसद खुले मंच पर बांग्ला भाषी के बीच माफी मांगे,नहीं तो सड़क से सदन तक चरमबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी।

# धूमधाम से मना मैरी क्रिसमस



**धनबाद :** मंगलवार को जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मैरी क्रिसमस सेलिब्रेशन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल, मैनेजिंग डायरेक्टर किमी नित्यानंद मंडल, जेपी कॉलेज की प्रिंसिपल शोभना भट्टाचार्य, जेपी कॉलेज ऑफ फामेर्सी की प्रिंसिपल नीलम कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर गोपाल पासवान प्रो. श्याम प्रकाश राय, पुतुल मित्रा,ले. मोनिका महतो, ले. लक्ष्मी कुमारी, ले. वर्षा रानी, ले. मोनिका महतो व आशीष मंडल ने संयुक्त रूप से केक काट कर सभी को मैरी क्रिसमस की बधाई दी। उपस्थित बच्चों ने जिंगल बेल, हैप्पी क्रिसमस गीत में शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी।सेलिब्रेशन में छोटे बच्चे सांता क्लॉस की ड्रेस में बहुत प्यारे लग रहे थे। कॉलेज को क्रिसमस ट्री एवं आकर्षक झालरों से सजाया गया था। जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन प्रदीप मंडल ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों व कॉलेज के कर्मचारियों को मैरी क्रिसमस की बधाई दी। कॉलेज के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने बताया की जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रबंधन कॉलेज प्रांगण में विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ सभी त्योहार आयोजित करता है। इसी संदर्भ में जेपी कॉलेज ऑफ इंस्टिट्यूशन के विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने क्रिसमस बहुत ही उमंग से, उल्लास पूर्वक सेलिब्रेट किया है और पूरे कॉलेज में खुशी का माहौल है। क्रिसमस प्रेम,शांति और भाईचारे का संदेश देता है साथ ही सहयोग की भावनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।सभी को मैं मैरी क्रिसमस एवं शीघ्र आने वाले नववर्ष 2025 में खुशहाली व सफलता की ऊंचाइयों को छूने की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने होटल सोनोटेल में उमंग से मनाया क्रिसमस



**धनबाद :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम द्वारा तीन दिवसीय क्रिसमस सेलिब्रेशन के द्वितीय दिन बुधवार को सर्वप्रथम तुलसीजी की जयंती के अवसर पर तुलसी पूजा की गई तथा पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिन पर उन्हे याद कर पुष्प अर्पित कर उनके कार्यो को याद किया गया। उसके बाद बच्चों को वर्ष के आखिरी त्योहार क्रिसमस पर्व के अवसर पर सभी बच्चों को प्रभु यीशु का जन्म दिन मनाने होटल सोनोटेल ले जाया गया। सुबह ही सभी बच्चे अपने शिक्षकों के साथ कोला कुसमा गोविंदपुर रोड स्थित ओजोन गेलेरिया के लिए उत्साह पूर्वक रवाना हुए। वहां बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सुंदर गीत व नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहां मौजूद दर्शको ने दिव्यांग बच्चों की कला को प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात बच्चों ने पूरे ओजोन गेलेरिया का भ्रमण किया। भ्रमण के पश्चात बच्चों ने होटेल सोनोटल में स्वादिष्ट अल्पाहार और लन्च का लुत्फ लिया। बच्चों ने डांस, गाना और अन्य मनोरंजक गतिविधियो में भाग लेकर क्रिसमस के जश्न का भरपूर आनंद लिया। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को खुशी और उत्साह से भरपूर एक खास दिन देना था, जो सोनोटेल होटेल के सभी अधिकारीगण व सभी स्टाफ के सहयोग से संभव हो सका। बच्चों के आने जाने हेतु यातायात का साधन से लेकर पूरे प्रोग्राम के लिए होटेल सोनोटेल के सहयोग के लिए पहला कदम आभार प्रकट करता है। कार्यक्रम में लगभग 100 बच्चों ने इस जश्न का हिस्सा बन इस यादगार दिन का लुत्फ उठाया।

## क्रिसमस पर चर्च में हुई मानव कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना



**सिन्दरी (धनबाद) :** क्रिसमस के अवसर पर सिंदरी स्थित प्रोस्टेंट चर्च में फादर नेस्तोर सोरेन ने मानव कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की ।इस अवसर पर सभी धर्मों के अनुयायियों ने विशेष प्रार्थना सभा में भाग लिया । फादर ने बताया कि आज क्रिसमस के अवसर पर चर्च में मानव कल्याण. सुख समृद्धि और शांति के लिए सर्व धर्म प्रार्थना सभा का विशेष रुप से आयोजन किया गया ।इस अवसर पर केक काटा गया और एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी गई ।यह आयोजन समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देने वाला था। प्रार्थना सभा के बाद क्रिश्चियन धर्म के अनुयायियों ने खुशी और उत्साह में सामूहिक नृत्य किया।

# विधायक अरूप चटर्जी का पुतला दहन

**धनबाद :** निरसा सिनेमा हॉल मोड पर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने निरसा के वर्तमान विधायक एवं भाकपा माले नेता अरूप चटर्जी का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम में बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के उपस्थित सदस्यों के द्वारा कहा गया कि बीते कल हमारे बैनर का दुरुपयोग करते हुए हमारी अनुमति के बिना कुछ लोगों के द्वारा धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो का पुतला दहन किया गया जो की काफी निंदनीय है। सांसद ढुल्लू महतो ने कभी भी किसी बांग्ला भाषी का अपमान नहीं किया है। वह बीजेपी पार्टी के एक सम्माननीय नेता है एवं भाजपा पार्टी हमेशा से हर धर्म हर पथ के लोगों को साथ लेकर चलती है एवं चलती रहेगी, इसलिए यह कहना कि उनके द्वारा बंगाली भाषी लोगों को बांग्लादेशी कहा गया है यह गलत है। वही मौके पर मौजूद भाजपा नेता सुरजीत चंद्र ने कहा कि विधायक अरूप हमेशा से बंटवारे की राजनीति करते आए हैं। उनका हमेशा से यही काम रहा है की नौजवान लड़कों को बरगलाकर किसी भी सुगम रूप से चल रहे कार्य का विरोध करना एवं अपना कमीशन सेट करना। इस बार भी गोपीनाथपुर का धरना सिर्फ इसीलिए है ताकि उनका अपना कमीशन सेट हो सके एवं उनका वर्चस्व बन सके। भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ऐसे असामाजिक तत्वों का विरोध करती आई है और करती रहेगी। उन्होंने कहा की वर्तमान विधायक बंगाली समाज से खुद भी आते हैं और वह बंगाली के बारे में आज बात कर रहे हैं किंतु उन्हें यह सोचना चाहिए की बंगाली समाज नेताजी सुभाष चंद्र बोस, कवि गुरु रविंद्र नाथ ठाकुर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय एवं खुदीराम बोस जैसे महान किरदारों को अपना सिद्धांत मानता है। किंतु वह हमेशा से मार्क्सिस्ट और कम्युनिस्ट सिद्धांतों को मानने वाली पार्टी से ताल्लुक रखते हैं इसीलिए उन्हें बंगाली समाज के बारे में बातें करनी ही नहीं चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के सदस्य दयामय उपाध्याय, सुरजीत चंद्र, गोपाल राय, संतु पात्रा, सजल दास, पलटू राय, बृहस्पति पासवान, संजय सिंह, जिला परिषद संजय सिंह उर्फ पिंटू सिंह, नारू गोपाल चक्रवर्ती, असीम भट्टाचार्य आदि उपस्थित थे।

## प्रभु यीशु के जन्म दिवस पर की गयी प्रार्थना



**पाथरडीह (धनबाद) :** प्रभु यीशु के जन्म दिन के शुभ अवसर पर बुधवार को चासनाला स्थित चर्च में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष, बच्चे शामिल थे। इस दौरान प्रभु यीशु के जन्म दिन पर लोगो को विस्तारपूर्वक चर्चा कर जानकारी दी गई। इस दौरान विधिवत आराधना की गई तथा केक काट कर लोगो के बीच वितरण किया गया। मौके पर दर्जनों की संख्य में लोग उपस्थित रहे।



# अहिवरन जयंती पर बरनवाल युवा मंच का रक्तदान शिविर सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार को बरनवाल युवा मंच के द्वारा अहिवरन जयंती के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, अंचलाधिकारी पूर्वी टुंडी सुरेश प्रसाद बरनवाल, डॉ. बीरेंद्र कुमार बरनवाल, डायरेक्टर सावित्री सर्जिकेयर एंड मेटरनिटी सेंटर एवं बरनवाल युवा मंच अध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल उपस्थित थे। इस उपलक्ष्य पर सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात महाराजा अहिबरन का माल्यार्पण एवं दीप



प्रज्वलित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि राज सिन्हा, शशिकांत सिंकर, सुरेश प्रसाद बरनवाल, डॉ. बीरेंद्र कुमार बरनवाल, मनोज कुमार बरनवाल अध्यक्ष बरनवाल युवा मंच धनबाद के द्वारा करके कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। अध्यक्ष मनोज बरनवाल ने बताया की ये रक्तदान शिविर संस्था का 11वां शिविर है। इस रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जो एशियन द्वारका दास जालान ब्लड बैंक को दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा मंच के सचिव सुनील बरनवाल, राजेश बरनवाल, समरेंद्र प्रसाद, सुभाष बरनवाल, पवन बरनवाल, दिलीप बरनवाल, रंजीत बरनवाल, डॉ. बीरेंद्र बरनवाल, डॉ. रीना बरनवाल, शशिभूषण बरनवाल, सुमित बरनवाल, संजय बरनवाल, संदीप बरनवाल, मयंक कुमार, प्रदीप कुमार, अमित कुमार, महेश बरनवाल, भुनेश्वर प्रसाद बरनवाल, अभिषेक कुमार, नवीन बरनवाल, उद्धव प्रसाद, रंजन बरनवाल, रंजीत कुमार, आनंद कुमार, डॉ बीरेंद्र कुमार बरनवाल डॉ रीना बरनवाल एवं मनोज कुमार बरनवाल अध्यक्ष बरनवाल युवा मंच धनबाद के अलाव पूरे सावित्री सेर्जिकेयर मेटरनिटी सेंटर एंड हॉस्पिटल के सभी स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## अदानी एसीसी सीमेंट प्रबंधन ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का किया वितरण

**सिन्दरी (धनबाद) :** अदानी एसीसी सीमेंट प्रबंधन द्वारा ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल सामग्रियों का वितरण किया गया।एसीसी क्लब मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चंद्रदेव महतो को सीमेंट प्रबंधक एलएमकेवी श्रीनिवास ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक चंद्रदेव महतो ने ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया और सीमेंट प्रबंधन के प्रयास को एक सार्थक पहल बताया।इस अवसर पर सीमेंट प्रबंधन ने सीएसआर फंड से ग्रामीण फुटबाल की चार टीमों के 64 खिलाडियों और 14 महिला क्रिकेट खिलाडियों तथा जनजातीय समाज की संस्कृति व परंपरा संरक्षण के निमित्त आदिवासी समूह का लोकगायन व लोकनृत्य हेतु आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया।

# केशलपुर में तुलसी पूजन का उत्सव मना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद) :** बुधवार 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष्य में कतरास के केशलपुर फुटबॉल मैदान में तुलसी पूजन का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सामुहिक रूप से तुलसी माता की विधिवत पूजा अर्चना और आरती की गई। कार्यक्रम के बौद्धिक कर्ता इस नाते संघ के श्रीमान प्रमोद झा ने तुलसी के महत्व के बारे में बताया कि तुलसी का महत्व हमारे धर्म ग्रंथो में जैसे वेद, पुराण, उपनिषद आदि में वर्णित है, स्कंद पुराण के अनुसार जहां तुलसी की पूजा अर्चना की जाती है वहां यमदूत कभी प्रवेश नहीं करते जिसके घर में तुलसी पूजन होती है वहां लोग धन-धान्य से परिपूर्ण रहते है। कार्यक्रम में




तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय सुशील चौधरी, झींझीं पहाड़ी पंचायत की मुखिया प्रेमलता कुमारी, भाजपा नेत्री कंचन चौरसिया, नारी उत्थान संकल्प समिति की अध्यक्ष जानकी देवी, संगीता देवी, सीमा देवी, आरती देवी, डोली कुमारी, महेंद्र सिंह, मनोज सिंह, कैशव वीर, गौतम कुमार, पिंटू सिंह, दीपक सिंह, राहुल कुमार, अनिकेत कुमार, राजा, सचिन कुमार आदि सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# किड्स एजुकेशन सेंटर बेलचढी में वार्षिक महोत्सव का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**निरसा (धनबाद) :** बुधवार को किड्स एजुकेशन सेंटर बेलचढी में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई सम्मानित अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें ईसीएल क्षेत्र के महाप्रबंधक एस.के चौधरी, भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक मनजीत सिंह, संजय सिंह, डॉ. संतोष राय, डॉ. राजकुमार, रतनजीत सिंह, विद्यासागर विभूति, आगम राम, प्रभुनाथ पासवान, प्रणव सेन गुप्ता और प्रोफेसर कृष्ण शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इसके बाद, विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की, जिसमें उन्होंने मोबाइल के बुरे प्रभाव, वृद्ध माता-पिता की सेवा, और पुरानी पीढ़ी और नई पीढ़ी के बीच के अंतर को नाटकों के माध्यम से दर्शाया। कार्यक्रम में मुगमा ई.सी.एल के महाप्रबंधक एस.के चौधरी ने एक सुंदर गान की प्रस्तुति भी की। मंच का संचालन मो. फिरोज अंसारी और हरेंद्र कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## महामना की 164वीं जयंती पर समस्त ब्राह्मण समाज ने दी श्रद्धांजलि

**धनबाद :** बुधवार को नगर निगम स्थित युनियन बैंक के नजदिक भारत रत्न से अलंकृत महामना पंडित मदनमोहन मालवीय के 164 वें जयंती पर समस्त ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनके प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन किया। उनके जीवनी पर महिला मोर्चा की नेत्री तारा पाठक, बोबी पाण्डेय, भागवत प्रसाद पाण्डेय वशिष्ठ ब्राह्मण समाज के संरक्षक हृदय कुमार मिश्र ने प्रकाश डाला। मौके पर ब्राह्मण समाज के सुरेश चन्द्र तिवारी, स्टेट बार काउंसिल एग्जीक्यूटिव कमिटी के चैयरमेन अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, ब्रीज मोहन मिश्रा, सुमन मिश्रा, मनोज मिश्र, शक्ति पाठक, राजीव ओझा, अनील कुमार पाण्डेय, मनोज दूबे, रामाकांत ओझा, दिनेश चौबे, किशोर पाण्डेय, विनोद दसंधी, अनील शर्मा, सत्येन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने उपस्थित होकर महामना की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# अटल जी की100वी जयंती पर झरिया विधायक ने बांटे कम्बल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** बुधवार को अटल जी की 100 वी जयंती सुशासन दिवस पर झरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भौरा गौरखुटी में रह रहे अति विशेष जनों (कुष्ठ लाभार्थी) के बीच झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने अंतोदय के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए लाभार्थियों के बीच कम्बल वितरित किया। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से राजकिशोर जेना, उमेश यादव अभिषेक पांडे, सुरेश महतो, अमित, संजय कुमार, अरुण बरनवाल, आजाद ठाकुर, चन्दन गोराई, जितेन बाउरी, मनोज पासवान, शिव कुमार यादव, उत्तम कुमार आदि मौजूद थे।

## क्रिसमस के अवसर पर कम्बलों का वितरण



**धनबाद :** क्रिसमस के अवसर पर माननीय विधायक टुंडी सह झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने बाघमारा प्रखंड के राजगंज पंचायत में कंबल वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन कर कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर बाघमारा के प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव और स्थानीय मुखिया वंदना जी उपस्थित रही। वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में माननीय विधायक बाघमारा शत्रुघ्न महतो ने प्रखंड सभागार बाघमारा में कंबलों का वितरण किया।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिता का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद) :** बुधवार 25 दिसंबर को संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की 100 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अग्रगामी बुद्धिजीवी मंच के सचिव भारत भूषण सिन्हा एवं भाजपा सांसद प्रतिनिधि चंद्रभान प्रसाद ने अटल जी के जीवनी पर प्रकाश डालकर बच्चों को उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने अटल जी के विशेषताओं के बारे में बच्चों को बताया। इस अवसर पर हिंदी व्याकरण प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया, जिसमें धनबाद जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर रितिका राज, अरिजीत कुमार, सत्यम कुमार, लाडली कुमारी, सुरभि कुमारी, युग आर्या, स्नेहा कुमारी, मानवी कुमारी, आदित्यानंद, प्रियांशु कुमार, अभय कुमार, विवेक कुमार, वैष्णवी कुमारी, आदित्य शर्मा, राजवीर सिंह, अजय कुमार, सुमित कुमार महतो, यश कुमार महतो आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेंद्र कुमार यादव, मनोरमा देवी, नेहा श्री, नेतृत्व रंजन आदि का सराहनीय योगदान रहा। संस्था के आयोजक ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को 29 दिसंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

## अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती धूमधाम से मनी



**कतरास (धनबाद) :** बुधवार 25 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी कतरास कार्यालय में भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की 100वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कतरास मंडल के अध्यक्ष सूर्य देव मिश्रा ने किया। सर्वप्रथम सभी ने अटल बिहारी वाजपेई जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सभी ने देश के प्रति वाजपेयी जी के द्वारा किये गए कार्यों को याद किया एवं उनके बताए गए मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, राजेश स्वर्णकर, दिनेश उपाध्याय, कुंदन सिंह, श्याम किशोर, कल्लू जी, वाई के पाठक, बलवीर सिंह, मुकेश झा, राम कुमार साहु, चुन्ना यादव, विनय पासवान, रघुनाथ हजारी, हुलास यादव, बबलू मिश्रा, रविंद्र जी, छोटू साहू, उषा पटवा एवं भारतीय जनता पार्टी के अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की जन्म शताब्दी सुशासन दिवस के रूप में मनी



**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी नगर भाजपा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई। सर्वप्रथम गौशाला स्थित अटल चौक पर अटल जी की प्रतिमा पर अरविंद पाठक के नेतृत्व में भाजपाईयों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कांडरा बाजार में भी अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अरविंद पाठक ने कहा कि आज पूरा भारत अटल जी की सौवीं जयंती मना रहा है। राष्ट्र पुरुष अटल जी ने समाज के दलितों शोषितों और वंचितों को मुख्य धारा में शामिल किया। सदस्यता संयोजक अरविंद खत्री ने कहा कि अटल जी के पदचिन्हों पर मोदी सरकार चल रही है। बेटी बचाओ और बेटी पढाओ अटल जी की कल्पना थी जिसे मोदी जी अमली रूप दे रहे हैं। इस अवसर पर सदस्यता अभियान चलाकर एक सौ लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। मौके पर शैलेश सिंह, राकेश तिवारी, विजय सिंह, संजू महतो, इंद्रमोहन सिंह, ईश्वर यादव आदि थे।

सम्पादकीय.....

# गठबंधन में अकेली होती कांग्रेस

**भारत** की राजनीति निश्चित ही अनिश्चितता का एक ऐसा खेल है, जिसका सीधा-सा आशय नहीं निकाल सकता। यानी जो दिखता है, वैसा होता नहीं है और जो हो जाता है, वह दिखता नहीं है। इसी कारण से कभी-कभी राजनीति से अविश्वास भी होने लगता है। यह अविश्वास केवल जनता के मन में उपजता है, ऐसा नहीं है, राजनीति के ज्ञाता भी इसकी परिधि में गाहे-बगाहे आ जाते हैं। आज के दौर में कांग्रेस के प्रति भी अविश्वास का भाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार पर निरंतर हमालवर रहने वाले इंडी गठबंधन के राजनीतिक दल आज स्वयं के लिए अलग मार्ग तलाशते दिख रहे हैं। कोई दल कांग्रेस को भाव देने को तैयार नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि कांग्रेस आज भी इस सच को आईने में देखने को तैयार नहीं है। आज कांग्रेस की सच्चाई यही है कि उसे अपनी विरासत पर ही भरोसा है, इसके अलावा अन्य राजनेता भले ही बड़े पद पर पहुँच जाएं, उन्हें जितना महत्व मिलना चाहिए उतना मिलता नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कमोबेश ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के समक्ष लगभग नतमस्तक से दिखाई देते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजे को कांग्रेस भले अपने लिए सफलता माने लेकिन वह सफलता इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि यह कांग्रेस की स्वयं की राजनीतिक ताकत नहीं थी, इसमें इंडी गठबंधन के दलों का योगदान था। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों में विपक्षी दलों को निश्चित ही अपेक्षित सफलता मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। इसी कारण इंडी गठबंधन में दरार पैदा करने वाले स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। राजनीतिक आकलन किया जाए तो इन स्वरों के यही निहितार्थ निकल सकते हैं कि कांग्रेस के पास इंडी गठबंधन को नेतृत्व देने का सामर्थ्य नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपने राजनीतिक कौशल का लगातार परिचय देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रही हैं। ममता बनर्जी की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि वे किसी और के नेतृत्व में काम करने के लिए सहज नहीं हैं। इसलिए उन्होंने यह स्वयं ही कहा है कि अगर कांग्रेस चाहे तो तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इसका आशय पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस में अब नेतृत्व करने की शक्ति नहीं बची है। हर जगह से कांग्रेस को आईना दिखाने का क्रम प्रारम्भ हो चुका है, लेकिन कांग्रेस में तो केवल और केवल इसी बात की राजनीति की जा रही है कि राहुल और प्रियंका को कैसे स्थापित किया जाए। इसी के चलते कांग्रेस अन्य दलों की लगभग अनदेखी-सी करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस अनेक बार उत्थान और पतन की राजनीति से गुजरी है। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में पराजय का दंश झेलने वाली कांग्रेस की विसंगति यही है कि वह केवल विरोध करने की राजनीति ही कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का हर बयान मोदी या भाजपा तक ही सीमित है। यह अब कांग्रेस का स्थायी भाव सा बन गया है। इसका मतलब यह भी निकल सकता है कि उनके पास स्वयं की ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर राजनीति की जा सके। अभी हाल ही में प्रियंका वाड्रा ने संसद में कांग्रेस का रटा-रटाया बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संविधान बदलना चाहती है।

## ● किसने क्या कहा




सबसे पहले नदी-जल का महत्त्व बाबा साहब ने समझा, कांग्रेस ने कभी उन्हें क्रेडिट नहीं दिया

नरेन्द्र मादी
प्रधानमंत्री

भारत में पहली बार विकास दर 8.4 प्रतिशत पर अटल जी के कार्यकाल में पहुंची

राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री



# कर्मचारियों की कमी से जूझती शासन व्यवस्था

विशेष — प्रियंका सौरभ

> **सरकारी** कर्मचारियों का छोटा आकार अधिकारियों पर अत्यधिक बोझ डालता है, जिससे प्रभावी नीति निष्पादन मुश्किल हो जाता है। अपर्याप्त जनशक्ति और अत्यधिक प्रक्रियाओं के कारण सेवाओं में देरी होती है, क्योंकि अधिकारी काम की मात्रा को संभालने के लिए संघर्ष करते हैं। भारतीय राज्य में प्रति व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों की संख्या कम है, जिसके परिणामस्वरूप जटिल शासन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कर्मियों की कम उपस्थिति है। भारत में प्रति मिलियन केवल 1,600 केंद्रीय सरकारी कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिका में प्रति मिलियन 7,500 हैं, जिससे राज्य की दक्षता प्रभावित होती है। कम सिविल सेवकों के बावजूद, नौकरशाही लाइसेंसिंग, परमिट और मंजूरी जैसी जटिल प्रक्रियाओं में फंसी हुई है।

**भारतीय** शासन व्यवस्था को अक्सर 'लोगों की कमी' लेकिन 'प्रक्रियाओं की कमी' के रूप में वर्णित किया जाता है, जो कि प्रभावी शासन के लिए उपलब्ध बड़ी प्रशासनिक मशीनरी और सीमित मानव संसाधनों के बीच असंतुलन को दशार्ता है। जबकि नौकरशाही प्रक्रियाएँ अच्छी तरह से स्थापित हैं, कर्मियों की कमी कुशल कार्यान्वयन में बाधा डालती है। यह विरोधाभास देरी, अक्षमताओं और अपर्याप्त सार्वजनिक सेवा वितरण का कारण बनकर शासन को प्रभावित करता है, जिससे नागरिकों की जरूरतों के प्रति राज्य की जवाबदेही कम होती है। शासन व्यवस्था को 'लोगों की कमी' लेकिन 'प्रक्रियाओं की कमी' के रूप में वर्णित किया जाता है। भारतीय राज्य में प्रति व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों की संख्या कम है, जिसके परिणामस्वरूप जटिल शासन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कर्मियों की कम उपस्थिति है। भारत में प्रति मिलियन केवल 1,600 केंद्रीय सरकारी कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिका में प्रति मिलियन 7,500 हैं, जिससे राज्य की दक्षता प्रभावित होती है। कम सिविल सेवकों के बावजूद, नौकरशाही लाइसेंसिंग, परमिट और मंजूरी जैसी जटिल प्रक्रियाओं में फंसी हुई है। व्यवसाय शुरू करने के लिए मंजूरी, परमिट और अनुमोदन की भूलभुलैया से गुजरना पड़ता है जो प्रगति में बाधा डालते हैं और परिणामों में देरी करते हैं। भारतीय राज्य में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और पुलिसिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में कुशल पेशेवरों की कमी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास केवल 7,000 कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व में 22,000 कर्मचारी हैं, जो राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता के प्रबंधन में प्रभावशीलता को सीमित करता है। नीति-निर्माण अत्यधिक केंद्रीकृत है, लेकिन कार्यान्वयन सीमित फ्रंटलाइन कर्मियों द्वारा की जाने वाली एक बोझिल प्रक्रिया बनी हुई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजनाओं को क्रियान्वित करता है, जबकि नीति निर्माण मंत्रालय स्तर पर रहता है, जिससे देरी और लागत में कमी आती है। सरकारी कर्मचारियों का छोटा आकार अधिकारियों पर अत्यधिक बोझ डालता है, जिससे प्रभावी नीति निष्पादन मुश्किल हो जाता है। अपर्याप्त जनशक्ति और अत्यधिक प्रक्रियाओं के कारण सेवाओं में देरी होती है, क्योंकि अधिकारी काम की मात्रा को संभालने के लिए संघर्ष करते हैं। बोझिल विनियामक मंजूरी और अग्रिम पंक्ति के निर्णय लेने वाले प्राधिकरण की कमी के कारण बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को लागत में वृद्धि और देरी का सामना करना पड़ता है। नीति निर्माण और निष्पादन का विभाजन निर्णय लेने वालों और सेवा कार्यान्वयनकताओं के बीच एक वियोग पैदा करता है, जिससे खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही कम हो जाती है। जब सड़क निर्माण परियोजनाओं में समस्याएँ आती हैं, तो मंत्रालयों और कार्यान्वयनकताओं के बीच निगरानी के लिए स्पष्ट ज़िम्मेदारी की अनुपस्थिति के कारण दोषारोपण और अक्षमताएँ होती हैं। सरकार के भीतर कौशल की कमी के कारण महत्वपूर्ण कार्यों के लिए निजी परामर्श फर्मों पर निर्भरता बढ़ जाती है, जिससे सार्वजनिक व्यय बढ़ जाता है। भारत सरकार ने उन कार्यों के लिए परामर्श शुल्क पर 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए, जिन्हें बेहतर प्रशिक्षित अधिकारियों के साथ घर में ही प्रबंधित किया जा सकता था। नौकरशाही की जटिल प्रक्रियाएँ जोखिम लेने और विवेकाधीन निर्णय लेने से परहेज पैदा करती हैं, जिससे नवाचार बाधित होता है और अनुकूलन धीमा होता है। उच्च सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन और नौकरी की सुरक्षा के साथ प्रोत्साहनों का गलत संरेखण ऐसे लोगों को आकर्षित करता है जो सामाजिक सेवा के बजाय वित्तीय लाभ से प्रेरित होते हैं। लोगों की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न स्तरों पर योग्य पेशेवरों की भर्ती बढ़ाएँ, जिससे कुशल कार्यबल सुनिश्चित हो। मिशन कर्मयोगी जैसे पार्श्व प्रवेश कार्यक्रम और विशेष प्रशिक्षण पहल सिविल सेवकों के कौशल और दक्षता में सुधार कर सकते हैं। कार्यान्वयन से संबंधित निर्णय लेने, जवाबदेही में सुधार और प्रक्रियाओं को गति देने के लिए प्रत्यायोजित अधिकार के साथ फ्रंटलाइन कर्मियों को सशक्त बनाएँ। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समान नीतियों को क्रियान्वित करने में फ्रंटलाइन कार्यकताओं को अधिक नियंत्रण देने से देरी कम होती है और दक्षता में सुधार होता है। लाइसेंस और मंजूरी के बोझ को कम करने के लिए नौकरशाही प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करें, जिससे नागरिकों और व्यवसायों के लिए सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच आसान हो। परमिट और अनुमोदन के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करने वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जटिलता को कम कर सकते हैं और प्रक्रियाओं को गति दे सकते हैं। मध्यम वेतन सुधार लागू करें जो सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन को निजी क्षेत्र के मुआवजे के साथ संरेखित करते हैं, भ्रष्टाचार को हतोत्साहित करते हैं और सामाजिक सेवा से प्रेरित व्यक्तियों को आकर्षित करते हैं। प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहनों को लागू करना और प्रतिस्पर्धी, लेकिन उचित वेतन सुनिश्चित करना सामाजिक सोच वाले पेशेवरों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के आकर्षण को बढ़ा सकता है।

# श्याम बेनेगल का जाना नये सिनेमा का अंत

गौरतलब — ललित गर्ग

> **श्याम** बेनेगल की आखिरी फिल्म 'मुजीब : द मेकिंग ऑफ ए नेशन' थी, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। इस फिल्म ने भारत ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में भी सुर्खियां बटोरीं। यह फिल्म बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान पर आधारित थी, जो बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी थे। उनकी जिंदगी पर बनी फिल्म ने बांग्लादेश में 2024 में तख्तापलट करवा दिया था और शेख हसीना को इस्तीफा देना पड़ा था।

**बॉलीवुड** में समानांतर सिनेमा के जनक, 'मंथन' से लेकर 'वेलडन अब्बा' तक जिनके फिल्मी सफर को एक युग कहा जा सकता है, बेहद कलात्मक, बेहद संजीदा, बेहद संवेदनशील, ऐसे बेमिसाल फिल्मकार श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की उम्र में जाना अत्यंत दुखद ही नहीं है, एक सार्थक भारतीय सिनेमा एवं गौरवशाली टेलीविजन युग का अंत है। दादा साहब फाल्के के अलावा सात राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित बेनेगल ने हिंदी सिनेमा को नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी, अनंत नगा जैसे प्रख्यात कलाकार दिए। उनकी फिल्मों के साथ भारतीय सिनेमा का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरू हुआ, जिसने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई प्रदान की। पिता के कैमरे से 12 साल की उम्र में पहली फिल्म बनाने वाले बेनेगल ने उस समय अहसास कराया कि भारतीय सिनेमा में एक विराट प्रतिभा मोर्चा संभाल चुकी है, जिसके काम की गूंज उनकी जीवन में ही नहीं, बल्कि भविष्य में लम्बे समय तक देश और दुनिया को सुनाई देगी। जब-जब हमने बहुत ठहरकर, बहुत संजीदगी के साथ उनके काम को देखा तो अनायास ही हमें महसूस हुआ कि वे अपने आप में कितना कुछ समेटे हुए थे, अद्भुत, यादगार एवं विलक्षण। सिनेमा दर्शकों का ऐसे महा- फिल्मकार की फिल्मों से अनभिज्ञ रहना इस संसार में रहते हुए भी सूर्य, चन्द्रमा एवं तारों को न देखने जैसा है।

श्याम बेनेगल का जन्म 14 दिसम्बर 1934 को हैदराबाद में हुआ। हैदराबाद की ओसमानिया यूनिवर्सिटी से इकोनोमिक्स में एमए करने के बाद बेनेगल ने आगे जाकर हैदराबाद फिल्म सोसायटी की स्थापना की। उनका संबंध कोंकणी बोलने वाले चित्रपुर सारस्वत परिवार से था। उनका असली नाम श्याम सुंदर बेनेगल था। श्याम बेनेगल की शादी नीरा बेनेगल से हुई थी और उनकी एक बेटी पिया बेनेगल है, जो एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं, जिन्होंने कई फिल्मों के लिए भी काम किया है। श्याम ने बचपन में ही अपने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी. बेनेगल के कैमरे से पहली फिल्म शूट की थी। 1962 में उन्होंने पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'घर बैठा गंगा' बनाई, जो गुजराती में थी। बेनेगल को भारत सरकार द्वारा 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी सफल फिल्मों में मंथन, जुबैदा और सरदारी बेगम शामिल हैं। जिनमें जीवन के कठोर यथार्थ को बेनेगल ने सिनेमा-शिल्प में, महीन अर्थवत्ता के साथ नाटकीयता के धनीभूत आशयों में अभिव्यक्ति दी, प्रस्तुति दी है।

## आज का इतिहास

- शेक्सपियर ने 1606 में अपने लोकप्रिय नाटक किंग लियर को पहली बार इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के दरबार में पेश किया था।
- फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच दक्षिणी हॉलैंड को लेकर समझौते पर 1748 में हस्ताक्षर किये गये।
- दिल्ली से मुंबई के बीच देश की पहली क्रॉस कंट्री मोटरकार रैली का 1904 में उद्घाटन।
- तुर्की में 1925 में ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया गया।
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 1925 में स्थापना।
- सोवियत संघ ने 1977 में पूर्वी कजाख क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
- भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 1978 में जेल से रिहा किया गया।
- उड़ीसा की प्रमुख पार्टी, बीजू जनता दल (बीजद) की 1997 में स्थापना वरिष्ठ राजनेता बीजू
- पटनायक के पुत्र नवीन पटनायक ने की।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिक्षद ने 2002 में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो में पुन: संघर्ष शुरू होने की सूचना दी।
- शेन वार्न ने 2006 में अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेकर इतिहास रचा।
- तुर्क विमानों ने 2007 में इराकी कुर्द ठिकानों पर हमले किये।
- चीन की राजधानी बीजिंग से ग्वांग्झू शहर तक बनाए गए दुनिया के सबसे लंबे हाई स्पीड रेलमार्ग को 2012 में खोला गया।
- 18 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध अंग्रेजी कवियों में से एक थॉमस ग्रे का जन्म 1716 में हुआ।
- स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद उधम सिंह का जन्म 1899 में हुआ।
- विख्यात सामाजिक कार्यकर्ता, मुखत: कुष्?ठरोगियों की सेवा के लिए विख्यात बाबा आम्टे का जन्म 1914 में हुआ।
- प्रसिद्ध संगीतकार नौशाद का जन्म 1919 में हुआ।
- गुजराती साहित्यकार तारक मेहता का जन्म 1929 में हुआ।
- भारतीय समाज सेवी महिला माबेला अरोल का जन्म 1935 में हुआ।

## अंकजाल - 7770

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



अंकजाल - 7769 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## मुक्ति की तलाश

**जापान** में नानहेन नामक एक परम ज्ञानी फकीर थे। एक दिन एक व्यक्ति उनके पास पहुंचकर बोला, मैं संन्यास लेना चाहता हूं। इसके लिए मैंने अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सब को तिलांजलि दे दी है। फकीर ने पूछा, क्या तुम बिल्कुल अकेले हो? तुम्हारे साथ वास्तव में कोई नहीं है। व्यक्ति बोला, आप मेरे आगे-पीछे देख लीजिए, आपको कोई नहीं मिलेगा। फकीर बोले, अपनी आंखें बंद करो। अंदर झांककर देखो कि वहां कोई और तो नहीं है? जाओ, कुछ देर के लिए वटवृक्ष की छाया में बैठकर सोचो। थोड़ी देर बाद आना। वह व्यक्ति वटवृक्ष की छाया में बैठकर ध्यान करने लगा। जब उसने आंखें बंद कीं तो उसे अपने वृद्ध माता-पिता, पत्नी और बच्चों की छवि नजर आने लगी। वह चिंतित हो गया। घबराकर उसने अपनी आंखें खोलीं तो फकीर को अपने पास खड़ा पाया। व्यक्ति ने कहा, मैं तो अपना परिवार, नाते-रिश्ते सब पीछे छोड़ आया था, लेकिन यहां पर आंखें बंद करते ही उनकी छवि सामने घूम रही है। इस पर फकीर बोले, ध्यानमग्न होकर उन व्यक्तियों को अपने दिमाग से निकालने का प्रयत्न करो। कुछ देर बाद मेरे पास आना। दो घंटे बाद युवक ने फकीर का दरवाजा खटखटाया तो फकीर बोले, कौन है? युवक बोला, मैं हूं। फकीर ने कहा, अभी भी तुम अकेले नहीं हो।

## सुविचार

आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्त्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें।

**महात्मा गांधी**

मासिक वेतन पूरनमासी का चांद है, जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है।

**प्रेमचंद**

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या लूट का अड्डा

**निर्मल रानी**

**वैसे** तो 2012 में प्रसारित किये गये आमिर खान के प्रसिद्ध व लोकप्रिय धारावाहिक 'सत्यमेव जयते' में भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त धांधली व लूट जैसे अति गंभीर विषय को अत्यंत प्रभावी रूप से उठाया जा चुका है। इस में प्रमाणिक तरीके से यह बताया गया था कि किस प्रकार डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को बिना जरुरत के दवाइयाँ दी जाती हैं और किस तरह मरीजों का गैर जरूरी इलाज किया जाता है। इसमें कई ऐसे उदाहरण पेश किये गये थे जिससे यह साबित होता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किस तरह की धांधलियां हो रही हैं। 'सत्यमेव जयते' में यह भी दिखाया गया था कि आंध्र प्रदेश के एक गाँव में बड़ी संख्या में महिलाओं की बच्चेदानी (गर्भाशय) निकाल दिया गया, जबकि इसकी जरुरत ही नहीं थी। डॉक्टर्स द्वारा महिलाओं को यह बताया गया था कि अगर उन्होंने ऑप्रेशन नहीं करवाया तो उनकी जान चली जाएगी। जब कि इस कार्यक्रम में भाग ले रही एक सीनियर डॉक्टर का कहना था कि कैंसर के अलावा कोई और मामला नहीं होता जिसमें गर्भाशय को निकालना पड़े। इसी मंच पर यह भी बताया गया था कि कई बार मरीजों से दवाओं की क ीमत पचास गुना ज्यादा तक वसूली जाती है। तरह तरह के गैर जरूरी फर्जी टेस्ट करने के लिए मरीज पर दबाव बनाने जैसी अनेक बातें भी सामने आयी थीं। यहाँ तक कि सत्यमेव जयते में डॉक्टरों के व्यवसाय से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक सभी पर निगरानी रखने वाली संस्था मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की गड़बड़ियों पर भी चर्चा की गई थी।

परन्तु 'सत्यमेव जयते' द्वारा भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार व लूट के उजागर होने के बावजूद गत 12 वर्षों में इसमें कोई सुधार तो बिल्कुल नहीं आया,हाँ लूट खसोट में और अधिक इजाफा जरूर हो गया है। और भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त यह लूट अब इस हद तक पहुँच चुकी है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सीधे शब्दों में मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने के बारे में तो कतई नहीं बल्कि उससे कितने अधिक से अधिक पैसे वसूले जा सकते हैं सारा ध्यान व अस्पतालों का सारा चक्रव्यूह इसी तरीके से रचा जा रहा है। और ऐसा हो भी क्यों न ? जब सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फार्मा और हेल्थकेयर कम्पनीज द्वारा सत्ता को चुनावी बांड के रूप में इतने पैसे दे दिए जायें कि उनकी हर तरह की लूट पर सरकारें खामोश रहें? गौरतलब है पिछले दिनों जब सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इलेक्टोरल बांड सार्वजनिक किये गए थे उन्हीं चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से पता चला था कि देश की कम से कम 30 फार्मा और हेल्थकेयर कंपनियों ने 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे जो कुल मिलाकर लगभग 900 करोड़ रुपये है। यह कुल 12,155 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 7.4% है, जिसके लिए डेटा जारी किया गया था। नतीजतन आज सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल,फार्मा और हेल्थकेयर फर्मों को इस बात की पूरी छूट मिल चुकी है कि वे मरीज की आर्थिक स्थिति के अनुसार जितना चाहे उसका दोहन कर सकते हैं करें। इनको मिली इस शाह का नतीजा है कि आज देश में प्रायः 44 % ऐसी झूठी सर्जरी की जा रही हैं जिनकी जरुरत ही नहीं। करीब 55 % गैर जरूरी हार्ट सर्जरी,लगभग 48 % गर्भाशय सर्जरी करीब 47 % कैंसर सर्जरी,48 % घुटना बदलने वाली शल्य चिकित्सा 45 % प्रसव सर्जरी केवल धन ऐंठने हेतु पूरी तरह अकारण ही की जा रही हैं।

# शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु कोई मायने नहीं रखती

गौरतलब — अशोक 'प्रवृद्ध'

> **सर्द** रात्रि के उस भयानक मौसम में हुए अचानक हमले से अफरातफरी मच गई। सिरसा नदी को पार करते हुए गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र, नौ वर्षीय जोरावर सिंह और छह वर्षीय फतेह सिंह अपनी दादी गुजरी के साथ परिवार से बिछुड़ गए और अपने अंदर के ही लोगों के विश्वासघात के कारण सरहिंद के सूबेदार द्वारा बंदी बना लिए गए। उसने उनको सर्दियों के भयंकर मौसम में एक ठंडे बुर्ज में कैद कर दिया। वह बुर्ज इतना ठंड था कि उस बुर्ज का नाम ही ठंडा बुर्ज पड़ गया था।

**सिखों** के दसगुरु परंपरा के दशम गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह और माता गुजरी के असाधारण साहस और बलिदान के स्मरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश-विदेश में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। 9 जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर हर साल 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवसके रूप में आयोजित करने की घोषणा की थी।तब से प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवसआयोजित किया जाता है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु कोई मायने नहीं रखती। वीर बाल दिवस हमें यह भी स्मरण कराता है कि सिखों के दस गुरुओं का देश व धर्म के लिए योगदान क्या है? देश के स्वाभिमान के लिए सिख परंपरा का बलिदान क्या है? भारत क्या है? भारत की पहचान क्या है?

उल्लेखनीय है कि भारतीय इतिहास मेंअविस्मरणीय माने जाने वाले विक्रमी सम्वत 1762 के पौष मास (दिसम्बर1704 ईस्वी) में गोबिंद सिंह के चारों सुपुत्रों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था।गोविंद सिंह के पिता नवम गुरु तेग बहादुर पहले ही देश, धर्म की रक्षा के लिए आत्म बलिदान दे चुके थे। बालक गोबिंद ने तब स्वयं ही अपने पिता से कहा था कि आपसे बड़ा महापुरुष इस देश में कौन है? अपने पिता के शीश का ही वे अंतिम संस्कार कर पाए थे। धड़ का संस्कार तो लखी बंजारा ने अपने घर को आग लगा कर कर दिया था। इस बलिदान से जली आग में से गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ उत्पन्न किया था। विक्रमी सम्वत 1762 के पौष मास (दिसम्बर 1704) के महीने में ही गोबिंद सिंह के चारों पुत्रों ने धर्म और देश की खातिर आत्म बलिदान कर दिया था।यही कारण है कि दिसम्बर का महीना भारत में बलिदान का महीना मान कर याद किया जाता है। भारतीय इतिहास में देश और धर्म पर सर्वस्व त्याग की भावना भरने वाले दिसम्बर मास के इस बलिदान ने कालांतर में भारत का इतिहास बदल दिया और खालसा पंथ ने सप्त सिंधु क्षेत्र से मुगल अफगान साम्राज्य के बचे-खुचे अवशेषों को नष्ट कर दिया।

ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार आनंदपुर में मुगल सेना ने गुरु गोबिंद सिंह और उनके साथियों को घेरा हुआ था। मुगलों का यह घेरा काफी लंबा हो गया था। मुगल शासकों ने मध्यस्थों के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह तक यह संदेश पहुंचाया कि यदि गुरुजी अपने साथियों सहित आनंदपुर छोड़ देंगे, तो मुगल सेना उनका पीछा नहीं करेगी। मुगलों के द्वारा यह आश्वासन कुरान की कसम खाकर दिए जाने के कारण गुरु गोविंद सिंह ने इस पर विश्वास कर लिया और दिसम्बर की सर्द रात्रि में अपने साहसी व वीर साथियों सहित आनंदपुर से रोपड़ की ओर चल पड़े। लेकिन वे अभी वे कुछ ही दूर गए थे कि मुगलों ने कुरान की कसम को दरकिनार करते हुए गुरु गोविंद सिंह पर हमला कर दिया।

## राशिफल

**मेष** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**तुला** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी।

**वृश्चिक** — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**मिथुन** — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ड्ढषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**धनु** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**कर्क** — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**मकर** — रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह** — पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा।

**कुंभ** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या** — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे।

**मीन** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# लातेहार में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले भर में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय के पहाड़पुरी स्थित संतजेवियर कैथोलिक चर्च, सीएनआई चर्च, जीएल चर्च , सीजीएम चर्च, चंदवा के कैथोलिक चर्च, संत जेवियर गोठगांव, संत मिखाइल शाले, संत लिबन्स टुन्नटोली, संत जेवियर पकरीपाठ, संत मेरी चीरोपाठ, संत मेरीस चेतमा, दौना पल्ली मे पल्ली पुरोहित के नेतृत्व मे विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह चर्च व गिरजाघरों में प्रार्थना के बाद सभी मसीह समाज के लोग कैंडल जलाकर प्रभु यीशु के आगमन की अराधना किये। तत्पश्चात सेलीब्रेशन का दौर आरंभ हो गया। सभी चर्च व गिरजाघरों में रविवार की देर रात क्रिसमस जागरण व मिस्सा विशेष प्रार्थना के बीच प्रभु यीशु का आगमन (जन्म) हुआ। रात 12 बजते ही मसीह समाज के लोग यीशु के जन्म के जश्न में डूब गए। प्रभु यीशु के आगमन के समय देर रात बड़े गिरजाघर, माता चर्च, संत जोसेफ चर्च, तुन्दटोली, पकरीपाठ चर्च एवं रामपुर अराधनालय चर्च में विशेष प्रार्थना की गई। इस दौरान तुन्दटोली, सभी ने एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। वही क्रिसमस को लेकर कई जगह आकर्षक और देखने लायक भगवान यीशु का चरनी भी बनाई गई। इससे पहले अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने क्रिसमस के पूर्व संध्याई में शहर के पहाड़पुरी इलाके में चरनी का उदघाटन किया .मौके पर जिला परिषद सदस्यल विनोद उरांव, कांग्रेस जिला अध्यटक्ष गुंजर उरांव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, कामेश्वषर प्रसाद, वृंद बिहारी यादव, यादव कला जत्थो के नागेश्व र यादव, मनोज पासवान, सुरेंद्र यादव, कृष्णा् यादव, मोती उराव, फादर मनोज लकड़ा, फादर मन कुबर टोप्पोस, सिस्टयर डॉ. सेलेस्टी, सिस्टार डेलफी और सिस्टदर सालो समेंत मसीही समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

## यीशू के जन्म पर रात में मनीं खुशियां, सुबह प्रार्थना



**पलामू :** पलामू जिले में बुधवार को ईसाई धर्मावलंबियों ने क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया। गिरिजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन पर मंगलवार देर रात में प्रार्थना सभा हुई और बालक यीशु के आगमन की खुशियां मनाई गई। स्टेशन रोड स्थित शांति की महारानी गिरिजाघर में चरनी सजाई गई। क्रिसमस त्योहार को लेकर मंगलवार की शाम से ही चर्चों में पुण्य रात की आराधना होने लगी थी। बुधवार सुबह तक यह सिलसिला चला। सामूहिक प्रार्थना के बाद ईसाई धर्मावलंबियों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी।



## लकड़ी लदी ट्रक को कब्जे में लेने को लेकर पुलिस व वन विभाग आमने-सामने



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** लकड़ी लदे ट्रक को अपने कब्जे मे लेने को लेकर भवनाथपुर थाना पुलिस और वनकर्मियों के बीच ठन गई, इसे लेकर दोनों विभाग में नहीं दिखा सामंजस्य। लगभग 15 घंटे के बाद मंगलवार की सुबह में ट्रक को छोड़ दिया गया,जो चौक-चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि सोमवार की देर शाम में भवनाथपुर थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान ब्लॉक गेट के सामने लकड़ी लदे ट्रक संख्या CG 15 DL 1471 को पकड़ा। ट्रक चालक गढ़वा निवासी सफिक अंसारी एवं उसके साथी के द्वारा बताया गया कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कोनमंडरा निवासी गोपाल दुबे के रैयती जमीन से हरसैन (बबुल) का लकड़ी लोड किये हैं,जिसकी अनुमति पंचायत मुखिया द्वारा भी दी गई है। दलबल के साथ मौके पर मौजूद प्रभारी थाना प्रभारी प्रदीप उरांव द्वारा उक्त ट्रक को ट्रांसपोर्टिंग चालान नहीं होने पर, ट्रक को रोककर थाना ले जाने को बोला। इसी बीच वन विभाग के कर्मी भी वहां पहुंच गये,और उक्त ट्रक को जांच हेतु वन परिसर में लाने का प्रयास करने लगे,तभी भवनाथपुर पुलिस द्वारा इसका विरोध करते हुए कहा गया कि इसे भवनाथपुर पुलिस पकड़ी है।

### केन्द्रीय मंत्री मुरुगन ने डालटनगंज में दूरदर्शन व आकाशवाणी केन्द्र का किया निरीक्षण

## अटल जयंती पर प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल. मुरुगन ने तीन दिवसीय झारखंड के पलामू दौरे के आखिरी दिन बुधवार को डालटनगंज में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केंद्र का निरीक्षण किया। मोहम्मदगंज में नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान वे मेदिनीनगर सदर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं से मिले। इसके अलावा भाजपा जिला कार्यालय में अटल जयंती पर प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इसके बाद शाम को पटना के लिए रवाना हो गए। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन ने बुधवार सुबह दूरदर्शन एवं आकाशवाणी केन्द्र, डालटनगंज का दौरा किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा फोकस आकाशवाणी दूरदर्शन पर है। हम उस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने दूरदर्शन परिसर में कपूर का पौधा भी लगाया। पलामू जिला लोक कला संस्कृति मंच के अध्यक्ष व आकाशवाणी दूरदर्शन के कलाकार शिशिर कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पलामू प्रमंडल के सभी कलाकारों ने केन्द्रीय मंत्री के समक्ष अपनी मांग को रखी। शिशिर ने कहा कि कलाकारों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द डालटनगंज के आकाशवाणी-दूरदर्शन केन्द्र में कार्यक्रम शुरू होगा। इस ऐतिहासिक कार्य के लिए पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम का हम सभी कलाकार आभारी हैं, जिनके अथक प्रयास से यह संभव हुआ।

## 06 एकड़ समदा आहर में सौंदर्यीकरण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति : रुचिर तिवारी

- रेड़मा ग्राम वासियों को साथ लेकर काम को ठप कर सड़क को करेंगे जाम निगम जिम्मेवार : भाकपा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, सर्व ब्राह्मण विकास समिति के सचिव त्रिपुरारी तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी, मृत्युंजय तिवारी ने मेदनीनगर नीगम के वार्ड नंबर 17 समदा अहरा का कर रहे गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का निरीक्षण किया। जिसमें यह पाया कि यह तालाब लगभग 6 एकड़ जमीन में है लेकिन तालाब का गहरीकरण और सुंदरीकरण के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति करने का काम किया जा रहा है तालाब के जमीन का नक्शा के अनुसार वह अधिक चौड़ीकरण होगा लेकिन इस तालाब को ठेकेदार मनमानी रूप से करोड़ों रुपया पैसा निकालने के चक्कर में सिर्फ तालाब का सुंदरीकरण के नाम पर खाना पूर्ति करके पदाधिकारी के साथ मिलकर सरकारी पैसा का बंदर बांट करने में लगे हुए हैं माननीय सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश है कि जल स्रोतों का किसी भी रूप में अतिक्रमण नहीं होना चाहिए बल्कि उसका संरक्षण होना चाहिए फिर भी निगम के पदाधिकारी इस बिंदु पर ध्यान नहीं दे रहे हैं समदा आहार का यह तालाब ग्राम रेड़मा वासियो के लिए जल स्रोत के रूप में लाइफ लाइन है जिसको किसी भी कीमत पर खाना पूर्ति करके पैसा निकालना के लिए नहीं छोड़ा दिया जायेगा।

## बंदूक, देसी कट्टा और कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले की भवनाथपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर हरिहरपुर ओपी क्षेत्र से बंदूक, देसी कट्टा और कारतूस के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बरामद अवैध हथियार के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है। बुधवार को सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गढवा के एसपी दीपक पांडे ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बतेखुर्द के पवन कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार गुप्ता उर्फ प्रिंस कुमार एवं हरिहरपुर टोला भंडार के राजू कुमार के पास अवैध हथियार है। वंशीधरनगर के एसडीपीओ सतेन्द्र नारायण सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी की गयी। राजू के घर पहुंचे। यहां घर के छज्जे पर रखा हुआ एक अवैध एक नाली देसी बंदूक बरामद किया गया। मोबाइल जप्त किया गया। इसी क्रम में पवन के घर पहुंचे, उसकी निशानदेही पर उसके घर से 150 मीटर की दूरी पर खेत से एक सात राउंड का देसी कट्टा बरामद किया गया। देसी कट्टा का कोई कागजात नहीं मिला। राजू और पवन के साथ फोटो में दिखे सुबोध के घर पहुंचे, उसकी निशानदेही पर उसके घर से 400 मीटर की दूरी पर खेत में गड़ा एक 6 राउंड का देसी कट्टा एवं कारतूस बरामद किया गया। कोई कागजात नहीं प्रस्तुत किया गया। सभी हथियार जप्त किए गए और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गुमला में एक शाम रफी के नाम के मौके पर रांची व गुमला के कलाकारों ने बांधा समां




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** आवाज के जादूगर महान गायक मोहम्मद रफी के 100 वीं जन्मदिवस के मौके पर स्थानीय जशपुर रोड स्थित बंगाली क्लब गुमला में संगीत प्रेमियों के लिए( स्टार कराओके म्यूजिकल ग्रुप) गुमला द्वारा एक शाम रफी के नाम प्रोग्राम धूमधाम से किया गया है इसमें झारखंड की राजधानी रांची से और गुमला के कलाकार जिन्होंने एक से बढ़कर एक रफी के गाये हुए सदाबहार नगमे प्रस्तुत किया जिसमें रांची के जिया भाई, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद माज, मोहम्मद माज, जमाल भाई, अब्दुल बारी राधिका रानी, मोहम्मद शमशाद आदि वहीं गुमला के सुरेश विश्वकर्मा, मोहम्मद सरवर आलम, पिंकी, विश्ववा, मोहम्मद शकील, आशुतोष श्रीवास्तव, अमित साबू, वंदना गुप्ता, पवन कुमार और बबलू शर्मा, रवि कुमार शामिल होकर इस शाम को अपनी गाएकी से यादगार बना दिए, खासकर मोहम्मद सरवर आलम और पिंकी विश्वकर्मा द्वारा गया हुआ गीत ये दिल तुम बिन, कहीं लगता नहीं। मोहम्मद शकील के गाय गीत ये माना मरी जां, मोहब्बत सजा है, रांची के मोहम्मद परवेज और राधिका रानी द्वारा युगल गीत पल दो पल का साथ हमारा. पल दो पल के याराने है।

# देश के नवरत्नों में एक थे हमारे अटल बिहारी वाजपेयी : बी.डी राम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर में र्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू के सांसद बीडी राम उपस्थित थे।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया ।इस अवसर पर जनसंघ काल के नेता एवं वरिष्ठ व्यवसायिक अयोध्या प्रसाद को सांसद के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर पलामू सांसद ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक विशिष्ट दार्शनिक थे।पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक आदर्श नेता थे। उनकी विचारशीलता नीतियों और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें 1992 में पद्म विभूषण पुरस्कार तथा 1994 में भारत का सर्वश्रेष्ठ सांसद और 2015 में भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन भारतीय लोकतंत्र राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के लिए समर्पित था। उन्होंने राष्ट्रधर्म पांचजन्य और वीर अर्जुन जैसे कई राष्ट्रीय भावना से प्रेरित पत्र पत्रिकाओं का सम्पादन करके राष्ट्रीय विचारधारा को जनता तक पहुंचाया था। जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी शानदार और विराट व्यक्तित्व के नेता थे उनका राजनीतिक जीवन 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन से शुरू हुआ जब उन्हें 24 दिन जेल में बिताने पड़े थे। श्री वाजपेयी भाजपा के संस्थापक सदस्य तथा पहले अध्यक्ष थे। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने 24 दलों के गठबंधन से सरकार बनाई जिसमें 81 मंत्री थे। इतने बड़े गठबंधन होने के बावजूद उनकी सरकार में कभी भी किसी दल ने कोई विवाद नहीं किया यह उनके नेतृत्व क्षमता का एक उत्कृष्ट उदाहरण था।प्रदेश नेत्री कल्याणी पाण्डेय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री के रूप में वर्ष 1977 में संयुक्त राष्ट्र को हिंदी में संबोधित करने वाले पहले व्यक्ति थे। हिन्दी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला महामंत्री बंसी यादव ने किया एवं समापन, महामंत्री अमलेश सिंह जी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के सह प्रभारी मुकेश कुमार पाण्डेय, आशा देवी, शीला देवी, राजीव रंजन पाण्डेय, रामदेव सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रमोद, नगर अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, श्रीमती सुनीता देवी ,अपर्णा सिंह, रानी देवी पिट्ठू रजब जी अनिल सिंह जी आनन्द आनन्द सिंह जी पवन कुमार गणेश प्रसाद संतोष पाण्डेय अनुज तिवारी,कन्हाई पासवान, बबन मांझी, एव भारतीय जनता पार्टी के मण्डल एवं जिले के सभी वरिष्ठ उपस्थित थे।

## भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस सुशासन दिवस के रूप मनाया



**बरवाडीह/लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी छिपादोहर मंडल भाजपा महामंत्री मुन्ना गुप्ता के आवास पर भाजपा के पदाधिकारी एवं सभी सम्मानित कार्यकर्ता के द्वारा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई का जयंती एवं सुशासन दिवस कार्यकर्ताओं के द्वारा मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता भीमानंद गिरि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकताओं ने अटल बिहारी वाजपेई की जीवनी के बारे में बताने का कार्य किया। साथ ही उनके बताए हुए मार्गदर्शन संगठन का काम करने के संकल्प लिया गया। वही मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर कुमार गुप्ता, भाजपा महामंत्री मुन्ना कुमार गुप्ता,भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री अजय प्रसाद, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, ओबीसी मोर्चा का उपाध्यक्ष अशोक ठाकुर कार्यालय मंत्री गंगेश्वर ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर राजकुमार ठाकुर नरेश प्रसाद, पवन गुप्ता, राजेश प्रसाद,धर्मेंद्र प्रसाद, सकलदीप सिंह, अवधेश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह का हुआ आयोजन



**बरवाडीह/लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय बरवाडीह में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी समारोह उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद ने किया, जबकि जिला मंत्री ईश्वरी सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकताओं को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के मार्गदर्शन में चलने की आवश्यकता है। उनके मेहनत और लगन के कारण ही हम विश्व के सबसे बड़े संगठन का कार्यकर्ता कहलाते हैं।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सोशल सह मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, मण्डल कार्यसमिति सदस्य शिबू प्रसाद, कमलेश यादव, बूथ अध्यक्ष रुपतेश्वर सिंह, दीपक कुमार, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा ने मनायी अटलबिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती



**गुमला :** भारतीय जनता पार्टी गुमला द्वारा श्रधेय अटलबिहारी बाजपेयी जी की जन्म शताब्दी (100वीं जयंती) मनाया गया। इस मौके पर सत्यनारायण पटेल के आवसीय कार्यलय में भाजपाइयों ने उनके तस्वीर में पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया।और कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर कर वाजपेयी जी के अमर होने की कामना की। इस मोके पर पूर्व सांसद श्री सुदर्शन भगत ने उनके जीवनवरित पर कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी देश के पहले गैर कोंग्रेसी पीएम बने थे। ओर उनके नेतृत्व में देश का उतरोतर विकास हुआ, वे ओजस्वी वक्ता के साथ कुशल संघठन कर्ता भी थे, उनके शासन में ही झारखंड के नवनिर्माण हुवा था उन्होंने ही आदिवासियों के विकास के लिए जनजातीय मंत्रालय का गठन किया था वे हमेशा दलित आदिवासी पिछडो की हितैसी थे। वे सर्वांगीण विकास वकालत करते थे आज भाजपा को पौधा से पेड़ बनाने का काम करे है। वे पत्रकारिता के साथ कानूनविद भी थे। हम उनके लगाए पेड़ का टहनी है और हमलोग की जिम्मेदारी है कि हमलोग संगठन हित में लगतार काम करे। भूपन साहू ने भी अपना विचार ब्यक्त किये। इस कार्यक्रम के पश्चात भाजपा संगठन ने गुमला सदर अस्पताल मरीजों को फल एवं ब्रेड वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ एवं निरोग होने की कामना की। इस कार्यक्रम पर जिलाध्यक्ष बिनय कमार लाल जी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू,भूपन साहू कमलेश उरांव ,अनुपचंद्र अधिकारी, संयुक्ता देवी,सविंदर सिंह, यसवंत सिंह, सागर उरांव, रामवतार भगत, सत्यनरायन पटेल, मंगलसिंह भोक्ता, दामोदर कसेरा, निर्मल गोयल, रामेश्वरी उरांव, किशोर मिश्रा, संजय वर्मा, खुशमन नायक, बबलू वर्मा, अशोक साहू, दिनेश चौधरी, संभु सिंह, अनिकेत गोलू, कौशलेंद्र जमुआर, हरमीत सिंह, सोनमणी उरांव, संभु नायक, गायत्री देवी सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

### एक झलक

## 20 वर्षीय महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के मुरूमदाग गांव निवासी अशोक यादव की पत्नी सोनाली देवी उम्र 20 वर्ष मानसिक तनाव में आकर मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घटना की जानकारी छतरपुर थाना की पुलिस को दी गयी। जानकारी मिलने पर छतरपुर थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वही मृतक के परिजन मुन्ना यादव ने बताया कि मृतक सोनाली के पति अशोक यादव और ससुराल वाले दहेज को लेकर हमेशा सोनाली को प्रताड़ित करते रहते थे। दहेज प्रताड़ना की वजह से सोनाली हमेशा मानसिक तनाव में रहती थी। इसी बीच मंगलवार को मानसिक तनाव में आकर वह आत्महत्या कर ली। वहीं घटना के बाद से मृतक के पति अशोक यादव और ससुराल के लोग फरार हैं।

## पलामू में कोयला लोड मालगाड़ी के डिब्बे में लगी आग

**पलामू :** पलामू के पूर्व मध्य रेलवे के मोहम्मदगंज स्टेशन पर बुधवार सुबह एक मालगाड़ी के डिब्बे में अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 7 बजे की है। स्टेशन पर तैनात स्टेशन मास्टर अमरीश भारतीय ने आग की सूचना तुरंत मालगाड़ी के चालक को दी। ट्रेन को तुरंत रोका गया और स्टेशन मास्टर सहित अन्य रेलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्टेशन मास्टर ने बताया कि कोयला लदी इस मालगाड़ी के 7वें डिब्बे में आग लगी थी। समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। अगर आग फैल जाती, तो करोड़ों रुपये के कोयला और ट्रेन को भारी नुकसान हो सकता था। आग बुझाने के बाद मालगाड़ी के प्रभावित डिब्बे को अन्य डिब्बों से अलग कर दिया गया। इसके बाद ट्रेन के सभी डिब्बों की जांच की गई। सुनिश्चित करने के बाद ट्रेन को उसके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। स्टेशन मास्टर अमरीश भारतीय की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की वजह से ट्रेन और कोयला को बड़ा नुकसान होने से बचा लिया गया। मौके पर मौजूद कर्मियों ने भी आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई।

## विश्वकर्मा समाज के गौरव थे ज्ञानी जैल सिंह : विकास राणा

**हजारीबाग :** बुधवार को झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज,जिला कमेटी, हजारीबाग द्वारा भारत के सातवें राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग में निवास करनेवाले प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, प्रखण्ड अध्यक्ष, प्रखण्ड सचिव, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य लोगों भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वइ ज्ञानी जैल सिंह के चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन विश्वकर्मा समाज के जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया। विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा समाज के गौरव थे। जीवन में संघर्ष करके विधायक से भारत के राष्ट्रपति तक का सफर प्राप्त किया। मेट्रिक पास करने के बाद विशेष रूप से धार्मिक ग्रंथो का अध्ययन किया उसके बाद ही उनको ज्ञानी की उपाधि दी गई ! झारखण्ड के सभी जिला मुख्यालयों में आज के दिन भारत के सातवें राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह के पुण्य तिथि पर विश्वकर्मा समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। 25 दिसम्बर 2024 को हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा के ईमली कोठी ( शिवम नर्सिंग होम के पास ) स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वइ ज्ञानी जैल सिंह की श्रद्धांजलि सभा के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विश्वकर्मा समाज के प्रदेश महासचिव संजय लाल राणा, जिला सचेतक महावीर राणा, पूर्व कोषाध्यक्ष उमेश राणा, मनोज कुमा शर्मा, नन्हू राणा, संजय राणा, कौलेश्वर शर्मा, परमेश्वर राणा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्रिसमस डे सेलिब्रेशन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरी तिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्रिसमस डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने जिंगल बेल, जिंगल बेल, ऑल द जिंगल बेल की धुन पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दी। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने केक काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस का त्यौहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व हमें क्षमा दान करने के लिए प्रेरित करता है। वर्ग 1 से 5 तक के बच्चों ने अपनी विविध प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बाद वर्ग दशम का छात्र रवि रंजन ने सांता क्लॉज के रूप में बच्चों के बीच टॉफियां बांटी। कार्यक्रम का संचालन सौम्या कुमारी और अदिति कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, राकेश पांडेय, सीमा जैन, कुंतल जेठवा, कामिनी सहाय, सपना शर्मा, दीक्षा सिंह, स्वीटी सिन्हा, रंजीता कुमारी, रूबी वर्मा, मरियम हसन, प्रियंका सिंह, लता सिन्हा, पूजा सलूजा, सरोज पांडेय, अनुष्का शर्मा, लवली कुमारी, स्वाति कुमारी, प्रियंका गुप्ता, रेखा राणा, सुपर्णा डे, जयप्रकाश सिंह, शशि राज और अलका सिंह का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर फेबर कैस्टल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह, सेल्स एग्जीक्यूटिव आकाशदीप और विजेंद्र कुमार भगत भी विशेष रूप से मौजूद थे।



## एक झलक

### लोहरदगा जिला में क्रिसमस की धूम, हर तरफ उत्साह का माहौल

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले में क्रिसमस की धूम हर तरफ देखी जा रही है। गिरजाघरों को आकर्षक तरिके से सजाया गया है। धरती पर प्रभु यीशु के आगमन के साथ सारा वातावरण प्रकाशमान हो गया। मसीही समाज के लोग हर्ष में डूब गये। मौके पर शहर के जीईएल चर्च, सीएनआई चर्च सहित अन्य गिरजाघरों में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही महिला, पुरुष और बच्चे प्रार्थना सभा में शामिल थे। रात्रि में जैसे ही रात्रि 12 बजे का घंटा बजा चारों ओर हर्ष का माहौल कायम हो गया। मेरी क्रिसमस और हैप्पी क्रिससम का संदेश चारों ओर गूंजने लगा। इस अवसर पर जगह जगह आतिशबाजी की गई तथा एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी जाने लगी। लूथरन मैदान में मेला का भी आयोजन किया गया। ग्रामीण इलाकों में भी क्रिसमस की धूम रही।

### मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष पर हुए हमले की निंदा

**चतरा :** सांसद कालीचरण सिंह धनगड्डा पंचायत के मुखिया अरविंद सिंह के घर पहुंचे। अपराधियों ने कुछ दिन पूर्व मुखिया संघ के चतरा जिलाध्यक्ष के घर में हमला किया था। सांसद ने इसकी जानकारी ली और थाना प्रभारी से बात कर अपराधियों को जल्द गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद अपराधियों और उग्रवादियों के मंसूबे बढ़ गए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने इस घटना की तीव्र निंदा की।

### दिनदहाड़े घर से 20 लाख के जेवर की हुई चोरी

**कोडरमा :** झुमरीतिलैया के बजरंग चौक स्थित एक मकान से अज्ञात चोरों ने बुधवार को लाखों रुपए के जेवर की चोरी कर ली है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़िता गीता देवी ने बताया कि दिन के करीब एक बजे के आसपास वह अपने घर के बाहर पड़ोसियों से मिलने गई थी। इस दौरान घर में उनकी बहू अकेली थी। वह चूल्हे पर खाना चढ़ाकर छत पर गई थी। थोड़े समय के बाद छत से नीचे आने पर बहु ने कमरे में रखे अलमीरा का लॉक टूटा हुआ पाया। बहू के जरिये इसकी जानकारी उन्हें दी गई। उन्होंने बताया कि अलमीरा के लॉक को तोड़कर चोर के जरिये अलमीरा में रखें सोने के तीन चेन, कंगन चार जोड़ी, चार पीस कानबाली, चार सोना का अंगूठी, चार पीस पायल की चोरी कर ली गई है। चोरी किये गये जेवरात की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताया है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी देने वह तिलैया थाना गई। सूचना के बाद पुलिस की टीम उनके घर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़िता ने बताया कि उनके पति श्याम किशोर शर्मा पिछले कुछ वर्षों से दुबई में रहते हैं। उनका बेटा रोशन कुमार अड्डी बंगला रोड स्थित फल की गद्दी में काम करता है। वहीं पुलिस उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए उसके पुत्र रोशन कुमार को पूछताछ के लिए थाना लायी है। सूत्रों के अनुसार रौशन कुमार ने ही घटना को अंजाम दिया है।

## ग्रिजली विद्यालय में धूमधाम से मना क्रिसमस



**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के सभागार मे उत्साह और उमंग के साथ क्रिसमस मनाया गया। मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मे विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। आरूषि, सौरभी, रियांशी, आर्यन एवं उनके मित्रों की प्रस्तुति जिंगल बेल-जिंगल बेल......, आदर्श, अर्चित, अवनि, सक्षम एवं उनके मित्रों की प्रस्तुति क्रिसमस कैरोल ने ढेरो तालियां बटोरी। काव्यांश की एकल गीत प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। छात्रों ने सांता क्लॉज के साथ जमकर नृत्य किया। मौके पर विद्यालय के सी ई ओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रभु यीशु की जीवनी हमे सेवा, सहयोग, सौहार्द एवं समन्वय की शिक्षा देती है। वही प्राचार्या अजंना कुमारी ने प्रभु यीशु की शिक्षाओं को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय बताते हुए उसे आत्मसात करने की सलाह दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में संयोजक तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, सरिका, अणु कपसिमें, नेहा वर्णवाल, सुषमा, महिमा, काजल, श्वेता, सीसीए प्रभारी राजीव रंजन सिंह, छात्र स्वंयसेवक रणवीर कुमार, शशि यादव, सागर कुमार, दिव्या, परिधि की भूमिका सराहनीय रही।

## शांति व सद्भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ क्रिसमस का त्योहार

कोडरमा : जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में शांति और सद्भभावपूर्ण वातावरण में ईसाई समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार क्रिसमस सम्पन्न हुआ। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के मौके पर जिला मुख्यालय स्थित जीवन ज्योति चर्च को आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया गया था। देर रात्रि को फादर पात्रिक मिंज और पौलुस के नेतृत्व में मीसा पूजा हुई। उसके बाद प्रभु यीशु के संदेशों को सुनाते हुए फादर ने कहा कि पूरी दुनिया को शांति, भाईचारा, विश्वास और प्यार का सन्देश देने प्रभु यीशु मुक्तिदाता के रूप में धरती पर जन्म लिए। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु अपने साथ चार वचनों को लेकर धरती पर अवतरित हुए जब तक हम उनके चार वचनों को सही तरीके से पालन नही करते तब तक उनके आगमन को पूर्ण नही माना जायेगा। फादर ने कहा कि दुनिया के सभी समाजों में भाईचारा, आपसी प्यार, एकता और मेलमिलाप रहने से ही समाज विकसित करेगा। ऐसा करने से ही हम प्रभु यीशु के सच्चे सन्तान बन सकते है। मौके पर अरुण जोसेफ, पवन माइकल कुजूर, रजत लकड़ा, सुनील दास, बेंजामिन एक्का, वाल्टर तिग्गा, कमल हेम्ब्रम, सरिता तिर्की, उषा कान्ति लकड़ा, अल्मा लकड़ा सिस्टर ज्योति, सिस्टर लुइस मेरी, सिस्टर मर्सी, सिस्टर सुषमा कमल हेम्ब्रम पंकज हेम्ब्रम, आशा मेरी, राजीव,हर्ष विवेक, हर्षिता कुमारी, दीपक के अलावे होली फैमिली अस्पताल की सिस्टर, सन्त क्लेयर्स स्कूल, सन्त जोसेफ स्कूल की सिस्टर, शिक्षिकाएं समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## क्लोरोफिल में बच्चों ने सेंटा के वेश में बनायी रील एक साथ झूमते हुए दो सांता क्लॉज ने बांटे उपहार



**झुमरीतिलैया :** अहले सुबह गुनगुनी धूप में लाल-लाल, लाल-सफेद परिधान में नन्हें प्यारे बच्चे क्लोरोफिल विद्यालय के प्लेग्राउंड में सांता क्लॉज के साथ खूब मस्ती की।'जिंगल बेल जिंगल बेल' की मीठी धुन पर छोटे छोटे छात्र छात्राएं मटकते ठुमकते हुए स्कूल परिसर के ग्राउंड में अपनी टीचर्स और सांता के साथ खूब मस्ती की।बच्चे अपने अपने घर से ही सांता क्लास की वेश में सज कर आए थे। सुबह सुबह परिसर में स्कूल वैन से उतरते हुए नन्हे नन्हे सांता क्लॉज बहुत सुंदर दृश्य उपस्थित कर रहे थे। प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय में छोटे बच्चों को सामाजिक परिवेश से परिचय कराने के लिए *हम सारे त्यौहार बच्चों के तरीके से मनाते हैं।*कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा जैन, पंकज सहाय, सुलगना रॉय, कोमल राणा, पूनम कुमारी, अनुप्रिया, दिव्या मिश्रा, श्वेता और नेहा कुमारी का विशेष योगदान रहा।संता के परिधान में आये बच्चे :-अयांश मेहता, विवान चौधरी, वेदानशी, आयुषी, गर्वित, आरव, शौर्य, अर्पित, काशवी, असफ मिराज, आलोक, हर्षित, युवान्श, विराट एवं अन्य।



## आरपीवाई ग्लोबल स्कूल में क्रिसमस का सच्चा अर्थ फिर से खोजा गया

**कोडरमा :** आरपीवाई ग्लोबल स्कूल में एक शानदार क्रिसमस समारोह आयोजित किया गया, जिसने छात्रों, शिक्षकों और पूरे स्कूल परिवार को एक साथ जोड़ा। यह आयोजन केवल उत्सव तक सीमित नहीं था; यह शांति, खुशी, प्रेम और स्नेह का गहरा संदेश लेकर आया। कार्यक्रम में प्रस्तुतियों, प्रेरणादायक भाषणों और दया भरे कार्यों के माध्यम से दूसरों की जरूरतों को अपनी प्राथमिकता बनाने का महत्व बताया गया। यह विशेष अवसर हमें यह याद दिलाने के लिए था कि दया, करुणा और उदारता के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। यही क्रिसमस का सच्चा संदेश है। इस आयोजन ने छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाएं और एकजुटता और सहानुभूति का माहौल बनायें। आरपीवाई ग्लोबल स्कूल की यह पहल दिखाती है कि कैसे शैक्षणिक संस्थान नयी पीढ़ी को छुट्टियों के गहरे अर्थ को समझने और उसे अपनाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।



## डॉ. नीरा यादव संग भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां भद्रकाली की पूजा-अर्चना की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा :** बुधवार को कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव अपने पति विजय यादव एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ चौपारण के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर पहुंच कर विधि-विधान से मां भद्रकाली जी की पूजा अर्चना किए। मंदिर समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। नीरा यादवने मंदिर परिसर स्थित पंच मुखी हनुमान जी, श्री राम सीता जी, सुप्रसिद्ध शिवलिंग, नंदी बाबा, श्री राधा कृष्ण जी की पूजा अर्चना किये, साथ ही वर्षों से चल रहे लगातार हरि कीर्तन में सम्मिलित हुई। विधायक ने पूजा अर्चना कर भाजपा द्वारा टंडवा में आयोजित सुशासन दिवस पर विशेष कार्यक्रम में चली गयी। विधायक के साथ बिनोद कुमार मुन्ना, संजीव यादव, प्रवीण पांडे, राजेश सिंह, विशाल सिंह, संजीव समीर, अनुराग सिंह, धनंजय यादव, राजकुमार यादव, सुधीर यादव, महेश यादव, महेंद्र यादव, राजा यादव, दिनेश सिंह, विजय शुक्ला, रितेश माधव, नरेश ठाकुर, टिंकू यादव, प्रमोद यादव, पिंटू यादव, गगन दास, सतीश सिंह, अंजय सिंह, गौतम चंद्रवंशी, राजू चौधरी, दीपनारायण सिंह, विकास कुमार आदि।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस की धूम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चाराडीह :** बीआर इंटरनेशनल स्कूल में नर्सरी से लेकर केजी-2 के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ क्रिसमस डे मनाया। छोटे बच्चों ने लाल सांता की पोशाक पहन कर न केवल त्योहार का आनंद उठाया, बल्कि ढेर सारी मस्ती भी की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं नीतु बर्णवाल, जया लक्ष्मी, संध्या कुमारी, और अनिता कुमारी बच्चों के साथ उपस्थित रहीं। साथ ही, अकादमिक हेड इंचार्ज श्री मुकेश शर्मा और निदेशक श्री ओम प्रकाश राय ने भी बच्चों के साथ खुशियां बांटी। श्री मुकेश शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डाला और छोटे बच्चों के लिए कुछ प्रेरणादायक बातें साझा कीं। वहीं, श्री ओम प्रकाश राय ने भी बच्चों के साथ मिलकर खुशी मनायी और उन्हें प्रोत्साहित किया। उत्सव के दौरान बच्चों ने कई गानों पर डांस किया और खेल-कूद में भाग लेकर जमकर मस्ती की। छोटे छोटे बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन दिखाते हुए चित्र भी बनाये जिसे देख एम. शर्मा बहुत प्रसन्न हुए। स्कूल परिसर में पूरे दिन उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव साबित हुआ और सभी ने मिलकर क्रिसमस के जश्न को खास बना दिया।

## सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाध्यापक सरयू चौधरी को समारोहपूर्वक दी गयी विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही :** सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाध्यापक को समारोह पूर्वक दी गयी विदाई सरयू चौधरी प्रधानाध्यापक उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरबा, प्रखण्ड चुरचू, हजारीबाग। 24/12/2024 दिन मंगलवार कोजिंदगी की यही वसूल है जिंदगी चली जाती है, समय बदल जाता है, लेकिन यादें नहीं बदलती। ये बातें उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरबा के प्रधानाध्यापक सरयू चौधरी के सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने कही। उच्च विद्यालय जरबा के प्रागंण में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सरजू चौधरी को फूल-माला पहनाकर और उपहार देकर विदाई दी गई। वक्ताओं ने उनकी सेवा काल में किए गए कार्यों की सराहना की। सेवानिवृत्त एचएम ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि नौकरी समय में सहयोगी और शिक्षकों द्वारा सहयोग मिला वो जीवन पर्यंत तक याद रहेगा सेवानिवृत्त हो गये। उनका सेवाकाल बहुत ही नेक रहा। चौधरी सर चुरचू प्रखण्ड से अजप्टा प्रखण्ड सचीव का कार्य भार संभाले हुए थे। इनका कार्य अनुभव हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहा झारखंड प्रदेश प्रथामिक शिक्षक संघ की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। झारखंड प्रदेश प्रथामिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक राम ने कहा किसी भी कर्मचारी अपने कार्य काल पुरा कर सेवानिवृत्त होना एक सुख दायी क्षण होता है। साथ ही साथ अपने कर्मचारी परिवार प्रेरणा स्त्रोत होता है।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया तुलसी पूजन दिवस

# तुलसी स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी : रोहित सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बरही :** प्रखंड अंतर्गत देवचन्दा मोड स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और तुलसी पूजन से हुआ। उन्होंने तुलसी के धार्मिक, औषधीय, और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसी भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल धार्मिक दृष्टि से पवित्र मानी जाती है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। हमें अपने जीवन में तुलसी का महत्व समझना चाहिए और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने तुलसी के महत्व को रेखांकित करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तुलसी के औषधीय गुणों और इसके पर्यावरणीय लाभों को रेखांकित किया गया। छात्रों ने संदेश दिया कि तुलसी न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह जीवनदायिनी भी है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी उपस्थित लोगों को तुलसी के पौधे वितरित किए गए। प्राचार्य रोहित सिंह ने इस पहल का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इससे छात्रों और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और तुलसी के संरक्षण का महत्व समझाया जा सकेगा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी तुलसी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और सभी से इसे संरक्षण देने की अपील की।

## रोटरी क्लब कोडरमा में इंग्लैंड से आये हुए रोशन जॉन व पूर्व अध्यक्ष ट्यूटोरियल पियानो का हुआ दौरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा :** प्रोतागों जॉन पूरे भारतवर्ष के रोटरी क्लब में हो रहे कार्य एवं निरीक्षण के लिए विदेश से भारत दौरे निकले हैं इसी क्रम में उन्होंने कोडरमा के आई हॉस्पिटल का भी भ्रमण किया हॉस्पिटल के कार्य पद्धति कार्य कुशलता एवं डॉक्टर संगीता प्रसाद की कार्यशैली से वह काफी प्रभावित हुए और उन्होंने कहा कि रोटरी कोडरमा कई मामलों में काफी बेहतरीन कार्य कर रही है उनसे काफी क्लबो को सीखना चाहिए, कार्यक्रम की शुरूआत में असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा एवं क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार ने इन दोनों का स्वागत मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रांगण में किया जहां उनके प्राचार्य शैलेंद्र सिंह एवं उनके बच्चों के द्वारा स्वागत गान के साथ उनका स्वागत किया उसके बाद उन्होंने रांची आई हॉस्पिटल का वर्णन किया आई हॉस्पिटल के डायरेक्टर पटेल सुरेश जैन एवं अध्यक्ष अमित कुमार ने इन दोनों का स्वागत किया तत्पश्चात रोटेरियन जॉन आई हॉस्पिटल का दौरा किया, एवं डॉक्टर के साथ मिलकर कई विशेष चीजों पर चर्चा की एवं रोटरी कोडरमा की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और अच्छा करने की शुभकामनाएं, दी संध्या पब्लिक मीट में क्लब के सभी सदस्यों के साथ उनकी एक बैठक आयोजित की गई सभा के अध्यक्ष रोटेरियनअमित कुमार ने रोटेरियन जॉन का स्वागत किया एवं असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा रोशन का सम्मानित किया।

## कोडरमा बीजेपी के सुशासन दिवस में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल, कहा

# विकसित भारत का जो सपना वाजपेयी ने देखा, उसे मोदी सरकार बना रही सार्थक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** झारखंड अलग राज्य के निमार्ता, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के शताब्दी जयंती पर भाजपा द्वारा आयोजित सुशासन दिवस के मौके पर झारखंड प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार बतौर मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल कोडरमा भाजपा जिला कमिटी द्वारा बुधवार को झुमरी तैलिया के होटल रॉयल सेलिब्रेशन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी को स्थानीय कार्यकताओं के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी विशाल व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि आधुनिक भारत का नींव और विकसित भारत का जो सपना बाजपेयी ने देखा उसे मोदी सरकार सार्थक बना रही है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी के



पदचिन्हों पर चलकर ही देश के साथ झारखंड को भी आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के वर्तमान परिपेक्ष्य में उनके कविता ₹बाधाएँ आती हैं आएं, घिरें प्रलय की घोर घटाएं, पावों के नीचे अंगारे, सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं, निज हाथों में हँसते-हँसते,आग लगाकर जलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा₹। इसी ध्येय के साथ हम सभी को लगातार आने वाले समय में जनता के बीच अपनी पहुंच बनाकर जन सेवा के कार्य में शिद्दत से लगे रहना होगा तभी झारखंड में हम पुनः कमल खिलाने में सफल हो सकेंगे। मौके पर विशेषरूप से बीजेपी झारखंड प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, कोडरमा जिला संगठन प्रभारीअशोक शर्मा, कोडरमा भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण सिन्हा, विजय यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीतेश चंद्रवंशी, रवि मोदी, कोडरमा जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, झुमरी तैलिया भाजपा नगर अध्यक्ष सुधीर सेठ, जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, राजेश सिंह, गोपाल कुमार, देवनारायण जी, जूही दास गुप्ता, जिला मंत्री शशि भूषण प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीति सेठ, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरशद खां, मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, मंत्री सूरज कुमार मेहता, सुनील जी सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारीगण और कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

## एक झलक

### ट्रक ने बाइक सवार को ठोकर मारी, बाइक सवार बुरी तरह जख्मी

**अररिया** : फारबिसगंज रानीगंज सड़क मार्ग में रामपुर दक्षिण भागपट्टी के निकट बुधवार के दोपहर करीबन 11 बजे सामने से आ रही ट्रक ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गया। सड़क पर जख्मी पड़े बाइक सवार को ग्रामीण तौकीर आलम, इम्तियाज अंसारी, मो.शाहिद द्वारा इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया।वहीं हादसे के बाद ट्रक लेकर भाग रहे ट्रक को स्थानीय लोगों ने बाइक से खदेड़ते हुए फारबिसगंज जुम्मन चौक के पास पकड़ा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर फारबिसगंज थाना पुलिस पहुंचकर ट्रक को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में लिया। इधर फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में घायल बाइक सवार का प्राथमिक इलाज किया गया और उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए नेपाल रेफर कर दिया गया है।

### बहुजन संगठन के सदस्यों ने मनुस्मृति किया दहन

**भागलपुर** : राज्य सभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह के द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर को लेकर दिए गए बयान के खिलाफ बुधवार को भागलपुर के स्टेशन चौक पर बहुजन समाज के लोगों के द्वारा मनुस्मृति का दहन किया गया। उल्लेखनीय है कि 25 दिसम्बर 1927 को डॉ. भीमराव अंबेडकर ने मनुस्मृति का दहन कर सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया था। वहीं इस दिवस को मनुस्मृति दहन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान बहुजन संगठन के सदस्यों ने केंद्र सरकार की नीतियों और निर्णयों की आलोचना की। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार मनुस्मृति को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही है। इन नीतियों और तथाकथित काले कानूनों के विरोध में विचार व्यक्त किए गए। इस कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बहुजन संगठन के लोग शामिल हुए और डॉ. अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल किये प्रस्तुत

**अररिया** : फारबिसगंज के दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को बच्चों द्वारा विज्ञान मेला एवं भोजन मेला का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ मुख्य पार्षद वीणा देवी ने फीता काटकर किया। इस मौके आईपा सदस्य राशिद जुनैद, लिटिल चैंप्स के निदेशक अंकित कुमार,दिल्ली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आकाश कुमार भगत, प्रधानाचार्य अफसार आलम अंसारी सहित शिक्षक छात्र अभिभावक मौजूद थे। विज्ञान मेले में बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर आकर्षक तकनीक के मॉडल प्रस्तुत किये। जिसमें सोलर एनर्जी, वॉटर पुरीफिकेशन अर्थक्वेक अलार्म, 180て डिग्री सोलर पैनल जैसे कई तकनीकों का समावेश विज्ञान मेले में दिखा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे में आनंद भगत, श्रेया किरदार, लुसी, खुशी कुमारी, लाडली, पीयूष कुमार, अभय कुमार, सुमित कुमार सहित अन्य को पुरस्कृत किया गया।

### देशी कट्टा के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**नवादा** : जिले में नारदीगंज थाना की पुलिस ने एक व्यक्ति को बुधवार को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार की है। इस मामले में बुधवार को ही दोपहर में नारदीगंज थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सदर एसडीपीओ सुनील कुमार ने मामला का खुलासा किया। उन्होंने कहा तकरीबन तीन बजे गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ननौरा पंचायत के बरियो गांव में स्व.चमन महतो के 60 वर्षीय पुत्र राम खेलावन प्रसाद के पास एक देशी कट्टा है। सूचना के आधार पर टीम गठित की गई।इस टीम में थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के सहयोग से आरोपित के घर में छापेमारी की।इस दौरान आरोपित रामखेलावन प्रसाद को एक देशी कट्टा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ की गई।

# बीपीएससी की 70वीं प्रारम्भिक परीक्षा रद्द करानेवाले अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज

**एजेंसी**

**पटना** : बीते एक सप्ताह से बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) की 70वीं प्रारम्भिक परीक्षा को रद्द कराने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का धैर्य आज टूट गया। मांगों को अनसुना किए जाने के बाद बीपीएससी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान पुलिस ने अभ्यर्थियों को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी बुरी तरह से घायल हो गए हैं। पिछले 8 दिनों से पटना के गर्दनीबाद में आमरण अनशन पर बैठे अभ्यर्थी बीपीएससी दफ्तर पहुंचकर हंगामा करने लगे। अभ्यर्थियों का हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने सख्त रूख अपनाते हुए उनके ऊपर लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान पुलिस ने अभ्यर्थियों को जमकर पीटा। कहा जा रहा है कि इस दौरान पुलिस ने महिला अभ्यर्थियों को भी नहीं बख्शा और उनके ऊपर भी लाठियां बरसाईं। लाठीचार्ज में कई अभ्यर्थी बुरी तरह से घायल हो गए हैं। परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से पटना में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के समर्थन में विपक्षी दल उतर गए हैं। अभ्यर्थियों के समर्थन में उतरे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने बुधवार को पूर्णिया में बड़ा एलान कर दिया। पप्पू यादव ने कहा कि बीपीएससी बिहार के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने नीतीश सरकार को सख्त चेतावनी दी और कहा है कि यदि परीक्षा रद्द नहीं हुई तो एक जनवरी को बिहार बंद करेंगे। उल्लेखनीय है कि बीपीएससी की 70वीं संयुक्त परीक्षा को लेकर बिहार में सियासत लगातार गर्म हो रही है। कथित पेपर लीक के आरोप और हंगामे के बाद बीपीएससी ने पटना के बापू केंद्र की परीक्षा को रद्द कर दिया था और एक केंद्र पर फिर से परीक्षा लेने की बात कही थी। आगामी 4 जनवरी को बीपीएससी ने बापू परीक्षा केंद्र की रद्द हुई परीक्षा को फिर से आयोजित करने की जानकारी दी है। हालांकि, अभ्यर्थियों का एक गुट पूरी परीक्षा को रद्द करने की मांग पर अड़ा है।

## जिला खादी ग्राम उद्योग संघ की कमिटी का गठन

**भागलपुर** : भागलपुर के लक्ष्मी नारायण भवन नयाबाजार में बुधवार को एक आम सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता जदयू महानगर अध्यक्ष संजय साह ने किया। आम सभा में स्त्रशासक भागलपुर जिला खादी ग्राम उद्योग संघ मायाकांत झा ने प्रस्ताव दिया कि भागलपुर जिला खादी ग्राम उद्योग संघ नया बाजार के कमिटी का गठन किया जाए। जिसका समर्थन राहुल सिंह ने किया। इसके कमिटी में अध्यक्ष के लिए अभय चौधरी को एवं मंत्री के लिए राकेश कुमार ओझा को चुना गया। इस आम सभा में मुख्यरूप से डॉ आतिश कुमार, डब्लू साह, डॉ प्रवीण कुमार, मृत्युंजय कुमार, संजीव कुमार, राहुल सिंह, मयंक वर्मा, मंटू मिश्रा, विक्की सिंह, अखिलेश कुमार, पवन बजाज, सुबोध शर्मा, गुड्डू कुमार, अमिताभ कुमार, मानव राय, लाखी देवी, पुष्पा देवी, प्रीति देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शहीद निर्मल महतो की मनी जयन्ती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू** : शहीद निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर बुंडू प्रखंड के सुमनडीह गांव में मेला का आयोजन किया गया और शहीद निर्मल महतो चौक ताऊ बुंडू में विभिन्न राजनीतिक दल और सामाजिक संगठनों के लोगों ने आदमकद प्रतिमा माल्यार्पण किया।इस मौके पर नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने कहा निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य के लिए बलिदान दिया। वह झारखंड में शोषण मुक्त समाज का निर्माणकरना चाहते थे, लेकिन आज भी उनका सपना अधूरा है। निर्मल महतो के सपनों का झारखंड नवनिर्माण के लिए फिर से एकजुट होने की जरूरत है ।इस मौके पर जेएलकेएम केंद्रीय महिला अध्यक्ष दयमंती मुंडा, केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो, प्रोफेसर केसी मेहता, जयराम महतो,मदन महतो कालेश्वर कुशवाहा, भागीरथ मुंडा, आदि ने निर्मल महतो के रास्ते चलने का संकल्प लिया। दमयंती मुंडा ने कहा शहीद निर्मल महतो के सपनों का झारखंड अब तक नहीं बना. उनके सपनों को साकार के लिए एकजुटता के साथ दृढ़ संकल्पित रहना होगा.वहीं आजसू पार्टी के कार्यकर्ता ने शहीद निर्मल चौक ताऊ मोड़ एवं सुमानडीह गांव में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का माल्यार्पण किया. शहीद के सपनों पर चलने की संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य अभियंता सिंगारय टूटी, राजकिशोर कुशवाहा, भयभंजन महतो, दिलीप साहू, कालीपद महतो, नंदकिशोर महतो, दीपक महतो, हरदेव महतो, शिवजन मुंडा, सोनाराम महतो आदि मौजूद थे।

## कालाजार उन्मूलन में रचा नया इतिहास



**एजेंसी**

**किशनगंज** : जिले ने कालाजार उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करते हुए राज्य में एक मिसाल कायम की है। जिले की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य मंत्री डा. मंगल पांडेय ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। यह प्रशस्ति पत्र स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभारी जिला भीबीडीसी सलाहकार अविनाश राय और भीडीसीओ दीपक कुमार सिंह ने प्राप्त किया। इस गौरवशाली क्षण ने जिले के स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ समस्त प्रशासन को गौरवान्वित किया है। बुधवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने जिले के स्वास्थ्य विभाग को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत और प्रशासनिक सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि किशनगंज ने कालाजार उन्मूलन में न केवल बेहतर प्रदर्शन किया, बल्कि यह सुनिश्चित किया कि भविष्य में भी इस दिशा में सतत प्रयास जारी रहेंगे। सिविल सर्जन डा राजेश कुमार ने इस उपलब्धि को जिले के लिए एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह सामूहिक प्रयास और समर्पित कार्यशैली का नतीजा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम, विशेष रूप से आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को उनके कठिन परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया।

## अनगड़ा किक फुटबॉल की हुई शुरुआत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : राम एकेडमी के द्वारा संचालित अनगड़ा किक फुटबॉल की शुरुआत हुई इस खेल में पंचायत स्तरीय के फुटबॉल टीमों के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया गया पहले दिन के खेल में पहला मैच गेतलसूद पंचायत बनाम अनगड़ा पंचायत के बिच खेला गया पहले मैच 56 मिनट में मुकेश बांडो के सानदार गोल के बदौलत निर्धारित समय तक एक गोल से विजय हुई, दुसरा मैच लुपुंग पंचायत बनाम नवागड़ पंचायत के बिच खेला गया जिसमें ट्राइबेकर में लुपुंग की टीम विजय हुई खेल से पूर्व मुख्य अतिथि जैलेंद्र कुमार 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष थे विशिष्ठ अतिथि नरेश साहू ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरूवात की खेल को सफल बनाने में राम एकेडमी के अध्यक्ष संजय नायक संयोजक रामसाय मुंडा, सचिव जलेश महतो, राजेंद्र महतो, प्रवीन मुंडा, अरविंद मुंडा, सुनील महतो सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गेसवे स्कूल परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी की मनी जयन्ती, किया कम्बल वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : बुढ़मू पूर्वी जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में बुधवार 2 बजे गेसवे स्कूल परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी का जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान आस पास क्षेत्र के गरीब एवं असहाय लोगों के बीच 100 कंबल का वितरण किया गया। साथ ही भाजपा द्वारा उमेडंडा में अटल बिहारी वाजपेयी के फोटो में पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गयी। मौके पर सुनील साहू, मनोज साहू, गंगाधर महतो, संदीप महतो,सरस्वती देवी, श्याम किशोर महतो, प्रकाश साहू, रविकांत तिवारी, अमीत महतो, राजेश महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

## राहे में मनुस्मृति की जलायी गयी प्रति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू** : मनुस्मृति दहन दिवस पर राहे में अंबेडकर विचार मंच व आदिवासी संघर्ष के बैनर तले मनुस्मृति का दहन किया गया। आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता संतोष मुण्डा ने कहा आज ही के दिन 27 दिसंबर 1927 को डॉ. भीम राव अंबेडकर महाड़ सत्याग्रह के दौरान जातिय भेदभाव, ब्रह्मण वर्चस्ववादी व महिला गुलामी के प्रतिक मनुस्मृति का प्रतिकात्मक रूप से दहन का विरोध जताया था। और 2014 के बाद संसदीय रास्ते से सत्ता में आई भाजपा लगातार संविधान पर हमले चला रही है। राजशाही के प्रतिक राजदंड सेंगोल के साथ नए संसद भवन का उद्घाटन और उसी संसद में केद्रिय गृहमंत्री का बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी उसी कड़ी का हिस्सा है। अंबेडकर का संविधान न्याय, बराबरी व समानता का प्रतिक है जबकि मनुस्मृति इंसान को वर्णव्यवस्था में बांटकर शूद्रो के सारे अधिकार से वंचित कर गुलामी का प्रतिक है। इनके हिडेन एजेंडा मनुस्मृति को पुर्नस्थापित करने की




साजिश देश के बहुजन व लोकतंत्र-संविधान पसंद नागरिक किसी भी कीमत पर पूरा होने नहीं देंगे। कार्यक्रम में अंबेडकर विचार मंच से दामोदर प्रजापति, रामकृष्ण बैठा, पप्पु बैठा, संतोष बैठा, मंगला चरण उरांव, मंगल मुण्डा, योगेश बैठा, राजेश बैठा, मुकेश बैठा और आदिवासी संघर्ष मोर्चा से गौतम मुण्डा, सुखेदेव मुण्डा, रामेश्वर मुण्डा, डोमन मुण्डा, योगेश्वर मुण्डा, राजू मुण्डा, पंकज मुण्डा, विष्णुचरण मुण्डा, जगरनाथ मुण्डा शामिल रहे ।

## अटल जी प्रेरणा के स्त्रोत हैं, हमें उनके पदचिह्नों पर चलना चाहिए : राम सिंह

**एजेंसी**

**पशिचम चम्पारण (बगहा)** : देश के तीन बार प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न से सम्मानित एवं कवि सम्राट अटल बिहारी वाजपेयी जी कि 100 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बगहा विधायक राम सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बुथों पर जाकर बूथ अध्यक्षों साथ पुष्पांजलि अर्पित किये एवं चिउंटाहा मंडल के जीतपुर ग्राम में बूथ सं-38 पर सुशासन यात्रा में शामिल हुए, उसके पश्चात बगहा भाजपा जिला कार्यालय में जिला के सभी पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों एवं अन्य कार्यकर्ता बंधुओ के साथ अटल शताब्दी महोत्सव में प्रदर्शनी में शामिल हुए। उसके बाद अटल जी के कविताओं पर याद करने के लिए कवि गोष्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक ने कहा आज हम सबके लिए अटल जी प्रेरणा के स्त्रोत हैं, हमे उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन मे आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में अटल जी के त्याग और समर्पण को याद दिलाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि देश के लिए अटल जी के योगदान को भुलाया नही जा सकता, पोखरण परीक्षण इसका एक उदाहरण है। उसके बाद डॉ सकील मोईन, प्रोफेसर अरबिंद नाथ तिवारी, एडवोकेट अखिलेश्वरनाथ त्रिपाठी, कवि अविनाश पांडेय, डॉ दीपक राही, आदि कवियों ने अटल जी के काव्य रचनाओं को याद करते हुए उन पर प्रकाश डाला।

## 14वां ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने झारखंड से 60 बच्चे उड़ीसा रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : 14वां ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप 26 से 29 दिसंबर तक उड़ीसा में आयोजित होने जा रही है। इसमें झारखंड उत्कल कराटे से 60 बच्चे सम्मलित होने जा रहे हैं उत्कल कराटे के चीफ एग्जामिनर सेन्सी महादेव गोप संगरक्षण में सभी बच्चे जा रहे हैं वहीं आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के 30 बच्चे व रामगढ़, बोकारो और रांची जिला के 30 बच्चे हैं आरटीसी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने सभी बच्चों को जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए खड़गदा बस स्टैंड से रवाना किये।

## अटल जी राजनीति के अजातशत्रु थे : संजीव विजयवर्गीय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बुधवार को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती के उपलक्ष्य एवं सुशासन दिवस के अवसर पर एवं सामाजिक संस्था आगाज के स्थापना वर्ष पर निवर्तमान उपमहापौर एवं आगाज के संस्थापक संजीव विजयवर्गीय ने कोकर के खोरहा टोली स्थित लोहरा कोचा बस्ती में बच्चो के बीच पठन पाठन की सामग्री वितरण किया एवं अटल बिहारी बाजपेयी का केक काटकर जन्म जयंती मनाया एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा की, अटल जी को शब्दो में नही बांध सकते, अटल जी अनंत थे, उनके विचार दूरदर्शी रहे, अटल जी राजनीति के अजातशत्रु थे, उन्होंने कहा की, अटल जी के विचार हमे प्रेणना देते है, उनकी कविताओं में ऊर्जा है, उनकी कविताएं सत्ता के इर्द गिर्द घूमती है, जो सत्ता को प्रेणना देती है, उन्होंने कहा की आज पूरा देश अटल बिहारी बाजपेयी का 100 शताब्दी वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मना रहा है। कार्यक्रम में सुभाष अग्रवाल, अर्जुन ठाकुर, अनिल अग्रवाल, पवन सिंह, सोनू मिश्रा, किरण बाखला, रूबी देवी, चंदन शर्मा, विजेता कुमारी, चिंता देवी, संतोषी स्वासी, निर्मला देवी, शुभम सिंह समेत आगाज के अन्य सदस्य मौजूद उपस्थित रहे।

## अपने पुराने मित्रों से मिलने गेतलसूद पहुंचे मंत्री चमरा लिंडा, पांच साल गेतलसूद के रहे थे राजस्व कर्मचारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : झारखण्ड सरकार के आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा बुधवार को अपने पुराने मित्रों से मिलने गेतलसूद पहुंचे। ज्ञात हो कि चमरा लिंडा वर्ष 1990-95 में अनगड़ा प्रखंड के गेतलसूद हल्का का राजस्व कर्मचारी थे। राजस्व कर्मचारी रहते हुए मंत्री चमरा लिंडा का गेतलसूद के रासल तिर्की, अभय तिर्की, उमेश कुमार गुप्ता सहित अन्य घनिष्ठ मित्र बने थे। मंत्री बनने के बाद भी वे अपने पुराने मित्रों को नही भूले थे। अपने मंत्री पद के शपथ ग्रहण में भी पुराने मित्रों को बुलाया था। आज जैसे ही मौका मिला अपने पुरानी याद ताजा करने गेतलसूद पहुंचे गये। पहले अभय तिर्की के घर पहुंचकर क्रिसमस की बधाई दी। इसके बाद रासल तिर्की के घर क्रिसमस की बधाई देने पहुंचे। साथ में उमेश कुमार गुप्ता को साथ ले लिया। रासल तिर्की, उमेश कुमार गुप्ता व अभय तिर्की मंत्री चमरा लिंडा के पुराने मित्र है। दिनभर वे रासल तिर्की के तालाब के मेढ़ में बैठकर अपने मित्रों के साथ पुरानी याद ताजा करते रहे। जबकी रासल तिर्की अपने मित्र की आगवानी में जुटे रहे। शाम में वे रासल तिर्की के यहां भोजन करके रांची वापस लौटे। इससे पूर्व गेतलसूद पहुंचने पर जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा ने मंत्री का स्वागत किया। मंत्री चमरा लिंडा ने अपने बिताये दिनों को याद करते हुए कहा कि आज यहां आकर काफी खुशी मिल रही है। अपने मित्रों का हाल समाचार लेने पहुंचा हूं। कई मित्रों से तो तीस साल बाद मुलाकात हो रही है। गेतलसूद मेरा प्रारंभिक कर्मभूमि रहा है। इस मौके पर फादर दुनातुआ खाखा, सिस्टर निर्मला कुमारी, संजय कुजूर, प्रदीप टोप्पो, रणवीर कुजूर, दीनबंधु उरांव, कमल लिंडा, अविनाश भेंगरा, सुनील बांडो आदि उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा एफसी व सिकिदिरी सदभावना चैंपियन के सेमीफाइनल में



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : बिरसा मुंडा एफसी व सिकिदिरी एफसी की टीम सदभावन चैंपियन ट्राफी फुटबाल टुनामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। बुधवार को सिकिदिरी मैदान में खेले गये पहले क्वाटरफाइनल मैच में बिरसा मुंडा एफसी ने पतरातू को 1-0 से हराया। निर्णायक गोल 40वें मिनट ने विमल केरकेटटा ने दागा। मुख्य अतिथि सिकिदिरी थाना के एसआई वरुण सिंह व एसआई रौशन कुमार सिंह व एसआई बाबुलाल टुडू, पारसनाथ भोगता ने मैन आफ मैच का पुरस्कार बिरसा मुंडा एफसी के विमल केरकेटटा को प्रदान किया। दूसरे मैच में सिकिदिरी एफसी की टीम ने बेहद रोमांचक मुकाबले में बांधगाड़ी एफसी को पेनाल्टी शूटआउट में 6-5 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा। सिकिदिरी की तरफ से 7वें मिनट में विकास भोगता व बांधगाड़ी की तरफ से 14वें मिनट में सचिन ने गोल दागा। मुख्य अतिथि सिकंदर रजवार, महावीर भोगता, नीलमोहन पाहन ने मैन आफ दी मैच का पुरस्कार विकास भोगता को प्रदान किया। इस अवसर पर राजेश पाहन, प्रकाश यादव, शिवधर रजवार, अनिल ठाकुर, बलराम साहू, फारूक खान आदि उपस्थित थे।

## एक झलक

### जुरेल ने 300 डॉलर का इनाम जीता

**मेलबर्न :** भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को अब तक इस सीरीज में खेलने का अवसर नहीं मिला है पर उन्हें अच्छी फिल्डिंग के कारण इनाम जरुर मिल गया है। जुरेल को बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले फील्डिंग ड्रिल में नकद पुरस्कार मिला है। जुरेल ने फील्डिंग कौशल को निखारने के लिए आयोजित एक अभ्यास सत्र के दौरान अन्य खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। इसमें टीम प्रबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के लिए 300 डॉलर का नकद पुरस्कार घोषित किया था जिसे जुरेल ने अपने बेहतरीन प्रयासों से जीता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभ्यास ड्रिल की एक क्लिप भी साझा की है। फील्डिंग अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों को तीन अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया। इसमें फील्डिंग कोच टी दिलीप ने बताया, आज के लक्ष्य में, आप तीन स्टंप देख सकते हैं। बड़े स्टंप पर एक अंक होगा, छोटे स्टंप पर दो अंक होंगे, बीच में गेंद पर चार अंक होंगे। हम आज कोण का उपयोग कर रहे हैं। आप तीन मार्कर देख सकते हैं। प्रत्येक मार्कर से, प्रत्येक छह गेंदें जाएगी। फील्डिंग कोच ने कहा कि ड्रिल आयोजित करने का उद्देश्य खिलाड़ियों को उनके निर्धारित नेट सत्र से पहले ऊर्जावान बनाना था।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से बाहर हुए राशिद खान

**नयी दिल्ली :** अफगानिस्तान के स्टार खिलाड़ी राशिद खान निजी कारणों से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के शुरूआती टेस्ट से बाहर हो गए हैं। 26 वर्षीय राशिद अपनी पीठ की चोट के बाद अपने चिकित्सक की सलाह के अनुसार लाल गेंद वाले क्रिकेट से दूर थे और इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से चूक गए। बाद में, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की कि वह नवंबर तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहेंगे और इस बात पर संदेह था कि वह जिम्बाब्वे दौरे के लिए टेस्ट टीम में जगह बना पाएंगे या नहीं। हालांकि, राशिद को अंततः बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में 26 दिसंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मंगलवार को दिग्गज लेग स्पिनर ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह नीदरलैंड में पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। उसी दिन अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुलावायो में अपनी टीम की पहले टेस्ट के लिए तैयारियों की तस्वीरें पोस्ट की थीं। एसीबी द्वारा शेयर की गई उन तस्वीरों में राशिद का कोई निशान नहीं था।

### बॉक्सिंग डे टेस्ट में राहुल बना सकते हैं रिकार्ड

**मेलबर्न :** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लोज केएल राहुल मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां होने वाले एक चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में अगर शतक लग देते हैं तो एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर लेंगे। राहुल ने अब तक तीन मैचों में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 235 रन बनाए हैं हालांकि इस दौरान वह कोई शतक नहीं लगा पाये। अब भारत को चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न में खेला है और यहां पर केएल राहुल से भी अच्छी पारी की उम्मीद सबको है।

# आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में बुमराह ने हासिल किये सर्वाधिक रेटिंग अंक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के तीसरे मैच में एक और बेहतरीन प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने देश के किसी भी टेस्ट गेंदबाज द्वारा हासिल किए गए संयुक्त सर्वाधिक रेटिंग अंक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मैच में 94 रन देकर नौ विकेट लेने वाले बुमराह ने अपने खाते में 14 अंक जोड़े और 904 रेटिंग अंक तक पहुंच गए। इस आंकड़े तक हाल ही में संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन दिसंबर 2016 में मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पहुंचे थे। सीरीज में अब तक बुमराह के लिए 21 विकेट ने उन्हें गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त को 48 रेटिंग अंक तक बढ़ाने में मदद की है। पूर्व शीर्ष रैंक वाले गेंदबाज कागिसो रबाडा (856) और जोश हेजलवुड (852) सूची में दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। मोहम्मद सिराज एक स्थान ऊपर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं ट्रैविस हेड सहित कई बल्लेबाजों ने नवीनतम रैंकिंग अपडेट में बढ़त बना ली है। पहली पारी में हेड की 152 रनों की पारी ने उन्हें भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल से आगे कर दिया है। हेड रैंकिंग में चौथे स्थान पे पहुंच गए हैं। वहीं, पहली पारी में 101 रन की पारी खेलने




वाले स्टीव स्मिथ की शीर्ष 10 में वापसी हुई है। जबकि एलेक्स कैरी के 70 और नाबाद 20 रन के स्कोर ने उन्हें 11 स्थान ऊपर उठाकर 29वें स्थान पर ला दिया है। भारत के केएल राहुल को 10 स्थान का लाभ हुआ है, वो 40वें और रवींद्र जड़ेजा नौ स्थान आगे बढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जो रूट 895 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका-पाकिस्तान एकदिवसीय श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को लाभ मिला है। प्लेयर ऑफ द सीरीज सैम अयूब, जिन्होंने पाकिस्तान की यादगार 3-0 की जीत में 109, 25 और 101 का स्कोर बनाया था, 57 पायदान आगे बढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि घरेलू टीम के लिए, हेनरिक क्लासेन शीर्ष पांच में वापस आ गए हैं। उन्होंने सीरीज में 86, 97 और 81 का स्कोर किया है। दक्षिण अफ्रीका के टोनी डी जोरजी (12 स्थान ऊपर 59वें स्थान पर) और पाकिस्तान के सलमान आगा (28 स्थान ऊपर 80वें स्थान पर) बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में कागिसो रबाडा (दो स्थान ऊपर 19वें स्थान पर), मार्को यानसेन (छह स्थान ऊपर 35वें स्थान) और नसीम शाह (10 स्थान ऊपर 51वें) ने गेंदबाजी रैंकिंग में बढ़त बना ली है।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एमसीजी में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम



### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, नितीश रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, तनुश कोटियन, सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, देवदत्त पडिक्कल।

**ऑस्ट्रेलियाई :** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), नाथन लियोन, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड।

**एजेंसी**

**मेलबर्न :** भारतीय टीम गुरुवार से यहां होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। एमएसजी मैदान पर भारतीय टीम का रिकार्ड अच्छा रहा है। उससे भी टीम प्रेरित होगी। अभी तक ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अपनी दावेदारी बनाये रखने भारतीय टीम को हर हाल में इस मैच में जीत चाहिये होगी। ब्रिस्बेन टेस्ट में भारतीय टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों आकाशदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने जबरदस्त बल्लेबाजी कर मैच ड्रा करा दिया था पर शीर्ष क्रम के केएल राहुल को छोड़कर अन्य सभी बल्लेबाज विफल रहे थे। ऐसे में अब इस मैच में जीत के लिए भारतीय टीम के शीर्ष क्रम को भी रन बनाने होंगे। अब तक इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाज रन नहीं बना पाये हैं जिससे गेंदबाजों पर अतिरिक्त दबाव आया है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के खराब फॉर्म को देखते हुए बल्लेबाजी क्रम में उनके मध्य क्रम में उतरने की ही संभावना है। वहीं अगर रोहित पारी की शुरूआत करते हैं तो राहुल को फिर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति में शुभमन गिल को मध्य क्रम में उतरना होगा। रोहित को 2019 में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया था और तब से उन्होंने मध्यक्रम में खेलना बंद कर दिया था लेकिन अच्छी फॉर्म में चल रहे राहुल और पहले टेस्ट में शतक बनाने वाले यशस्वी जायसवाल से पारी की शुरूआत के कारण वह दूसरे और तीसरे मैच में छठे नंबर पर उतरे। रोहित मध्यक्रम में असफल रहे हैं। अब अगर उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जाता है तो यह देखना होगा कि भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम किस प्रकार का होगा। वहीं रोहित से जब उनके बल्लेबाजी क्रम को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, कौन कहां बल्लेबाजी करेगा इसको लेकर चिंता ना करें। हमें इस पर विचार करने की जरूरत है और यह ऐसी चीज नहीं है जिस पर मैं यहां चर्चा करूं। हम वही करेंगे जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। दोनों कप्तानों का मानना है कि सीरीज के अभी तक के परिणाम से दोनों टीम के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा का पता चलता है लेकिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर चीजें तेजी से बदल सकती हैं। भारत का ऑस्ट्रेलिया में यह पसंदीदा मैदान रहा है जहां वह 2014 से ही कोई टेस्ट मैच नहीं हारी है। भारत ने यहां अपने पिछले दो टेस्ट मैच में जीत दर्ज की है। दूसरी ओर मेजबान ऑस्ट्रेलिया की टीम का प्रदर्शन बेहतर होता जा रहा है। वह इस मैच में दो बदलावों के साथ उतरेगी। नाथन मैक्सविनी की जगह 19 साल के युवा सैम कोंस्टास और जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को शामिल किया है। कोंस्टास अब उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरूआत करेंगे। वहीं ट्रेविस हेड भी फिट हो गये हैं और वह अपने तय स्थान पर ही उतरेंगे। हेड शानदार फार्म में हैं। ऐसे में अगर भारत को एमसीजी पर अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। कोहली को अपनी पहले वाले अंदाज में बल्लेबाजी करनी होगी। उन्हें पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क ऑफ स्टंप से बाहर गेंदबाजी करके आउट करने का प्रयास करेंगे जिससे उन्हें बचना होगा। हेजलवुड की अनुपस्थिति के बावजूद ऑस्ट्रेलिया का आक्रमण कमजोर नहीं नजर नहीं आता है क्योंकि स्थानीय खिलाड़ी बोलैंड अपनी सटीक लेंथ और उछाल भरी गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत को उम्मीद के अनुसार तथा बिना किसी दबाव के मैदान पर उतरना होगा जैसा कि कप्तान भी चाहते हैं।

### एमसीजी में रिकार्ड बना सकते हैं बुमराह और जडेजा

**मेलबर्न :** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा गुरुवार से यहां के एमएसजी में होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में रिकॉर्ड बना सकते हैं। बुमराह के पास यहां अपने 200 टेस्ट विकेट पूरे करने का अवसर है। वहीं जडेजा के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट का आंकड़ा हासि करने का अवसर है। बुमराह के अभी 194 विकेट हैं और उन्हें 200 टेस्ट विकेट हासिल करने के लिए केवल छह विकेट चाहिये। इसी के साथ ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह 12वें भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। अभी 43 टेस्ट में बुमराह ने 19.52 की औसत से 194 विकेट लिए हैं जिसमें 6/27 और 12 बार 5 विकेट लेने का उनका रिकार्ड रहा है। बुमराह अब तक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और निरंतरता के मामले में सभी से आगे हैं, उन्होंने तीन मैचों में 10.90 की औसत से कुल 21 विकेट लिए हैं जिसमें उनके नाम 6/76 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े और दो बार पांच विकेट हैं।

# ब्राजील के पूर्व डिफेंडर राफिन्हा अपने मूल क्लब कोरीतिबा में लौटे

**एजेंसी**



**रियो डी जेनेरियो :** ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर राफिन्हा ने अपने मूल क्लब कोरीतिबा में मुफ्त ट्रांसफर पर फिर से शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है। ब्राजील के सेरी बी क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने इस महीने की शुरूआत में साओ पाउलो से अलग होने के बाद इस क्लब के साथ एक साल का अनुबंध किया है, जिससे उनके पेशेवर करियर की शुरूआत हुई थी। राफिन्हा ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक वीडियो में कहा, मैं आपको यह बताने के लिए यहां हूं कि मैं लगभग 20 साल पहले जब मैं यहां से गया था, तो मैंने जो वादा किया था, उसे पूरा करने में मैं कभी असफल नहीं हो सकता। मैं एक बच्चे के रूप में यहां से चला गया था और आज मैं कोरीतिबा को उसके मूल स्थान पर वापस लाने में मदद करने के लिए वापस आया हूं। 2005 में राफिन्हा कोरीतिबा छोड़कर जर्मनी के शाल्के में शामिल हो गए और उसके बाद से राइट-बैक ने जेनोआ, बायर्न म्यूनिख और फ्लेमेंगो सहित अन्य क्लबों में खेला है। वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए चार बार खेल चुके हैं।

# ऑस्ट्रेलिया पहले खो-खो विश्व कप के लिए तैयार

## पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में लेगें हिस्सा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया 13-19 जनवरी, 2025 के बीच दिल्ली में होने वाले पहले विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। ऑस्ट्रेलिया की ताकतवर टीम हमेशा से ही अपनी समृद्ध खेल संस्कृति के लिए जानी जाती है। क्रिकेट से लेकर रग्बी तक, वे हमेशा से ही अपनी ताकत का लोहा मनवाते आए हैं और खो-खो में भी वे अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं, जहां वे पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में भाग लेंगे। 15 खिलाड़ियों वाली प्रत्येक टीम में, कुछ भारतीयों के अलावा, ऑस्ट्रेलियाई मूल के 6 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ी भी हैं। टीम के एक सदस्य



गस डॉडल ने भारत आने और इतिहास का हिस्सा बनने पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया। खो को फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से जारी एक बयान में उन्होंने कहा, एक महान खेल राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है, हम हमेशा ऐसे खेलों को आजमाने के लिए तैयार रहते हैं जिन्हें हमने पहले नहीं खेला है और मेरे लिए यह एक अद्भुत अवसर है कि मैं ऑस्ट्रेलिया के खेल मूल्यों जैसे निष्पक्ष खेल, प्रतिस्पर्धा और दृढ़ता को विश्व कप में ला पाऊं। मैंने पाया है कि यह बहुत तेज और कठिन खेल है। साथ ही, यह बहुत मजेदार है और मैं वैश्विक आयोजन में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

# नेशनल साफ्ट टेनिस के लिए चंडीगढ़ रवाना हुई उत्तर प्रदेश की टीम



**एजेंसी**

**लखनऊ :** 19वीं जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 27 दिसम्बर से चंडीगढ़ में शुरू हो रही है। इस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उप्र की टीम का चयन हो गया है। इन खिखाड़ियों को बुधवार को किट वितरित किया गया। इसके साथ ही टीम चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गयी। चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम में बालक वर्ग में यश पटेल, अनुज पांडे, राज पांडे, साहिल सिंह, विवेक, ओमकार जोशी, आराध्य चौहान एवं प्रशांत वर्मा शामिल हैं। वहीं बालिका वर्ग में अनुष्का, खुशी, नव्या, सोनाली, जमजम, संस्कृति, रिषिभा एवं स्वास्तिका शामिल हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मृत्युंजय साहनी, कोषाध्यक्ष राजेश मिश्रा, एवं महासचिव प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे।




मेलबर्न के एमएसजी मैदान पर अभ्यास के दौरान दौड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड।

# मोहम्मद रिजवान, पीसीबी प्रमुख ने चैंपियंस ट्रॉफी कार्यक्रम की सराहना की; जय शाह उत्साहित

**एजेंसी**




**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले को देश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर करार दिया। पाकिस्तान 28 साल बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी करेगा, क्योंकि यहां आखिरी वैश्विक टूनामेंट 1996 विश्व कप था, जिसका संयुक्त मेजबान भारत भी था1 पीसीबी मीडिया विज्ञप्ति में रिजवान ने कहा, श्एक क्रिकेट प्रेमी देश के रूप में, हम सभी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह एक शानदार अवसर है क्योंकि पाकिस्तान 28 वर्षों में अपने तटों पर पहली बार आईसीसी इवेंट का स्वागत कर रहा है और खासकर इसलिए क्योंकि हम गत विजेता हैं। हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने के लिए उत्सुक हैं।

# भारतीय हॉकी को शीर्ष पर ले जायेगा एचआईएल : ललित कुमार उपाध्याय

**एजेंसी**

**राउरकेला :** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) टीम यूपी रुद्रास के फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय राउरकेला में वेदांत कलिंगा लांसर्स का सामना करने के लिए एक सप्ताह से प्रशिक्षण ले रहे हैं। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, ललित अपने शुरूआती करियर को आकार देने और राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह के लिए लड़ने का अवसर प्रदान करने का श्रेय एचआईएल को देते हैं। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान में ललित ने कहा, जब लीग की शुरूआत हुई, तो यह भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच था। इससे हमें अपनी प्रतिभा दिखाने और सीधे टीम में



जगह बनाने का मौका मिला।" उन्होंने लीग द्वारा प्रदान की गई वित्तीय और पेशेवर सहायता पर प्रकाश डाला, और खेल की प्रोफाइल को ऊपर उठाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इससे हमें उन दिग्गजों के साथ खेलने का अनुभव मिला जिन्हें हमने केवल टीवी पर देखा था। ऐसे आइकनों के साथ मैदान साझा करने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा और प्रतिस्पर्धी परिदृश्यों में हम और अधिक सहज हो गए। पहली एचआईएल के बाद भारत का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर गया, और अब लीग की वापसी के साथ, मुझे यकीन है कि यह हमें शीर्ष पर ले जाएगा और हमें वहां बने रहने में मदद करेगा। कलिंगा लांसर्स के साथ ललित की यात्रा 2013 में एचआईएल के पिछले संस्करण के दौरान शुरू हुई थी। इस मंच ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए रास्ता बनाने की अनुमति दी। लीग में अपने समय को दर्शाते हुए, ललित ने अपने तीन सबसे पसंदीदा एचआईएल क्षण साझा किए। उन्होंने कहा, मैं 2013 में जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम से बाहर था, लेकिन एक कलिंगा लांसर के रूप में, मैंने यूपी टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ गोल किया। यह सीजन के सर्वश्रेष्ठ गोलों में से एक था और हॉकी विश्व कप 2014 में भारतीय टीम के लिए चुने जाने का मुख्य कारण था। उन्होंने आगे कहा, मेरी दूसरी सबसे अच्छी याद 2017 सीजन की है। फिर, कलिंगा लांसर्स के हिस्से के रूप में, मैंने उल्लेखनीय गोल किए और टीम को खिताब जीतने में मदद की।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने की बल्लेबाजों की तारीफ

**एजेंसी**



**वडोदरा :** वेस्टइंडीज खिलाफ तीन मैचों की एकदिनी सीरीज के दूसरे वनडे में 115 रन की जीत के बाद, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपने बल्लेबाजों की जमकर तारीफ की। दाएं हाथ की बल्लेबाज हरलीन देओल की दमदार पारी और गेंदबाजों के सामूहिक प्रयास से भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को कोटांबी स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में कैरेबियाई टीम पर 115 रनों से जीत दर्ज की। कौर ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, हमने वही किया जिसकी हमें उम्मीद थी। जिस तरह से हमारे सलामी बल्लेबाजों ने हमें शुरूआत दी, उसके बाद हरलीन की बल्लेबाजी और जेमी ने भी टीम का साथ दिया। जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, उससे निश्चित रूप से वाकई बहुत खुश हूं। दूसरी पारी में भी, जिस तरह से मैथ्यूज बल्लेबाजी कर रही थी, उससे यह संकेत मिल रहा था कि यह पिच बल्लेबाजों के लिए बेहतर थी। हमने बोर्ड पर अच्छा स्कोर बनाया था और जिस तरह से हमारे गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे थे, हमें उन पर भरोसा था कि वे किसी भी समय विकेट लेकर मैच का रुख बदल सकते हैं। हमारे गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। बीच में, हमने कुछ रन गंवाए लेकिन फिर दीप्ति ने वापसी की, रन कम बनाए रखे और फिर तीतास ने वापसी की और दूसरे छोर से विकेट लिया। 359 रनों का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने मेहमान टीम के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व किया, उन्होंने 109 गेंदों पर 106 रनों की शानदार पारी खेलकर एक छोर संभाले रखा, लेकिन प्रिया मिश्रा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन कर भारत को जीत दिलाई।

## एक झलक

### सिनेमाघरों में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर पांच फीसदी ही लगेगा जीएसटी

**नयी दिल्ली:** सिनेमा घरों में खुले रूप से बिकने वाले पॉपकॉर्न पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर पांच फीसदी ही लागू होगा, जैसा कि रेस्टोरेंट सेवाओं पर लागू होता है। अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा। चूंकि, इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जायेगा। इस बारे में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्पष्टीकरण दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में कहा कि नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर लागू वर्गीकरण और जीएसटी दर को स्पष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश से अनुरोध मिला था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद मीडिया को बताया था कि परिषद ने पॉपकॉर्न पर कर के संबंध में स्पष्टीकरण जारी करने पर सहमति जताई है। पॉपकॉर्न पर जीएसटी की दर में कोई वृद्धि और बदलाव नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिसको खुले में बेचने पर 5 फीसदी का कर लगता है। पहले से पैक और लेबल के साथ ईट स्नैक्स पर 12 फीसदी जीएसटी और कुछ वस्तुओं को छोड़कर सभी चीनी कन्फेक्शनरी पर जीएसटी 18 फीसदी लगता है। इसलिए कारमेलाइज चीनी वाले पॉपकॉर्न पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगाया जायेगा।

### भारतीय अर्थव्यवस्था चालू और अगले वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी

**नयी दिल्ली:** भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2024-25 और अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। इसकी वजह निजी उपभोग व्यय और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में गिरावट है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान से कहीं कम 5.4 फीसदी रही है, जो सात तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। इससे पिछली तिमाही अप्रैल-जून तिमाही में वृद्धि दर 6.7 फीसदी थी। ईवाई इकोनॉमी वॉच की बुधवार को जारी नवीनतम रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2047-48 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत के राजकोषीय दायित्व ढांचे में सुधार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में उन प्रमुख राजकोषीय और आर्थिक उपायों पर भी प्रकाश डाला गया है, जो इस वृद्धि प्रक्षेपवक्र को बनाए रख सकते हैं और बढ़ावा दे सकते हैं। ईवाई वॉच रिपोर्ट में कहा गया है कि टिकाऊ ऋण प्रबंधन, सरकारी बचत को खत्म करने तथा निवेश आधारित वृद्धि को बढ़ावा देने से भारत के विकसित अर्थव्यवस्था में बदलने का मार्ग प्रशस्त होगा। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी. के. श्रीवास्तव ने राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन भारत को राजकोषीय विवेक बनाए रखते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए जरूरी बताया है। अर्न्स्ट एंड यंग ग्लोबल लिमिटेड का ट्रेड नाम ए ईवाई है। ये इंग्लैंड में स्थित एक ब्रिटिशबहुराष्ट्रीय पेशेवर सेवा साझेदारी कंपनी है।

# ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्य जोड़े





**नयी दिल्ली :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अक्टूबर महीने में शुद्ध रूप से 13.41 लाख सदस्य जोड़े हैं। इस दौरान ईपीएफओ ने अपने साथ 7.50 लाख नए सदस्यों को जोड़े हैं। यह रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि ईपीएफओ ने अक्टूबर 2024 में नेट 13.41 लाख सदस्यों को जोड़ा है। इस दौरान ईपीएफओ से 7.50 लाख नए सदस्य जुड़े हैं। ईपीएफओ के जारी आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में 18-25 आयु वर्ग के जोड़े गए कुल नए सदस्यों की संख्या 5.43 लाख है। आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर के दौरान 18-25 आयु वर्ग का दबदबा रहा है, जो अक्टूबर 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 58.49 फीसदी है। ईपीएफओ के अक्टूबर 2024 के लिए जारी आंकड़ों से चलता है कि लगभग 12.90 लाख सदस्य ईपीएफओ से बाहर निकल गए और बाद में फिर से जुड़ गए। इस दौरान जोड़े गए नए सदस्यों में से करीब 2.09 लाख नई महिला सदस्य हैं। ये आंकड़ा अक्टूबर 2023 की तुलना में 2.12 फीसदी की साल-दर-साल वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि, अक्टूबर महीने के दौरान शुद्ध महिला सदस्य जुड़ाव करीब 2.79 लाख रहा, जो महिला सदस्यों में वृद्धि अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है। मंत्रालय ने कहा कि ईपीएफओ के जारी पेरोल डेटा के राज्यवार विश्लेषण से पता चलता है कि टॉप 5 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुद्ध सदस्य वृद्धि कुल सदस्य वृद्धि का करीब 61.32 फीसदी है, जो अक्टूबर के दौरान कुल मिलाकर लगभग 8.22 लाख शुद्ध सदस्य जोड़े हैं। इन राज्यों में महाराष्ट्र ने 22.18 फीसदी शुद्ध सदस्यों को जोड़कर सबसे आगे रहा। इसके साथ ही महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना और गुजरात जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अक्टूबर के दौरान कुल 5 फीसदी से अधिक शुद्ध सदस्यों का जोड़ने का योगदान दिया है।

## इस साल शेयर बाजार में कुल 16 दिन रहा अवकाश

**नयी दिल्ली :** क्रिसमस के मौके पर घरेलू शेयर बाजार में छुट्टी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कोई कारोबार नहीं होगा। इसके साथ ही करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट्स (ईजीआर) में भी ट्रेडिंग नहीं होगी। इस साल शेयर बाजार में रविवार और शनिवार को छोड़कर कुल 16 दिन छुट्टी रही है। साल 2024 में स्टॉक मार्केट में पहली छुट्टी 26 जनवरी को थी, जबकि आज क्रिसमस के दिन आखिरी छुट्टी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के हॉली-डे कैलेंडर के मुताबिक अगले साल 2025 में स्टॉक मार्केट में कुल 14 दिनों का अवकाश रहेगा। 2025 में पहली छुट्टी 26S जनवरी की जगह महाशिवरात्रि के मौके पर 26 फरवरी को होगी। आमतौर पर स्टॉक मार्केट में पहली छुट्टी गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को होती है, लेकिन 2025 में गणतंत्र दिवस रविवार को है। उस दिन स्टॉक मार्केट में साप्ताहिक अवकाश होता है। यही वजह है कि स्टॉक मार्केट में अगले साल की पहली छुट्टी 26 फरवरी को होगी। हालांकि 2025 का आखिरी अवकाश 25 दिसम्बर को क्रिसमस के मौके पर ही होगा। 2025 में दिवाली के मौके पर होने वाले मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन मंगलवार 21 अक्टूबर को होगा। हालांकि बीएसई के कैलेंडर में मुहूर्त ट्रेडिंग के समय की जानकारी अभी नहीं दी गई है। इसकी जानकारी दिवाली के एक-दो दिन पहले बीएसई और एनएसई द्वारा दी जायेगी। जहां तक दिसंबर के शेष बचे दिनों की बात है तो इस सप्ताह क्रिसमस की छुट्टी के कारण कुल 4 दिन ही कारोबार होगा, जबकि अगले सप्ताह 30 और 31 दिसंबर को भी स्टॉक मार्केट में खरीद बिक्री होती रहेगी।

# ओला इलेक्ट्रिक ने ईवी क्रांति को नयी ऊंचाई पर पहुंचाया




**रांची :** ओला इलेक्ट्रिक जो भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी के नाम से जानी जाती है, उसने आज अपने नेटवर्क को 4,000 स्टोर्स तक बढ़ाने की घोषणा करी, जो मौजूदा नेटवर्क से चार गुना ज्यादा है। यह दुनिया में ईवी नेटवर्क के सबसे बड़े विस्तारों में से एक माना जा रहा है, इस विस्तार से यकीनन देश में ईवी तक लोगों की पहुंच आसान हो जाएगी और ईवी के क्षेत्र में बहुत बड़ा विकास होने की संभावनाएं भी काफी हद तक बढ़ जाएंगी साथ ही ईवी के प्रति भरोसा और उसे अपनाने को मजबूती भी मिलेगी। कंपनी ने बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने की अपनी प्रतिबद्धता के चलते 3,200 से भी ज्यादा नये स्टोर्स को लॉन्च किया है, जो सर्विस सुविधाओं के साथ जुड़े हुए हैं। ऐसा कर कंपनी ने टियर-1 और टियर-2 शहरों के अलावा छोटे छोटे कस्बों और तहसीलों तक अपनी पहुंच को बड़ी गहराई से बढ़ाया है। इस विस्तार के साथ ओला इलेक्ट्रिक ने अपने #सेविंग वाला स्कूटर अभियान के तहत किए गए वादे को पूरा कर दिया है। भविष अग्रवाल ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि, हमने जो वादा किया था, उसे आज पूरा कर दिखाया है। भारत के ईवी के सफर में आज का दिन बहुत बड़ा है, क्योंकि हमने अपने नेटवर्क का विस्तार हर शहर, हर कस्बे और हर तालुका तक कर दिया है। हमारे नए स्टोर्स, जो सर्विस सेंटर्स के साथ जुड़े हैं, उन्होंने ईवी खरीदने और उसे इस्तेमाल करने के अनुभव को पूरी तरह से बदल दिया है। #सेविंग वाला स्कूटर अभियान के साथ हमने नए मानक स्थापित किए हैं। जैसे-जैसे हम उन्नत हो रहे हैं, हम इन्नोवेशन की सीमाओं को नया आयाम देने और देश को #EndICEAge की ओर तेजी से ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। S1 पोर्टफोलियो पर 25,000 तक का शानदार ऑफर्स ओला इलेक्ट्रिक ने अपने नेटवर्क के बड़े विस्तार के सुनहरे मौके पर S1 पोर्टफोलियो पर 25,000 रुपए तक के फायदे देने वाले आकर्षक ऑफर्स पेश किए हैं, जो कि सिर्फ 25 दिसंबर 2024 के खास दिन के लिए ही उपलब्ध हैं। साथ ही ग्राहक अपने नजदीकी नए ओला स्टोर पर जाकर S1 पोर्टफोलियो पर लगभग 7,000 रुपए तक की फ्लैट छूट का लाभ पा सकते हैं। इसके अलावा ग्राहक 18,000 रुपए तक के अतिरिक्त लाभ भी ले सकते हैं, जिसमें कुछ क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 5,000 रुपए और 6,000 रुपए के मूवओएस लाभ शामिल हैं।

## ई-कॉमर्स में उभर रही चुनौतियों से निपटने नये ऐप लॉन्च

**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता मामलों के विभाग ने उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ावा देने और भ्रामक ऑनलाइन प्रथाओं से निपटने के लिए नए ऐप लॉन्च किए। ये ऐप डिजिटल उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने और ई-कॉमर्स में उभर रही चुनौतियों से निपटेंगे। ये नये उपाय सरकार की उपभोक्ता सशक्तिकरण और डिजिटल परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हैं। इन ऐप के माध्यम से केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की क्षमता काफी बढ़ जायेगी और उसे डार्क पैटर्न्स के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर ग्राहकों की रक्षा करने में सहायता मिलेगी। जागो ग्राहक जागो ऐप उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में आवश्यक ई-कॉमर्स जानकारी प्रदान करता है और उन्हें सचेत करता है कि कोई यूआरएल असुरक्षित हो सकता है और सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार, सोना व चांदी के भाव में बदलाव नहीं



**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में क्रिसमस के मौके पर सपाट कारोबार होता नजर आ रहा है। सोने और चांदी के भाव में आज भी बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,500 रुपये से लेकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,050 रुपये से लेकर 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# झारखंड की शिवानी किस्कू व अनिमा एंद को कृषि के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए किया गया सम्मानित




**रांची :** पेप्सिको इंडिया द्वारा लॉन्च किया गया रेवोल्यूशनारी अवार्ड्स कृषि क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने वाला एक अनूठा प्लेटफॉर्म है
पश्चिम बंगाल की दो प्रेरक महिलाओं को कृषि क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए किया गया सम्मानित।
पेप्सिको इंडिया के पहले रेवोल्यूशनारी पुरस्कार 2024 में झारखंड की शिवानी किस्कू को इन्नोवेशन इन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर श्रेणी में जबकि अनीमा ऐंद को कृषि में युवा इन्नोवेटर्स के रूप में सम्मानित किया गया। विजयी महिलाओं को मुख्य अतिथि डॉ. राज भूषण चौधरी, माननीय जल शक्ति राज्य मंत्री, भारत सरकार एवं श्रीमती स्मृति ईरानी, पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पुरस्कार प्रदान किये। शिवानी के बारे में- रिजनरेटिव कृषि की वकालत करने वाली शिवानी बहु-स्तरीय फसल तकनीक में अग्रणी हैं, जो कई फसलों को एक साथ उगाने, पानी के उपयोग को अनुकूलित करने, मिट्टी के स्वास्थ्य को संरक्षित करने, छाया बढ़ाने और जैव विविधता को बढ़ावा देने की अनुमति देती है। उनके जमीनी प्रयासों ने झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के 50 ब्लॉक में 1,000 से ज्यादा किसानों को पारंपरिक कृषि विधियों से टिकाऊ, रिजनरेटिव प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया है- इनमें से कई भी महिलाएं शामिल हैं।

## आकाश के स्पार्कल को जोमैटो व जेरोधा से मिली सहायता

**आकाश** एजुकेशनल सर्विसेज के प्रमोटर आकाश चौधरी को अपने नए वेंचर स्पार्कल एडवेंचर के लिए जोमैटो के दीपिंदर गोयल और जेरोधा के नितिन कामथ से सहायता मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार कामथ का रेनमैटर फंड, जो फिनटेक और सस्टेनबिलिटी पर अपने फोकस के लिए जाना जाता है, गोयल के साथ 4 मिलियन डॉलर के सीड फंडिंग राउंड में भाग ले रहा है। एडिशनल मार्की निवेशकों के भी इस राउंड में शामिल होने की उम्मीद है। आकाश ने इस साल अक्टूबर में मेरिटनेशन डॉट कॉम के संस्थापकों पवन चौहान और रितेश हेमराजानी के साथ साझेदारी में स्पार्कल लॉन्च किया। मेरिटनेशन, एक एडटेक प्लेटफॉर्म है, जिसे चौधरी के फैमिली बिजनेस, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने साल 2020 में अधिग्रहित किया था। यह इस सहयोग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। यह वेंचर 2021 में एईएसएल की बायजू को 950 मिलियन डॉलर की ऐतिहासिक बिक्री के बाद है, जो भारत के सबसे बड़े एडटेक सौदों में से एक है।

# कंपनियां करें कॉलिंग-एमएसएस पर फोकस, सस्ते रिचार्ज का मिलेगा ऑप्शन




**नयी दिल्ली :** जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल यूजर्स को जल्द ही सस्ते रिचार्ज का ऑप्शन मिल सकता है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स से कंज्यूमर्स के लिए कॉलिंग और एमएसएस फोकस प्लान्स लॉन्च करने के लिए कहा है, जिसमें वैलिडिटी भी मिलती हो। टेलीकॉम ऑपरेटर्स के पोर्टफोलियो पर नजर डालें तो इसमें सभी प्लान्स डेटा पर फोकस्ड मिलते हैं यानी इसमें कॉलिंग, एसएमएस और डेटा तीनों मिलता है। ऐसे में कई यूजर्स जिन्हें डेटा नहीं चाहिए होता है, उन्हें भी डेटा के लिए भुगतान करना पड़ता है। इस तरह का प्लान ना होने की वजह से जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के यूजर्स को अपना सिम एक्टिव रखने के लिए हर महीने करीब 200 रुपए खर्च करने होते हैं। वहीं कुछ ऐसे यूजर्स भी हैं, जिन्हें लॉन्ग टर्म प्लान्स चाहिए होता है। आपको ऐसा लॉन्ग टर्म प्लान नहीं मिलेगा, जो सिर्फ कॉलिंग और एसएमएस पर फोकस्ड करता हो। ट्राई ने 23 दिसंबर को जारी अपने आदेश में कहा कि टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को ऐसे एसटीवी जारी करने होंगे, जो सिर्फ वॉयस कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा के साथ आते हों, जिससे कंज्यूमर्स सिर्फ उस सर्विस के लिए ही भुगतान करें, जो वह यूज करते हैं। इसका टेलीकॉम कंपनियों के कारोबार पर बड़ा असर पड़ेगा। ट्राई ने पहले भी इस पर कंपनियों से सुझाव मांगा था, जिसमें टेलीकॉम कंपनियों ने इसका विरोध किया था। कंपनियों का कहना था कि इस तरह के किसी नए प्लान की जरूरत नहीं है। कंज्यूमर्स के लिए ऐसे प्लान्स पहले से ही मौजूद हैं। बता दें कि टेलीकॉम कंपनियों ने कुछ साल पहले ही लाइफटाइम फ्री इनकमिंग की सुविधा खत्म कर दी है। इसके बाद ग्राहकों को अपना सिम कार्ड एक्टिव रखने के लिए हर महीने मिनिमम रिचार्ज करना होता है। वहीं इस साल जुलाई में टेलीकॉम कंपनियों ने अपने रिचार्ज प्लान्स की कीमतों में भी वृद्धि की है। इसकी वजह से कंज्यूमर्स को करीब 200 रुपए हर महीने सिर्फ सिम एक्टिव रखने के लिए खर्च करने होते हैं। वहीं सभी प्लान्स में डेटा दिया जाता है। ऐसे में जिन यूजर्स को डेटा की जरूरत नहीं होती है, उन्हें भी इस सर्विस के लिए भुगतान करना पड़ता है। वहीं बीएसएनएल में 30 दिनों का प्लान 147 रुपए का आता है, जिसमें यूजर्स को कॉलिंग और एसएमएस के साथ 10 जीबी डेटा मिलता है। ऐसे यूजर्स जिन्हें इस डेटा की जरूरत नहीं है, उन्हें भी इसके लिए भुगतान करना होता है।

## पेज एक के शेष

**सबसे पहले नदी जल का महत्व बाबा साहब ने समझा, कांग्रेस ने कभी उन्हें क्रेडिट नहीं दिया : प्रधानमंत्री...**

वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री ने अटल जी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।
प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में अपने सम्बोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी भाषा से की। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में क्रिसमस की धूम है। मैं देश और दुनिया भर में उपस्थित ईसाई समुदाय को क्रिसमस की ढेर सारी बधाई देता हूं। मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार का एक साल पूरा हुआ है। मध्य प्रदेश के लोगों को, भाजपा के कार्यकताओं को मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस एक वर्ष में मध्य प्रदेश में विकास को नयी गति मिली है। आज भी यहां हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरूआत हुई है। आज ऐतिहासिक केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास हुआ है। ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट का भी लोकार्पण हुआ है और यह मध्य प्रदेश का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अटल जी की जयंती है। आज अटल जी के जन्म के सौ साल हो रहे हैं। अटल जी की जयंती का यह पर्व, सुशासन की हमारी प्रेरणा का भी पर्व है। देश में जब-जब भाजपा को जहां-जहां सेवा करने का मौका मिला है, हमने पुराने रिकॉर्ड तोड़ कर काम किया है। आजादी के दिवानों ने जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने के लिए हम दिन रात पसीना बहा रहे हैं। अतीत में कांग्रेस सरकारें, घोषणाएं करने में माहिर हुआ करती थीं। घोषणाएं करना, फीता काटना, दीया जलाना, अखबार में तस्वीर छपवा देना... उनका (कांग्रेस) काम वहीं पूरा हो जाता था और उसका फायदा लोगों को नहीं मिल पाता था। उन्होंने कहा कि मप्र में 1100 से अधिक अटल ग्राम सेवा सदन के निर्माण का काम आज से शुरू हो रहा है। इसके लिए पहली किस्त जारी की गयी है। अटल ग्राम सेवा सदन गांवों के विकास को नयी गति देंगे।
उन्होंने कहा कि सुशासन का मलतब भी यही है कि अपने ही हक के लिए नागरिकों को सरकार के सामने हाथ न फैलाना पड़े, सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। यही तो शत प्रतिशत लाभार्थी को शत प्रतिशत लाभ से जोड़ने की हमारी नीति है। सुशासन भाजपा सरकारों की पहचान है। देश की जनता ने लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनायी। मप्र में आप सभी लगातार भाजपा को चुन रहे हैं। इसके पीछे सुशासन का भरोसा ही सबसे प्रबल है। दशकों तक मध्य प्रदेश के किसानों, माताओं और बहनों ने बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष किया, क्योंकि कांग्रेस ने कभी जल संकट के स्थाई समाधान के लिए सोचा ही नहीं। जब देश में अटल जी की सरकार बनी, तब उन्होंने पानी से जुड़ी चुनौतियों को हल करने के लिए गम्भीरता से काम शुरू किया था, लेकिन 2004 में जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनी, कांग्रेस ने अटल जी के सभी प्रयासों को ठंडे बस्ते में डाल दिया।
प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सात दशक बाद भी देश के अनेक राज्यों के बीच पानी को लेकर कुछ न कुछ विवाद है। जब पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक, कांग्रेस का राज था, तब ये विवाद आसानी से सुलझ सकते थे, लेकिन कांग्रेस की नीयत खराब थी, इसलिए उसने कभी भी ठोस प्रयास नहीं किये। बीता दशक भारत के इतिहास में जल-सुरक्षा और जल संरक्षण के अभूतपूर्व दशक के रूप में याद किया जायेगा। केन्द्र सरकार भी लगातार प्रयास कर रही है कि देश-विदेश के सभी पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ें, यहां आना-जाना आसान हो। विदेशी पर्यटकों के लिए हमने ई-वीजा जैसी योजनाएं बनायी हैं।

**प्रधानमंत्री आज वीर बाल दिवस कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा, सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान करेंगे लॉन्च...**

संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कई पहल की जायेंगी। माईगंव और माईभारत पोर्टल के माध्यम से इंटरैक्टिव क्विज सहित ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की एक शृंखला आयोजित की जायेगी। स्कूलों, बाल देखभाल संस्थानों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में कहानी सुनाना, रचनात्मक लेखन, पोस्टर बनाना जैसी दिलचस्प गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।
कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के पुरस्कार विजेता भी उपस्थित रहेंगे।

**अमित शाह ने 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का किया उद्घाटन...**

साथ ही कारगिल युद्ध में विजय दिलायी। उन्होंने आदिवासी समुदाय के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। शाह ने कहा कि जब देश में बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता नहीं दी जा रही थी, तब उन्होंने स्वर्णिम चतुर्भुज मार्ग की शुरूआत की। देश के सभी गांवों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की। पहली बार देश की सभी भाषाओं को महत्त्व देकर भाषाओं के लम्बे जीवन के लिए संरेखित प्रयास किया।

**रक्षा सचिव ने 'राष्ट्र पर्व' वेबसाइट और मोबाइल ऐप का किया शुभारम्भ...**

गणतंत्र दिवस समारोह के दर्शकों ने फीडबैक में सुझाव दिया था कि उनके पास कार्यक्रम, परेड, झांकी आदि की जानकारी हो। इसलिए इन सभी सुझावों को शामिल करके राष्ट्र पर्व वेबसाइट विकसित की गयी है।

**हरियाणा में भूकम्प के झटके, सोनीपत रहा केन्द्र...**

रोहतक के सेक्टर-4 समेत अन्य इलाकों में रहने वाले लोगों ने तेज झटकों के बाद एक-दूसरे को अलर्ट किया। कुछ जगहों पर लोग पार्क और खुले स्थानों में जमा हो गये।
सोनीपत से मिली जानकारी के अनुसार गांव कुंडल में चौपाल में बैठे लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। झटके महसूस होते ही उन्होंने शोर मचा कर लोगों को घरों के बाहर खुले मैदान में एकत्र कर लिया। पशुओं ने भी भूकम्प के झटके महसूस किये और कई पशु चिल्लाने लगे। ग्रामीणों ने पशुओं की रस्सी खोल कर उन्हें भी खुले में छोड़ दिया। करीब आधे घंटे बाद स्थिति सामान्य हुई तो लोग पुनः अपने घरों व कामकाज पर लौटे।
औद्योगिक नगरी पानीपत के भी कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकम्प के कारण उद्योगों में काम कर रहे कारीगर बाहर निकल आये। पानीपत में कुछ समय के लिए उद्योगों में चल रही मशीनें व अन्य कामकाज बंद कर दिया गया। लोगों को जब यह अहसास हुआ कि अब दोबारा भूकम्प के झटके नहीं आयेंगे, तब वे अपने काम पर लौटे।

**बुटी बस्ती से हथियार समेत युवक धराया...**

पूछने पर उसने बताया कि वह यह देशी कट्टा एवं गोली को औरंगाबाद, बिहार से लाया है, जिसका उपयोग राहगीरों को हथियार का भय दिखा कर छिनताई की घटना करने के फिराक में था। इस सम्बन्ध में सदर थाना काण्ड संख्या 557/2024, दिनांक 24.12.2024, धारा 25 (1-इ)/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया।
छापामारी टीम से शामिल पुलिस पदाधिकारी
- कुलदीप कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, सदर, रांची।
- श्री निर्भय, पुअनि, सदर थाना, रांची।
- जमील अंसारी, पुअनि सदर थाना, रांची।
विकाश प्रसाद, पुअनि सदर थाना, रांची।
- सत्येन्द्र कुमार सिंह, सअनि, सदर थाना, रांची।
- 80-383 नवीन उरांव।
- आरक्षी - 3651 सुनिल बाखला ।
- आरक्षी 941 भोला भगत।
- आरक्षी 63 संतोष कुमार।
- आरक्षी - 1610 संतोष कुमार यादव।

**शुभेंदु अधिकारी पर आतंकी हमले का खतरा...**

आये हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में कुछ स्थानीय युवाओं से मुलाकात की। इन बैठकों में धार्मिक मुद्दों पर चर्चा के बाद इन युवाओं को सीमावर्ती क्षेत्रों में स्लीपर सेल खोलने के लिए प्रेरित किया गया।
इन बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान रिदवान मारूफ और सब्बीर आमिर के रूप में हुई है। पश्चिम बंगाल पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां इन गतिविधियों पर नजर बनाये हुए हैं। राज्य सरकार ने अपने खुफिया विभाग को सतर्क रहने और सभी आवश्यक सुरक्षा कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। इस ताजा अलर्ट के बाद राज्य और केन्द्र की सुरक्षा एजेंसियां तमाम सतर्कता भारत रही हैं।

**एनडीए घटक दलों के नेताओं ने की बैठक...**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार सभी के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य के लिए विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।
बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, टीडीपी नेता एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, जनता दल सेक्युलर नेता एचडी कुमार स्वामी, अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल, राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता उपेंद्र कुशवाहा, जनता दल (यू) नेता लल्लन सिंह और अन्य घटक दलों के नेता मौजूद रहे।
माना जा रहा है कि बैठक में आंबेडकर पर गृह मंत्री के बयान, एक देश एक चुनाव, वक्फ संशोधन विधेयक सहित अन्य मुद्दों पर घटक दलों के नेताओं ने चर्चा की।

**असम पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, कोकराझार से दो संदिग्ध गिरफ्तार...**

कहा कि हम देश को क्षति नहीं होने देंगे। जिहादी दिवाली के पटाखों से विस्फोटक बनाते थे। गिरफ्तार जिहादियों के बांग्लादेश और पाकिस्तान से सम्बन्ध हैं। एसटीएफ बल के प्रमुख पार्थ सारथी महंत की निगरानी में ऑपरेशन को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार संदिग्धों की पहचान अब्दुल जहीर शेख और सब्बीर मिर्धा के रूप में की गयी है। एसटीएफ ने चार हस्तनिर्मित एके सीरीज राइफलें, एके सीरीज राइफलों के साथ मैचिंग राइफलें, 34 जिंदा कारतूस, 24 खाली कारतूस, जिंदा अनप्रिम्ड कॉर्टेक्स की एक जोड़ी के साथ आईईडी, हस्तनिर्मित विस्फोटक के साथ ग्रेनेड, कृषि उपयोग में होनेवाली सामग्री से बने डेटोनेटर, 14 इलेक्ट्रानिक स्वीच, आईईडी तैयार करने के लिए रखे तीन लोर केस, पटाखा से तैयार तार तथा विस्फोटक आदि बरामद किया।
एसडीजीपी ने यह भी बताया कि एसटीएफ के ऑपरेशन से असम में इस तरह के हमले की योजना को नाकाम करने में कामयाबी मिली है।

## एक झलक

### अजरबैजान एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त

**बाकू** : अजरबैजान एयरलाइंस का एक विमान, जो बाकू से रूस के लिए उडा था,तकनीकी खराबी के चलते कजाकिस्तान में आपातकालीन लैंडिंग करने की योजना बनाते समय एयरपोर्ट से करीब तीन किलोमीटर दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 66 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि छह लोग बच गए। दुर्घटना के समय क्षेत्र में घना कोहरा था, जिससे लैंडिंग में कठिनाई हुई। विमान एयरपोर्ट से लगभग तीन किलोमीटर दूर क्रैश लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दुर्घटना के बाद, बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर जीवित बचे लोगों को अस्पताल पहुंचाया।

### रुस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल, एक की मौत

**कीव** : यूक्रेन के शहर क्रिवी रिह में रुस सेना ने एक आवासीय इमारत पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कर दिया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों जानकारी देते हुए बताया कि क्रिवी रिह शहर के गवर्नर ने कहा कि हमले में कम से कम 11 लोग घायल हुए हैं। इस हमले में चार मंजिला इमारत ढग गई और मलबे के नीचे कई लोग फंसे गए। सोशल मीडिया पर पोस्ट वीडियो से पता चला कि इमारत का एक तरफ का हिस्सा करीब पूरी तरह ढह गया है। यह हमला तब हुआ जब यूक्रेन 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाने की तैयारी कर रहा था।

### हैती के अस्पताल में कवरेज कर रहे पत्रकारों पर हमला

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस** : पोर्ट-ऑ-प्रिंस के सरकारी अस्पताल के फिर खुलने के मौके पर आयोजित समारोह में एक गिरोह ने हमला कर दिया जिसमें दो पत्रकारों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के करीब 85 फीसदी हिस्से पर कुछ गिरोहों ने कब्जा कर लिया है और उन्होंने इस साल की शुरूआत में सरकारी अस्पताल को बंद कर दिया था। अधिकारियों ने अस्पताल को फिर से खोलने का आश्वासन दिया था, लेकिन जब पत्रकार कवरेज करने वहां जमा हुए तो संदिग्ध गिरोह के सदस्यों ने उन पर गोलियां बरसा दीं जिसमें दो पत्रकारों की मौत हो गई मृत पत्रकारों की पहचान मार्केंजी नाथूक्स और जिमी जीन के रूप में हुई है। हमले में कई और पत्रकार भी घायल हुए हैं।

# नौसेना के बेड़े में शामिल होंगे दो स्वदेशी युद्धपोत व पनडुब्बी 'वाग्शीर'

■ हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने को नौसेना तैयार





एजेंसी

**नयी दिल्ली** : हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की लगातार बढ़ती पैठ का मुकाबला करने को भारत अपनी समुद्री लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए नौसेना के बेड़े में अगले महीने दो स्वदेशी युद्धपोत और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल करने के लिए तैयार है। नए युद्धपोतों में सबसे बड़ा निर्देशित मिसाइल विध्वंसक सूरत और स्टील्थ फ्रिगेट नीलगिरि हैं, जो इसी माह नौसेना को सौंपे जा चुके हैं। इस बीच रूस में निर्मित नया युद्धपोत आईएनएस तुशील भी स्वदेश आएगा। नौसेना के बेड़े में शामिल होने वाली वाग्शीर भारतीय नौसेना की छठी और कलवरी श्रेणी की अंतिम पनडुब्बी है। आईएनएस वाग्शीर का नाम रेत मछली के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर में गहरे समुद्र में रहने वाली एक शिकारी मछली है। पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है और यह नौसेना टास्क फोर्स के अन्य घटकों के साथ अंतर-संचालन योग्य है। पनडुब्बी वाग्शीर का विस्थापन 1,600 टन होगा, जिनमें सभी घातक प्रहार के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। सूरत और नीलगिरी को पिछले हफ़्ते मुंबई स्थित मझगांव डॉक्स (एमडीएल) ने नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना को मिला जहाज 'सूरत' 35 हजार करोड़ रुपये की परियोजना 15 बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का चौथा और अंतिम है। इससे पहले पिछले तीन वर्षों में इसी प्रोजेक्ट के तीन जहाजों विशाखापत्तनम, मोरमुगाओ और इम्फाल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा चुका है।

सूरत की डिलीवरी भारतीय नौसेना की स्वदेशी विध्वंसक निर्माण परियोजना का समापन है। इस परियोजना की शुरूआत 2021 में हुई थी। कुल 7,400 टन वजन और 164 मीटर की लंबाई वाला निर्देशित मिसाइल विध्वंसक होने के नाते आईएनएस सूरत शक्तिशाली और बहुमुखी प्लेटफॉर्म है, जो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जहाज रोधी मिसाइलों और टॉरपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस है। इसने अपने समुद्री परीक्षणों के दौरान 30 नॉट्स (56 किमी/घंटा) से अधिक की गति हासिल की है। यह स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय नौसेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत है, जो नौसेना की परिचालन दक्षता को कई गुना बढ़ाएगा।

नौसेना को सौंपा गया फ्रिगेट नीलगिरि प्रोजेक्ट 17 ए स्टील्थ का पहला जहाज है। इस योजना के सात जहाज एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में बनाए जा रहे हैं। ये बहु-मिशन फ्रिगेट भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और अपारंपरिक दोनों तरह के खतरों से 'ब्लू वाटर' में मुकाबला करने में सक्षम हैं।

### पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी पनडुब्बी है आईएनएस वाग्शीर

**आईएनएस** वाग्शीर (एस 26) भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी पनडुब्बी है। यह स्कॉर्पीन श्रेणी पर आधारित एक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जिसे फ्रांसीसी नौसेना रक्षा और ऊर्जा समूह नेवल ग्रुप ने डिजाइन किया है और मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड ने निर्मित किया है। इसमें दुश्मन के राडार से बचने, क्षेत्र की निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, पानी के अंदर या सतह पर एक ही समय में 18 टारपीडो और ट्यूब-लॉन्च एंटी-शिप मिसाइलों के साथ सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग करके दुश्मन पर विनाशकारी हमला करने की क्षमता है। स्टील्थ प्रौद्योगिकी सक्षम कलवरी श्रेणी की यह पनडुब्बी 221 फीट लंबी, 40 फीट ऊंची है। समुद्र की सतह पर इसकी गति 20 किमी प्रति घंटा और नीचे 37 किमी प्रति घंटा है। इसमें 50 दिनों के लिए 350 मीटर पानी के नीचे डूबने की सीमा है।

# क्वांटम प्रौद्योगिकियों में भारत का पहला यूजी माइनर कार्यक्रम लांच



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के तहत राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) के सहयोग से क्वांटम प्रौद्योगिकियों में स्नातक (यूजी) माइनर कार्यक्रम लांच किया। इस पहल का उद्देश्य क्वांटम क्रांति के लिए भारत के कार्यबल को तैयार करना है, जिससे देश को अत्याधुनिक क्वांटम नवाचार में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित किया जा सके।

कार्यक्रम में एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम, भारत सरकार के डीएसटी के सचिव प्रो. अभय करंदीकर, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के मिशन गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के प्रो. ए.के. सूद और करिकुलम ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष प्रो. अरिंदम घोष मौजूद रहे। क्वांटम टेक्नोलॉजीज में यूजी माइनर प्रोग्राम क्वांटम ईकोसिस्टम की रणनीतिक और मल्टीडिसिप्लिनरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा और उद्योग जगत के बीच के अंतर को पाटने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके चार वर्टिकल, क्वांटम कम्प्यूटेशन एंड सिमुलेशन, क्वांटम कम्युनिकेशन एंड क्रिप्टोग्राफी, क्वांटम सेंसिंग एंड क्वांटम मैटिरियल्स और डिवाइसेज हैं।

कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएंः छात्र 30 से अधिक क्रेडिट के पूल से 18 क्रेडिट का चयन कर सकते हैं, जिससे संस्थानों को अपने संसाधनों के अनुसार कार्यक्रम को अनुकूलित करने की सुविधा है। सभी इंजीनियरिंग विषयों के छात्र यह कार्यक्रम तीसरे या चौथे सेमेस्टर से शुरू कर सकते हैं। परियोजना आधारित शिक्षा होने के कारण छात्र व्यावहारिक अनुप्रयोग और हैंड्स ऑन अनुभव ले सकते हैं।

### शिमला के ईडी दफ्तर में सीबीआई का छापा

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शिमला स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर में अचानक छापेमारी की। यह छापेमारी ईडी के एक अधिकारी से जुड़े पुराने रिश्वतखोरी के मामले की जांच के सिलसिले में की गई। सीबीआई की टीम ने ईडी के दफ्तर में रिकार्ड भी खंगाले। सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी सीबीआई की चंडीगढ़ शाखा ने की। कार्रवाई ईडी के एक अधिकारी के खिलाफ रिश्वत लेने के आरोपों की पुष्टि और साक्ष्य जुटाने के लिए की गई। ईडी के जिस अधिकारी पर रिश्वत के आरोप हैं, वो बड़े औहदे पर तैनात बताया गया है।

### महिलाओं को 2100 रुपये देने के नाम पर दिल्ली सरकार कर रही फर्जीवाड़ा : भाजपा



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली में महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह दिए जाने से जुड़ी महिला सम्मान योजना पर अब प्रश्नचिह्न लग गया है। योजना के बारे में आज दिल्ली के अखबारों में छपी सार्वजनिक सूचना ने राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की शुरूआत कर दी है। सूचना के अनुसार इस तरह की कोई योजना नहीं है और आम आदमी पार्टी की ओर से कराया जा रहा पंजीकरण एक तरह का फजीर्वाड़ा है। भाजपा का कहना है कि केजरीवाल की आआपा डिजिटल फजीर्वाड़ा कर रही है। दिल्ली के अखबार में छपी महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से दी गई सार्वजनिक सूचना से राज्य की सियासी राजनीति में भूचाल आ गया है। भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी को निशाना बना रहे हैं। भाजपा का कहना है कि आतिशी सरकार ने जिस योजना को अभी तक लागू नहीं किया, उस महिला सम्मान योजना के रजिस्ट्रेशन के नाम पर दिल्ली की महिलाओं के साथ छल किया जा रहा है।

## रोपवे परियोजना के खिलाफ कटरा में 72 घंटे का बंद शुरू, प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया



एजेंसी

**रियासी** : जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया क्योंकि प्रस्तावित रोपवे परियोजना को रोकने की मांग तेज हो गई है और शहर में बुधवार से 72 घंटे का बंद रखा गया है। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बंद का आह्वान किया है और कहा है कि विरोध के दौरान कटरा में सभी गतिविधियाँ निलंबित रहेंगी।

समिति के नेता भूपिंदर सिंह और सोहन चंद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कस्बे में विरोध मार्च निकाला और श्राइन बोर्ड तथा प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए तथा उन पर अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। हालांकि जब पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका तो दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सिंह और चंद समेत कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया और प्रदर्शन स्थल से पुलिस वाहन में ले गए। सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार मुद्दे को पटरी से उतार रही है और कटरा के लोगों को सड़कों पर आने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा कि हम हजारों लोगों की नौकरियां बचाने के लिए इस परियोजना को बंद करने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने हमसे बातचीत करने का वादा किया था लेकिन इसके बजाय वे हमें हिरासत में लेने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### संभल में छठे दिन जारी रहा एएसआई का सर्वे

**मुरादाबाद** : उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी तहसील क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे बुधवार को लगातार छठे दिन जारी रहा।

एएसआई अधिकारियों के निर्देशन में चंदौसी नगर पालिका परिषद के 50 कर्मियों की टीम करीब 150 साल पुरानी बावड़ी की खुदाई में जुटी है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि एएसआई की टीम के निर्देशन में बावड़ी का राज खोलने के लिए नगर पालिका के 50 लोगों की टीम कार्य में लगी है। यह खुदाई कब तक चलेगी, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि इसके ढांचे पर जेसीबी मशीन नहीं चल सकती और श्रमिकों से काम कराया जा रहा है।

## इवेंट में देखने लायक था माधुरी दीक्षित का अंदाज

एजेंसी

**मुंबई** : हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित एनमैक में अपने पति श्रीराम नेने के साथ आर्ट कैफे की लॉन्च पर आईं, तो उनका अंदाज देखने लायक था। जहां गुलाबी रंग की स्टनिंग आउटफिट में वह बेहद ग्लैमरस लगीं और सारी लाइमलाइट लूट ली। हसीना ने यहां स्टाइल के साथ ही एलिगेंस और क्लास का परफेक्ट कॉम्बिनेशन दिखाया। जिसे देख हर कोई उन पर लट्टू हो गया। कभी माधुरी साड़ी पहन सोने के गहनों में लदकर या बॉसी लुक अपनाकर अपनी अदाओं से दूसरी हसीनाओं को मात दे जाती हैं, तो इस बार उन्होंने तानिया खनूजा की ऑफ शोल्डर ड्रेस पहन कहर ढाया। जिसकी कीमत इंटरनेट पर 72,800 रुपये दी गई है। वहीं, उन्हें कंपनी देते मिस्टर नेने वाइट शर्ट और ब्लैक सूट- बूट में काफी डैशिंग लगे। जिसके ब्लेजर पर हुआ डिजाइन इसे यूनिक लुक दे रहा, तो वह माधुरी के स्टाइल को कॉम्प्लिमेंट कर गए। माधुरी की इस ड्रेस के अपर पोर्शन को पिंक कलर के साटन फैब्रिक से बनाया गया है। जिसे ऑफ शोल्डर लुक देकर प्लंजिंग नेकलाइन बनाई और बैक पर भी नेकलाइन को स्टाइलिश लुक दिया। वहीं, स्कर्ट पर थ्रेड से की गई डीटेलिंग कमाल की लगी। जिसमें बैक साइड में स्लिट कट दिया, जिससे वॉक करने में आसानी हुई।

अपने इस स्टाइलिश लुक को माधुरी ने मिनिमल एक्सेसरीज के साथ स्टाइल किया, जिन्होंने लुक को इनहैंस कर गया।



## लेड मानव जीवन व पर्यावरण के लिए खतरा : डॉ. प्रेम कुमार



■ लेड की समस्या व समाधान को लेकर पटना में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी

**पटना** : प्योर अर्थ एवं स्टेनफोर्ड विश्वविधालय के तत्वावधान में लेड एक्सपोजर इम्पैक्ट एवं सॉलूशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पनाश होटल गांधी मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन सहकारिता एवं जलवायु वन व पर्यावरण विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि लेड मानव जीवन व पर्यावरण के लिए खतरा है। इसे कम करने के लिए कृषि, स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यावरण व खाद्य प्रसंस्करण बिभाग को साथ मिल कर कार्य करने की जरूरत है एवं प्योर अर्थ और सहयोगी संस्था द्वारा कमिटी गठन के प्रस्ताव को जल्द से जल्द स्वीकृति दी जाये।

महावीर कैंसर संसथान के प्रोफेसर व हेड ऑफ डायरेक्टर डॉ. अशोक घोष ने कहा कि लेड की मात्रा खाद्य पदार्थ में अधिक होने के कारण कैंसर मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। यह गम्भीर चिन्ता का विषय है। राज्य सरकार को इसकी जांच के निमित्त गम्भीरतापूर्वक निर्णय लेना चाहिए।

प्योर अर्थ के कंट्री डायरेक्टर देबानजना चौधरी ने कहा कि बिहार को लेड मुक्त करने के लिए राज्य सरकार को इंटर डिपार्टमेंटल पैनल समिति बना कर सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिल कर जमीनी स्तर पर कार्य करने की जरूरत है।

सुरेन्द्र रॉय, ओ.एस डी, स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा विभाग ने कहा कि प्योर अर्थ का लेड फ्री करने का प्रयास काफी सराहनीय है और सभी विभागों को मिल कर इंटर डिपार्टमेंटल पैनल समिति द्वारा इसके समाधान हेतु काम करने की जरूरत है।

एस. चंदरशेखर चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट ने सम्बोधित करते हुए ये कहा कि यह विषय बहुत ही गम्भीर है और इस पर साथ मिल कर बिहार को लेड से बचने के लिए काम करना चाहिए। आई.डी.यस.पी सेल, स्वास्थ्य विभाग की डॉक्टर रागिनी मिश्रा ने बताया कि प्योर अर्थ और सहयोगी संस्था स्टैनफोर्ड, वाइटल स्ट्रैटेजीस, महावीर कैंसर संस्था द्वारा जो भी अनुसन्धान लेड को लेकर अब तक हुई है, उसे जो इंटर डिपार्टमेंटल पैनल समिति द्वारा धरातल पर उतरा जाये, ताकि बिहार के सभी जिलों में कम से कम स्क्रीनिंग टेस्ट हो सके।

अम्ब्रीश कुमार चन्दन वाइटल स्ट्रैटेजीस ने कहा कि बिहार में जो भी शोध लेड पर किये गये हैं, वे काफी चिन्ता का विषय हैं। इसलिए, सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं को साथ लेकर स्क्रीनिंग टेस्ट और लैब स्ट्रेंथनिंग पर काम करना चाहिए, जिसमें स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की अहम भूमिका है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के जेना फोरसिथ ने हल्दी मिलावट के शोध एवं चिन्ताजनक स्थिति को विस्तारपूर्वक वीडियो के माध्यम से साझा किया और राज्य सरकार का इस मुद्दे के निमित्त आह्वान किया।




## विद्यालय की 25वीं वर्षगांठ पर सांस्कृतिक आयोजन



दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कंदरी चौक, मांडर परिसर में विद्यालय का 25 वां वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर राजेश दत्त ने विद्यालय की 25 वीं वर्षगांठ पर विद्यालय का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति ने अपने आशीर्वचन बच्चों एवं विद्यालय के परिवार को दिये। इससे बच्चे काफी खुश हुए। साथ ही, उनके मार्गदर्शन से लाभान्वित भी हुए। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम का सभी अभिभावकों एवं अतिथियों ने आनन्द उठाया।





फ्रीडम फाइटर
8210401562, 0651 3501612